
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-346 ❑ शनिवार, 20 जनवरी 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



संविधान की मूल प्रति में दिए गए चित्र भारत की 5000 साल पुरानी सभ्यता के लोकाचार की झलक पेश करते हैं।
उपराष्ट्रपति आज गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय के 72 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मौलिक अधिकारों के खंड में भगवान राम सीता और लक्ष्मण का चित्रण संविधान का अभिन्न अंग है।
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड

लाखों घरों में बिजली पहुंचा दी गई फिर भी देश में कोई लोड-शेडिंग नहीं : आरके सिंह 11

सऊदी अरब में फंसा उत्तरकाशी का मजदूर, विदेश राज्य मंत्री से लगाई गुहार 12


मुख्यमंत्री ने लोगों से की अपील- पैदल कतई न आएं, सभी का दायित्व-अव्यवस्था की स्थिति न बने

# 22 जनवरी भारत के विश्वास लोकआस्था व गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का दिन : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के तत्वावधान में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होना है। इसे लेकर संपूर्ण अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश व देश में उत्साह का माहौल है। कई शताब्दियों के बाद आने वाले इस पल के दर्शन कर श्रद्धालुओं को अंतःकरण से आनंद की अनुभूति होगी। यह भारत के विश्वास व लोकआस्था, गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि अभी तक जैसे सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुए हैं, वैसे ही 22 जनवरी का कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। जनता व आम जनमानस के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से इसे सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि समारोह की दृष्टि से अयोध्या में प्रशासनिक रूप से बाहर क्या व्यवस्थाएं हुई हैं। इसकी समीक्षा भी की गई है।

प्रदेश सरकार के मंत्रियों व स्थानीय प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं की कर ली तैयारी मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशासन व प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने पहले से ही सभी व्यवस्थाओं की तैयारी कर ली है। बेहतर तालमेल के जरिए



## पुनर्प्रतिष्ठा

- ❑ तीर्थ क्षेत्र न्यास की कार्ययोजना में सहयोग करेगी राज्य सरकार
- ❑ राज्य सरकार तैयार कर रही योजना- किसी को नहीं होगी असुविधा

लोकल स्तर पर न्यास से समन्वय, सुविधा, ट्रैफिक, सुरक्षा आदि के जरिए 22 जनवरी के ऐतिहासिक कार्यक्रम को भव्यता, दिव्यता, सुरक्षित व सुव्यवस्थित तरीके से कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शेष बचे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के बाद भी तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से श्रीरामलला के दर्शन के लिए जो भी कार्ययोजना तैयार होगी, उसके अनुसार राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर पूरा सहयोग करेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो, यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग दे रही है। टेंट सिटी, धर्मशाला, होटल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व प्रयागराज समेत अन्य शहरों से आने के लिए बेहतर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी को दिक्कत न हो। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सदी के बाद यह अवसर आया है। इसलिए हर किसी के मन में उमंग व उत्साह है। हर श्रद्धालु दर्शन करना चाहता है। जो भावनाएं आपके मन में हैं, वही हमारे मन में भी हैं। मेरी अपील है कि बेहतर तालमेल व समन्वय से दर्शन हो पाएगा। अयोध्या में किसी को भी परेशानी न होगी। भीषण शीतलहरी ● शेष पेज 11 पर

## अयोध्या: हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❑ गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने की तुलसी पीठाधीश्वर श्रीरामभद्राचार्य से मुलाकात
- ❑ योगी ने जाना हाल, अंगवस्त्र ओढ़ाकर श्रीरामभद्राचार्य को किया सम्मानित

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। पद्म पुरस्कार से सम्मानित श्रीरामभद्राचार्य के 75वें जन्मदिवस पर अयोध्या के काशीराम कॉलोनी के पास अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 14 जनवरी से शुरू हुआ है, जो 22 जनवरी तक निरंतर चलेगा। आयोजन के छठवें दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां पहुंचे। आयोजन स्थल पर चल रही 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए। योगी आदित्यनाथ ने आहुति देकर सुखी स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य का जाना हाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य के पास ● शेष पेज 11 पर

# सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को जोशीमठ के ढाक पहुंचे। रक्षा मंत्री ने यहां से भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बनाए गए पुल समेत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित देश के विभिन्न जगहों की 35 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। रक्षा मंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें उत्तराखंड में 03 ब्रिज, जम्मू-कश्मीर में 01 सड़क व 10 ब्रिज, लद्दाख में 03 सड़क व 6 ब्रिज, हिमाचल प्रदेश में 01 ब्रिज, सिक्किम में 02 सड़क, अरूणाचल प्रदेश में 08 ब्रिज तथा मिजोरम में 01 ब्रिज शामिल है।




❑ रक्षामंत्री राजनाथ ने 35 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में उपस्थित होने पर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज 670 करोड़ की लागत से 35 बीआरओ प्रोजेक्ट को राष्ट्र को समर्पित करना मेरे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से बीआरओ ने इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में जिस क्षमता से कार्य किया है, वह अभूतपूर्व है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय सुविधा बहाल की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की सोच अन्य सरकारों से अलग है। पहले की सरकारों के लिए बॉर्डर एरिया ● शेष पेज 11 पर

## ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एएसआई को मिला 25 जनवरी तक का समय

एजेंसी

वाराणसी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शुक्रवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक) की अदालत में ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। अदालत ने सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एएसआई को 25 जनवरी तक का समय दिया। ज्ञानवापी से संबंधित वर्ष 1991 के प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग लॉर्ड विश्वेश्वर के मुकदमे में इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के पालन के क्रम में एएसआई को ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करनी है। इस मुकदमे में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए जिला जज की



अदालत ने भी एएसआई को आदेश दिया है। मुकदमे के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने कहा है कि ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो जाएगा कि उस स्थान पर मंदिर था या नहीं। साथ ही मंदिर का अस्तित्व कब से है। वहीं, प्रतिवादी पक्ष धार्मिक स्थानों को लेकर आजादी के समय जो स्थिति थी, वही स्थिति बरकरार रहने देने का कानून लागू होने की बात कह रहा है। हाई कोर्ट ● शेष पेज 11 पर

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज का न होने पाए अनादर : गृह मंत्रालय

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों व केन्द्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज का अनादर न होने पाए। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को एक परिपत्र जारी किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के अवसरों पर जनता द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कागज से बने झंडों को फेंका न जाए। गृह मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के बाद झंडों का निपटान, झंडे की गरिमा के अनुरूप, निजी तौर पर किया जाना चाहिए, जिससे झंडे की गरिमा पर ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### अब 23 जनवरी से खुलेंगे प्रदेश के प्राइमरी स्कूल

लखनऊ। प्रदेश में अत्यधिक ठंड व शीतलहर को देखते हुए 20 जनवरी को भी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित कर दिया गया है। शासन ने कहा है कि 20 को बच्चे स्कूल नहीं आएंगे। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व अन्य कर्मचारी विद्यालय आकर अन्य प्रशासनिक काम व दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वहीं 21 को रविवार और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पहले से शासन ने अवकाश घोषित कर रखा है। इस तरह अब विद्यालयों में पठन-पाठन 23 जनवरी से शुरू होगा। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों में अगले आदेश तक विद्यालय सुबह दस से दोपहर तीन बजे तक चलेंगे। सुबह 10 से 10.15 बजे तक प्रार्थना सभा व योगाभ्यास होगा और दोपहर 12.15 से 12.35 बजे तक दोपहर का अवकाश होगा।

### केन्द्र सरकार ने आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सौंपी एसएसबी की कमान

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक की कमान सौंपी है। इस सम्बंध में केन्द्र सरकार ने एक आदेश जारी कर शुक्रवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर, 2025 तक के लिए दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी के महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि दलजीत सिंह चौधरी उत्तर प्रदेश के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्पेशल डायरेक्टर जनरल के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं।

### गडकरी ने कर्नाटक में सड़क विस्तार के लिए 343.74 करोड़ रुपये मंजूर किए

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि कर्नाटक में, एनएच-73 के मैंगलोर-मुदिगेरे-तुमकुर खंड के विस्तार के लिए 343.74 करोड़ रुपये का आवंटन मंजूर किया गया है। इसे पक्के सोल्डर के साथ 2-लेन सड़क में बदल दिया जाएगा। गडकरी ने कहा कि 10.8 किमी तक फैली यह परियोजना ईपीसी मोड के तहत क्रियान्वयन के लिए निर्धारित है। चुनौतीपूर्ण पहाड़ी और पहाड़ी परिदृश्यों, विशेष रूप से चार्माडी घाट पर यह पहल क्षेत्र में कनेक्टिविटी को काफी हद तक बढ़ाने के लिए तैयार है।

## ईडी ने 29-30 जनवरी के लिए लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को फिर से भेजा समन

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाला से जुड़े मनी लॉनड्रिंग मामले में लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर फिर से समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी जानकारी में बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस महीने के अंत में जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉनड्रिंग मामले की जांच के मामले में लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को पटना कार्यालय में उपस्थित होने के लिए नया समन जारी किया है। लालू प्रसाद को 29 जनवरी को पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को बुलाया गया है। जांच एजेंसी की टीम समन देने के लिए लालू प्रसाद




❑ एजेंसी ने मनी लॉड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए पटना दफ्तर बुलाया

यादव की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आधिकारिक आवास पर गई थी। समन के मुताबिक राजद प्रमुख और तेजस्वी यादव को पटना के बैंक रोड स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इस मामले में पूछताछ के लिए पूर्व में जारी समन पर दोनों पेश नहीं हुए थे। जमीन के बदले नौकरी घोटाला उस समय का है, जब लालू प्रसाद प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए वन) सरकार में रेल मंत्री थे।

## राम-सीता और लक्ष्मण संविधान के अभिन्न अंग : धनखड़

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भगवान राम सीता और लक्ष्मण को भारतीय संविधान का अंग बताते हुए शुक्रवार को कहा कि संविधान की मूल प्रति में दिए गए चित्र भारत की 5000 साल पुरानी सभ्यता के लोकाचार की झलक पेश करते हैं। उपराष्ट्रपति आज गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय के 72 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मौलिक अधिकारों के खंड में भगवान रामए सीता और लक्ष्मण का चित्रण संविधान का अभिन्न अंग है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा ऐसे प्रमुख खंड प्रसारित संस्करणों से बाहर हैं। ये चित्र हमारे संविधान का एक अभिन्न अंग हैं।श उन्होंने युवाओं को नवाचार में संलग्न होने और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उद्योगों को अनुसंधान और विकास के मामले में शैक्षणिक संस्थानों को संभालना चाहिए ताकि युवा प्रौद्योगिकियों के सकारात्मक पहलुओं का उपयोग करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि युवा राजनीतिक तंत्र के रूप में ● शेष पेज 11 पर

# प्राथमिकता के साथ पूर्वोत्तर का विकास कर रही है केन्द्र सरकार : शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सरकार एक्ट ईस्ट एक्ट फास्ट और एक्ट फर्स्ट के तीन मंत्रों के साथ पूर्वोत्तर में प्राथमिकता के साथ विकास कार्यों को गति दे रही है।

श्री शाह ने शुक्रवार को शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद के 71वें पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 75 वर्षों में से पिछले 10 वर्ष पूर्वोत्तर के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में ढांचागत सुविधाओं के निर्माण से पूर्वोत्तर और दिल्ली तथा शेष भारत के बीच की दूरी कम हुई है। साथ ही मन का अंतर भी कम हुआ है। कई प्रकार की नस्लीय भाषाओं सीमाओं और उग्रवादी गुटों से संबंधित समस्याओं से जूझते पूर्वोत्तर में इन 10 वर्षों में एक नए और शांति के लंबे युग की शुरूआत भी हुई है। उन्होंने कहा कि यह दशक निश्चित रूप से पूर्वोत्तर के स्वर्णिम युग के रूप में माना जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर परिषद ने स्थापना के 50 साल में पूर्वोतर के सभी राज्यों को नीतिविषयक प्लेटफॉर्म देकर इस क्षेत्र के विकास की गति को बढ़ाने और उनकी समस्याओं के समाधान को सरल बनाने का काम किया है। इन 50 वर्षों में इस क्षेत्र में लगभग 12000 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों का निर्माण हुआ है। 700 मेगावॉट बिजली संयंत्रों की स्थापना हुई है और राष्ट्रीय प्रतिभा के कई संस्थानों की स्थापना का काम भी हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर की भाषाए संस्कृति खानपान वेषभूषा और प्राकृतिक सुंदरता से वैश्विक पर्यटन में इस क्षेत्र को बहुत बढ़ावा मिलेगा। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज परिषद की ईयरबुक.2024 का विमोचन भी हुआ है। श्री शाह ने सभी राज्यों से सकल वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने का आग्रह किया और कहा कि मणिपुर असम नागालैंड और त्रिपुरा ने इस दिशा में अच्छा प्रयास किया है। उन्होंने ● शेष पेज 11 पर



## विकास

- ❑ पिछले 75 वर्षों में से पिछले 10 वर्ष पूर्वोत्तर के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं
- ❑ 10 सालों में ढांचागत सुविधाओं के निर्माण से पूर्वोत्तर और दिल्ली तथा शेष भारत के बीच की दूरी कम हुई है साथ ही मन का अंतर भी कम हुआ

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में बोइंग के सबसे बड़े परिसर का किया उद्घाटन

# बेंगलुरु आकांक्षाओं को नवाचार और उपलब्धि से जोड़ता है : प्रधानमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में नए अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) परिसर का उद्घाटन किया। 1,600 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित, 43 एकड़ का यह परिसर अमेरिका के बाहर बोइंग का सबसे बड़ा निवेश है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह नया सेंटर भारत और दुनिया भर में विमानन क्षेत्र को मजबूत करेगा। यह सेंटर नवाचार के केंद्र के रूप में काम करेगा और विमानन में प्रगति को आगे बढ़ाएगा। एक दिन भारत इस सुविधा में भविष्य के विमान डिजाइन करेगा। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु एक ऐसा शहर है, जो आकांक्षाओं को नवाचारों और उपलब्धियों से जोड़ता है। बेंगलुरु भारत की तकनीकी क्षमता को वैश्विक मांग से जोड़ता है। बोइंग का यह नया वैश्विक ● शेष पेज 11 पर



## उपलब्धि

❑ कार्यक्रम में लगे मोदी-मोदी के नारे, मंच पर मौजूद थे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया

### प्रधानमंत्री ने एनडीआरएफ को स्थापना दिवस की दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 19वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।
प्रधानमंत्री ने लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए बल की सराहना करते हुए कहा कि सबसे चुनौतीपूर्ण आपात स्थितियों में उनकी अद्वितीय बहादुरी और अथक प्रयास वीरता की सच्ची भावना को प्रदर्शित करते हैं।
प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, ल्लएनडीआरएफ के स्थापना दिवस पर, मैं इसके सभी बहादुर सदस्यों की सराहना करता हूं। सबसे ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ने संत वेमना की जयंती पर उन्हें याद किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 17वीं शताब्दी के संत वेमना की जयंती पर उन्हें याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि आज वेमना जयंती पर हम महायोगी वेमना के कालातीत ज्ञान को याद करते हैं। उनके छंद और गहन शिक्षाएं हमें सच्चाई, सादगी और आंतरिक शांति के जीवन की ओर मार्गदर्शन करते हुए प्रबुद्ध और प्रेरित करती रहती हैं। उनके व्यावहारिक कार्य दुनिया भर में गूंजते हैं और उनकी शिक्षाएं एक बेहतर ग्रह की तलाश में हमारे मार्ग को रोशन करती हैं। उल्लेखनीय है कि वेमना एक तेलुगु कवि और विचारक थे। उन्हें वेदों और योग ज्ञानोपदेश के लिए जाना जाता है। इनका जन्म आन्ध्र प्रदेश ● शेष पेज 11 पर

# दारा सिंह चौहान विधान परिषद सदस्य निर्वाचित



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। दारा सिंह चौहान विधान परिषद सदस्य निर्वाचित, विधान परिषद की रिक्त एक सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेता दारा सिंह चौहान निर्वाचित हो गए हैं। इस सीट पर ओंकारनाथ चौरसिया ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया था, नामांकन पत्र की जांच में उनके अभिलेखों में त्रुटि मिलने के कारण उनका पर्चा निरस्त हो गया है, जिसके बाद अब दारा सिंह चौहान निर्विरोध विधान परिषद सदस्य निर्वाचित हो गए हैं।

# 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' गीत की धूम, राममय हुई अयोध्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राम आंएगे तो अंगना सजाऊंगी। यह गाना इस समय सभी की जुबां पर है, इस भजन को मशहूर गायिका स्वाति मिश्रा ने गाया है। इस समय इस गीत की चारो तरफ गूंज है, हो भी क्यों न... क्योंकि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य-दिव्य मंदिर में आ रहे हैं। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। जिसको लेकर देशभर में उत्सव जैसा माहौल है। इस समय पूरी अयोध्या लघु भारत के रूप में राममय व भगवामय हो गई है। सभी प्रदेशों से आमंत्रित अतिथियों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो पूरा देश ही भगवामय हो गया हो। इस उत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में रामभक्त भी जी-जान से जुटे हुए हैं। इसको ध्यान में रखकर कारोबारियों ने भी तैयारियां कर रखी है। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का प्रतिरूप भी बाजार में उपलब्ध है। जिसको खरीदकर रामभक्त अपने-अपने घर ले जा रहे है। अपने अतिथियों को भी स्मृति चिह्न के रूप में भेंट कर रहे हैं। इसकी कीमत 150 रुपये से शुरू है। राममंदिर के प्रतिरूप को खरीदने के लिए भी लोग बाजार पहुंच रहे हैं। अयोध्या तो मानो भगवा पताका से पट गया हो, वैसे ही प्रदेश भर में भगवा पताका घर-घर, चौराहे-चौराहे सजे दिख रहे हैं। भगवा पताका का क्रेज युवाओं में अधिक है। बाजार में दुकानों पर बिकने के लिए भगवा पताकाएं आ गई हैं तो कुम्हार भी सर्दी के मौसम में मिट्टी गीली कर दीये बनाने में जुटे हैं, ताकि राम आएं तो उनके स्वागत में आंगन को दीयों से सजाया जा सके। कुम्हारों का कहना है कि भगवान श्रीराम की वजह से इस वर्ष फिर से दिवाली मनाने का मौका मिलेगा। बाजार में 20 रुपये से लेकर 400 रुपये तक का भगवा पताकाएं उपलब्ध हैं। दुकान स्वामियों के अनुसार, भगवा पताकाएं साइज के हिसाब से उपलब्ध है। एक फुट से लेकर 10 फुट तक की पताकाएं बाजार में आई हैं, जिनका रेट अलग-अलग है। बाइक और साइकिल के हैंडिल पर लगाने के लिए भगवा पताका मात्र 20 रुपये के हैं। जबकि घरों व प्रतिष्ठानों पर लगाने के लिए एक फुट की पताका 30 रुपये, दो फुट की 40 रुपये, तीन फुट की 80 रुपये, चार फुट की 150 रुपये, पांच फुट की 200 रुपये, छह फुट की 250 रुपये और 10 फुट की 400 रुपये की है। इनके अलावा जय श्रीराम लिखा हुआ बैनर भी है।

शाम्भवी पीठाधीश्वर स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने भगवा के महत्व को बताते हुए कहा कि केसरिया या भगवा रंग त्याग, बलिदान, ज्ञान, शुद्धता एवं सेवा का प्रतीक है। मान्यता है कि शिवाजी की सेना का ध्वज, राम, कृष्ण और अर्जुन के रथों के ध्वज का रंग केसरिया ही था।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में विघ्न डालने वाले राक्षस : स्वामी आनंद स्वरूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। शाम्भवी पीठाधीश्वर व शंकराचार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने राम मंदिर और उससे जुड़े आयोजनों का विरोध करने वाले, उस पर सवाल उठाने वालों को यज्ञ में विघ्न डालने वाला करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ है। जितने भी विघ्न उत्पन्न करने वाले हैं, सब राक्षस की श्रेणी में हैं। वह चाहे संत वेश में हों, नेता वेश में या फिर किसी अन्य वेश में हों। सब राक्षस हैं। इन्हें उसी दृष्टि से देखना चाहिए।

स्वामी आनंद स्वरूप ने हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि श्री राम जन्मभूमि स्थल पर बने भव्य मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा होने जा रही है। ऐसा लग रहा है कि भारत की प्रतिष्ठा हो रही है। इसके बाद भारत हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। जिस प्रकार बनवास से वापस आने के बाद हिंदू जनमानस में उल्लास था, उसी प्रकार से मंदिर में प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह दिख रहा है। हम सबको तो पूछना ही नहीं कितना प्रफुल्लित हैं।

अयोध्या को कभी अछूत कह जाने के सवाल पर स्वामी जी ने कहा कि अयोध्या शुरू से अयोध्या रही है। वह राम की नगरी है। इसमें निश्चित तौर पर नाथ संप्रदाय का जो योगदान है, वह अविस्मरणीय है। गोरक्ष पीठाधीश्वर दिग्विजय नाथ जी महाराज ने मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। उनके बाद अवैद्यनाथ जी महाराज ने भूमिका निभाई और यह सौभाग्य की बात है कि अब उसी नाथ परंपरा के योगी आदित्यनाथ जी हैं। योगी के कार्यकाल में ही यह अवसर आया कि मंदिर बने। उनके लिए तो यह प्राण-प्रण का विषय था। वह पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ लगे। दूसरे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। उनके संकल्प से जम्मू कश्मीर 370 के बंधन से मुक्त हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया कि जब तक अयोध्या में भगवान राम का मंदिर नहीं बन जाएगा, नहीं जाएंगे और भव्य मंदिर निर्माण हुआ है। निश्चित तौर पर दोनों ही नेताओं का समन्वय और डबल इंजन की सरकार के प्रयास से प्राचीन नगरी अयोध्या आज जन-जन में व्याप्त है। पहले दक्षिण के लोग अयोध्या नहीं आते थे। सप्तपुरियों में होने के बाद भी अयोध्या अभिषप्त कही जाती थी, लेकिन आज हर व्यक्ति अयोध्या आने को लालायित है। अयोध्या में आज ठहने के लिए जगह नहीं है। इतनी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यह दोनों महापुरुषों का प्रयास, दुनिया भर की हिंदू जनमानस की आस्था और भगवान राम के आशीर्वाद से संभव हो पा रहा है।

मुगलों के काल में इस्लाम का उत्कर्ष हुआ है। उस काल में हिंदू जनमानस बंटा था। आज भी बंटा हुआ है। कुछ तथाकथित शंकराचार्य भी विरोध कर रहे हैं। उन्हें तो शंकराचार्य भी नहीं कहा जा सकता। वह शंकराचार्य नहीं हैं। रात के बाद दिन आता है। यह हिंदू सदी है। नरेन्द्र मोदी सामने आए हैं। दुनिया हिंदुत्व की तरफ देख रही है। आज हमारा दिन आया है। भारत हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा। कुछ हिन्दूओं की ओर से भी राम मंदिर निर्माण पर सवाल उठाने के सवाल पर स्वामी ने कहा कि विषय महत्वाकांक्षा का है। देवासुर संग्राम भी हुआ है। यह सब विघ्न डालने वाले हैं। यज्ञ किसी का हो, विघ्न डालने वाले असुर ही कहे जाएंगे। यह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ है। जितने भी विघ्न उत्पन्न करने वाले हैं, राक्षस की श्रेणी में हैं। वह चाहे संत वेश में हों, नेता वेश में हों या फिर किसी अन्य वेश में। यह सब राक्षस हैं। इन्हें उसी दृष्टि से देखना चाहिए। इस समय विरोध का अवसर नहीं था। नरेन्द्र मोदी का राजनीति में विरोध करते, अच्छा रहता। आप चुनाव लड़कर जीत नहीं पा रहे हैं तो हिन्दुओं की आस्था पर चोट करेंगे ? जिस संत का आप विरोध सुन रहे हैं, वह एक मात्र संत हैं।

## पिकनिक स्पॉट रोड पर अवैध निर्माण हुआ सील



लखनऊ। शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने इंदिरा नगर के फरीदी नगर में एक अवैध निर्माण को पुनः सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी संजय जिंदल ने बताया कि अविनाश सिंह, मुन्नू व अन्य द्वारा फरीदी नगर में पिकनिक स्पॉट रोड पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था जिसके खिलाफ प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भी यहाँ पर कार्यवाही की गयी थी। प्रवर्तन टीम द्वारा जब यहाँ का पुनः निरीक्षण किया गया तो पाया कि विपक्षियों द्वारा स्थल पर पुनः चोरी-छुपे निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इस पर विहित न्यायालय ने इस अवैध निर्माण को पुनः सील करने के आदेश जारी किये थे। जिसके चलते शुक्रवार को सहायक अभियंता एनएन चौबे एवं संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा द्वारा पुलिस बल के सहयोग से इस अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

## निगोंहा व पीजीआई में हुयी चोरी की घटनाओ का खुलासा,दो शातिर चोर गिरफ्तार



मोहनलालगंज।निगोहां पुलिस ने शुक्रवार को दो शातिर चोरो को गिरफ्तार कर निगोहां व पीजीआई थाना क्षेत्रो में हुयी चोरी की घटनाओ का खुलासा किया।पुलिस दोनो शातिर चोरो के पास से बाइक,मोबाइल समेत चोरी का अन्य माल भी बरामद किया।पुलिस ने बरामद माल के साथ दोनो शातिर चोरो को न्यायालय में पेश किया।जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया शुक्रवार को मुखबिर ने दो शातिर चोरो द्वारा चोरी किया हुआ माल बेचने के लिये भैरमपुर से रायबरेली की तरफ जाने की सूचना दी।जिसके बाद उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह,राजेश कुमार दीक्षित समेत पुलिस टीम के साथ नंदौली तिराहे के पास घेराबंदी कर दोनो को दबोच लिया गया।थाने लाकर पुछताछ करने पर दोनो शातिर चोरो ने अपना नाम अभिषेक तिवारी उर्फ अजय तिवारी निवासी मीरखनगर व जसकरन निवासी कासिमपुर मजरा? मीरखनगर थाना निगोहा बताया। कड़ाई से पुछताछ करने पर शातिर चोरो ने 21दिसम्बर2023 को मीरखनगर में रमेश चन्द्र अवस्थी के घर व 17जनवरी को पीजीआई के उतरठिया बाजार से पैशन प्रो बाइक चोरी किये जाने की बात कबूली।दोनो की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की हुयी पैशन प्रो बाइक,एक टैबलेट माइक्रोमैक्स,पांच मोबाइल फोन,दो लैपटाप,एक सोनी प्रोजेक्टर समेत चांदी के बर्तन बरामद कियें।पुलिस ने बरामद माल के साथ दोनो शातिर चोरो को न्यायालय में पेश किया।जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

## अमेठी पुलिस ने चोरी की तीन मोटर साइकिलें की बरामद

अमेठी,थाना अमेठी पुलिस ने चोरी की तीन अदद मोटरसाइकिलों के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है और दो बालअपचारी नियमानुसार हिरासत में लिये गये है।थाना अमेठी के निरीक्षक जिलेदार यादव मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेन्वो होटल के सामने व ग्राम सरवनपुर से चोरी हुई मोटरसाइकिलों को चोरी करने वाले युवक दुर्गापुर रोड बाईपास पर मौजूद हैं।उक्त सूचना पर पुलिस टीम तत्काल दुर्गापुर बाईपास के नीचे पहुंचकर हिकमतअमली से पकड़ लिया गया और नाम पता पूंछने पर पहले ने अपना नाम सूरज कश्यप पुत्र हरिओम कश्यप निवासी कोलवा मजरे ठेंगहा थाना संग्रामपुर उम्र करीब बीस वर्ष बताया एवं दो नफर बालअपचारियों ने भी अपना नाम व पता बताया।बरामद मोटरसाइकिलों के बारे में पूंछतांछ करने पर सूरज कश्यप ने बताया हमसभी लोगों ने हीरो सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या यूपी 72 ए क्यू 5394 को जिला अस्पताल प्रतापगढ़ के पास से माह दिसम्बर में चोरी की थी।दो नफर बालअपचारियों के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिलों के बारे में बताया कि मोटसाइकिल संख्या यूपी 44 बी बी 5520 अपाचे को हम लोगों ने सोलह जनवरी को दुर्गापुर रोड रैनबो होटल अमेठी के पास से चुराया था व मोटसाइकिल संख्या यूपी 32 बी एक्स 0609 अपाचे को हम लोगों ने दुर्गापुर रोड कस्बा अमेठी से दिनांक बारह जनवरी को रात्रि में चोरी की थी।गिरफ्तार युवक ने बताया कि हम लोग पकड़े जाने के डर से मोटर साइकिलों की नम्बर प्लेट बदल देते हैं एवं उन्हें बेच देते हैं। थाना अमेठी पुलिस ने चोरी माल बरामदगी के साथ ही धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## डीएम आज मुसाफिरखाना में सुनेंगे समस्या

अमेठी,जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बीस जनवरी को तहसील मुसाफिरखाना में होगा। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में दिनांक बीस जनवरी को मुसाफिरखाना तहसील में आयोजित होगा एवं अन्य तहसीलों में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

## दबंगों द्वारा किया जा रहा है आवासीय पट्टे की जमीन पर कब्जा, शिकायत

सुल्तानपुर। रामरति पत्नी स्वर्गीय मुन्नीलाल ग्राम तियरी की रहने वाली ने जनता दर्शन में शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाए कि गांव की ही इरशाद अली पुत्र आदिल अली, मोहम्मद अहमद पुत्र हादी हुसैन, मोहम्मद अच्छन पुत्र नामालूम और उनके परिवार के कुछ दबंग लोग मेरी आवासीय पट्टा गाटा संख्या 1509 को कब्जा कर लिया है, शिकायत डायल 112 पर की तो पुलिस के लोगों ने निर्माण करने से रोक दिया, लेकिन मौका पाकर फिर से निर्माण चालू हो गया। रामरति ने बताया कि हमारी कोई पुत्र नहीं है, बेटी है जोकि अपने ससुराल में रहती है आज हम अपनी शिकायत लेकर डीएम सुल्तानपुर के यहां आए हैं कि हमारी आवासीय पट्टा को कब्जा मुक्त किया जाए और दबंगों के विरुद्ध उचित करवाई की जाय।

## संत समाज के स्वागत के लिए स्वयंसेवकों ने लगाई जयश्रीराम का पताका

लखनऊ। अयोध्या जा रहे संत समाज के स्वागत के लिए लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर स्वयंसेवकों ने जयश्रीराम का पताका लगाया है। रेलवे स्टेशन पर पताका लगा रहे स्वयंसेवकों से वहां के दुकानदारों ने पताका मांगकर अपने-अपने स्टॉलों पर भी टांग लिया है। जयश्रीराम के पताका लगने से चारबाग रेलवे स्टेशन के साथ ही वहां के आस-पास का वातावरण राममय हो गया है।

शुक्रवार को सुबह से संत समाज का लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन आना हुआ। संत समाज में महंत योगी बालकनाथ जी महाराज का आगमन हुआ तो स्वयंसेवकों ने जय श्रीराम का उदघोष कर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत महंत जी की आरती कर तिलक लगाकर सत्कार किया गया।

# जनता से किया हुआ कोई भी वादा भाजपा ने नहीं किया पूरा : सीएल वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




काकोरी लखनऊ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में काकोरी के घुरघरी का तालाब मोहान रोड लोधी मार्केट पर 5 जोनल के 45 बूथ कमेटियों की समीक्षा बैठक हुई।जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोहनलालगंज से निवर्तमान लोकसभा सांसद प्रत्याशी सीएल वर्मा ने आए हुए सभी जोनल प्रभारी,सेक्टर अध्यक्ष और बूथ अध्यक्षों सहित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह लोकसभा चुनाव बहुत अहम है।संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए हम सब लोग मिलकर परिवर्तन लाने का काम कर रहे हैं।इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है।

सीएल वर्मा ने कहा कि सेक्टर व बूथ को मजबूत बनाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और समाजवादी पार्टी की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताकर पार्टी के पक्ष में वोट दिलाने का कार्य करें।श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव 2014,2019 व विधानसभा चुनाव 2017-2022 में जो जनता से वादे किये थे वह सभी झूठे निकले।जनता से किया हुआ कोई भी वादा भाजपा सरकार ने पूरा नहीं किया है।

बेरोजगारी,बढ़ती महंगाई,अपराध,अन्याय,भ्रष्टाचार चरम पर है।महिलाएं,बेटिया असुरक्षित हैं।किसान,व्यापारी,नौजवान,छात्र सभी परेशान है।उन्होंने कहा 22 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन है।सभी लोग मतदान केंद्र पर पहुंच कर छुटे हुए मतदाताओं के नाम बढ़वाने का काम करे।एक भी मतदाता का नाम छूटने न आए।भाजपा साजिश कर वोटर लिस्ट से ऐसे मतदाताओं के नाम कटवाने का काम कर रही है,जो उसे मिलने वाले नहीं हैं।समीक्षा बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव,संचालन पूर्व जिला सचिव मोहम्मद वसीम अहमद चाँद व आयोजन जोनल प्रभारी हरपाल यादव ने किया।बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत,पूर्व मंत्री आरके चौधरी,पूर्व मंत्री प्रोफ़ेसर अभिषेक मिश्रा,प्रदेश सचिव चौधरी ज्ञान सिंह यादव,ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू,राकेश यादव,सत्यपाल सिंह चौहान,राज यादव,गुलाब सिंह लोधी,प्रधान सुरेश लोधी,महादेव लोधी,कैलाश मौर्य,रजनीश अवस्थी,मोहम्मद परवेज,पंकज रावत,सुधीर रावत,डॉ राहुल रावत,राकेश गौतम,नृपेंद्र मौर्य,आशुतोष शर्मा,शरद यादव,नन्दलाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी करन की हत्या, तीन गिरफ्तार

फिरोजाबाद। टूण्डला थाना की पुलिस टीम ने गुरुवार की रात्रि को चेकिंग के दौरान हत्या के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा किया है कि बीते दिनों हुई युवक करन की हत्या इन्हीं तीन लोगों ने त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते की थी। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रण विजय सिंह ने बताया कि थाना टूंडला क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी सर्वेश देवी ने 14 जनवरी को थाना टूंडला पर अपने पुत्र करन (18) के गायब होने की गुमशुदगी थाना में दर्ज करायी थी। 16 जनवरी की करन का शव किशन होटल के पीछे एक खंडहर में मिला, जिसके बाद पुलिस गुमशुदगी सहित हत्या की धारा बढ़ाते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना के खुलासा के लिए पुलिस की तीन टीमें लगी थी। थाना टूंडला के प्रभारी प्रमोद पंवार गुरुवार की देर रात्रि गश्त पर थे, तभी करन की हत्या में शामिल अभियुक्त जीवन नगर कॉलोनी निवासी गौरव कुशवाह, महावीर नगर निवासी पुष्पेन्द्र उर्फ जुल्मी जाट और कमोरा ग्राम निवासी अतुल को सर्विस रोड टूण्डला से गिरफ्तार किया है।

# वाराणसी: एनडीआरफ ने उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया 19वां स्थापना दिवस

एजेंसी



वाराणसी। एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) ने शुक्रवार को अपना 19वां स्थापना दिवस उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया। 11 एनडीआरएफ के चौकाघाट सांस्कृतिक संकुल रोड स्थित मुख्यालय में उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने सभी जवानों और रेसक्यूअर को उनके कर्तव्य और समर्पण के लिए जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ एक आधुनिक और कुशल आपदा मोचन बल है। जो देश में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एनडीआरएफ के जवान अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित और साहसी हैं। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ देश की सेवा में तथा देशवासियों को आपदाओं से बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) आज राष्ट्र की सेवा में अपने समर्पित और गौरवशाली 19वें स्थापना दिवस को मना रहा है। अपने आदर्श वाक्य 'आपदा सेवा सदैव सर्वत्र' के तहत न केवल वृहद पैमाने में बहुमूल्य मानव जीवन को ही बचाया है। अपितु भारत में आपदा प्रबंधन क्षमता निर्माण और सार्वजनिक जागरूकता से संबंधित योजनाओं में भी अपना योगदान दिया है। एनडीआरएफ ने भारत में ही नहीं अपितु विश्व में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी वैश्विक छाप छोड़ी है और उत्कृष्ट आपदा मोचन बल बनकर उभरा है। एनडीआरएफ ने प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं के दौरान अपने कौशल और पेशेवर आचरण, मानवीय दृष्टिकोण और त्वरित राहत खोज और बचाव अभियानों से देशवासियों के बीच उल्लेखनीय विश्वसनीयता पैदा कर दी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा, जिलाउपाध्यक्ष व विधायक ने बतायी सरकार की योजनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा जिलाउपाध्यक्ष/ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज व क्षेत्रीय विधायक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी, जिसमे भाजपा पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

शुक्रवार को बेलहिया खेड़ा, धर्मावत खेड़ा और छतौनी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा जिलाउपाध्यक्ष व मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल (विंधेश्वरी) द्वारा दीप प्रज्वलित कर मौजूद ग्रामीणों को योगी और मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी, प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।वहीं जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण संबंधित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल व क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार ने आयुष्मान कार्ड, मनरेगा श्रमिकों सहित प्रधान शिवशंकर यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने - अपने घरों और मंदिरों में दीप जलाकर पूजा - अर्चना करने के लिए कहा।

कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पाण्डेय (धीरू), खण्ड विकास अधिकारी पूजा सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, प्रधान सूर्य कुमार, प्रधान विपिन, प्रधान ललित शुक्ला, भानु शंकर,सुमन रावत व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू सहित ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेख़ौफ़ बदमाशों ने वृद्ध महिला को बंधक बनाकर ज़ेवर व नगदी उड़ाई

### पीड़ित ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध दी तहरीर,पुलिस ने शुरु की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रहीमाबाद/लखनऊ। घर में अकेली रह रही वृद्ध महिला को घर में बंधक बनाकर बेख़ौफ़ बदमाशों ने सोने-चांदी के जेवर व नगदी चोरी कर फरार हो गये। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सरैंया निवासी रामरतन थाने पर दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी वृद्ध गांव में अकेली रहती है। वह लखनऊ में रहता है। बीती रात अज्ञात चोरों ने दीवार फांदकर उसके घर में घुस उसकी मां को एक कमरे में बंद कर घर में रखें बक्से से सोने चांदी के जेवर सहित 25 हजार रुपयों की नकदी लेकर चम्पत हो गये। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण शौच के लिये बाहर निकले तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी मां को बंद कमरे से निकाल उसे सूचना दी। सूचना पर गांव पहुंचे रामरतन ने रहीमाबाद थाने पर अज्ञात चोरों के विरुध तहरीर दी है। इस सम्बन्ध में एसओ रहीमाबाद अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है। अग्रिम कार्यवाही कि जा रही है।

# राम मंदिर जैसा आंदोलन दुनिया में कहीं नहीं हुआ: कृष्ण गोपाल

### राष्ट्रधर्म पत्रिका के श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा विशेषांक का लोकार्पण

अयोध्या। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल ने यहां के तुलसी उद्यान में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रधर्म मासिक पत्रिका के श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा विशेषांक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर डा. कृष्ण गोपाल ने कहा कि राम मंदिर जैसा आंदोलन पूरे विश्व में कहीं नहीं हुआ। देश को आजादी मिलने के बाद हिन्दू समाज को आशा थी कि जो हमारे मंदिर तोड़े गये हैं वह हमें प्राप्त हो जाएंगे, लेकिन जब राम, कृष्ण व शिव के मंदिर भी हमें वापस नहीं मिले तब आंदोलन करना पड़ा। राम मंदिर के लिए नौजवानों ने कारसेवा की। एक सुंदर इतिहास खड़ा हो गया। आज सारे विश्व में राम की यशकीर्ति फैली है। डा. कृष्ण गोपाल ने कहा कि पुरुषार्थ एवं पराक्रम के कारण आज स्वर्णिम दिवस आया है। जन्मभूमि के लिए हिन्दुओं की सेना पर सेना आती थी और लड़कर बलिदान हो जाती थी। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग राम का प्रमाण मांगते हैं। राम का नाम आज करोड़ों लोग अपने मन में स्थिर कर रखे हैं। इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है। राम के नाम पर नगरों व गांवों के नाम हैं। राम लोकजीवन में बस गये हैं। राम इस देश की अंतरात्मा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन समाज को एक दृष्टि देता है। आजादी के बाद राम मंदिर हमें वापस नहीं मिला तो हिन्दू समाज को सड़क पर आना पड़ा। एक हजार वर्ष तक संघर्ष का कालखंड था। आसुरी शक्तियां हिन्दू समाज का नामोनिशान मिटा देना चाहती थीं। हजारों मंदिरों का विध्वंस किया गया। लाखों लोगों की हत्या और करोड़ों लोगों का मतांतरण किया गया। उस समय स्थिति यह थी कि इस्लाम स्वीकार करो या फिर मरने को तैयार हो जाओ। ऐसे समय में हिन्दू समाज संतों के चरणों में चला गया। असहाय हिन्दू समाज के लिए संत समाज साथ खड़ा हो गया।

# प्रधानमंत्री के आवाह्न पर चलाया गया श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सफाई अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। प्रधानमंत्री के आवाहन पर श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के पहले हर मंदिरों में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाने का आशा रखी गई है उसके अंतर्गत लखनऊ महानगर संगठन के निर्देशानुसार कानपुर रोड सेक्टर - क्क विद्यावती तृतीय वार्ड के अंतर्गत श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में लखनऊ महानगर मीडिया के सहसंयोजक चंद्र भूषण पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र महिला मोर्चा के पूर्व मंत्री राजेश्वरी त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि लोकसभा मोहनलालगंज विस्तारक विवेक दीक्षित सहयोगी पूर्व पार्षद कमलेश सिंह मंडल अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा मंडस संयोजक रामाशंकर दुवे उपाध्यक्ष नितेश कुमार वार्ष्णेय वार्ड अध्यक्ष सुनील शर्मा बी, एल, ओ पंकज सिंह एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता अखिलेश दीक्षित अर्जुन कुमार शुक्ला डॉक्टर एस के श्रीवास्तव जीएस पांडे हरिमोहन एवं समस्त गणमन्य कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर के प्रांगण में सफाई अभियान चलते हुए श्री राम प्रभु के जयकारे एवं धुन के साथ कार्यक्रम को समापन किया गया।

## राजाजीपुरम में युवक ने लगाई फंासी

राजाजीपुरम लखनऊ। राजाजीपुरम तालकटोरा के आलमनगर अशोक विहार में बीती रात युवक ने पंखे में चादर बांधकर फंासी लगा ली। अशोक विहार निवासी राजकुमार शर्मा के मकान में किराए पर रहने वाले अमित सैनी (24) फूल बेचता था और बहन संजना के साथ रहता था। बहन संजना के मुताबिक गुरुवार रात अमित शराब के नशे में घर वापस लौटा और कमरे में चला गया। जब संजना अमित को खाना खाने के लिए बुलाने गई। तो देखा अमित चादर के सहारे पंखे से लटका हुआ था। संजना ने मामले की जानकारी मकान मालिक राजकुमार शर्मा को दी। राजकुमार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक अमित अविवाहित था। पुलिस के मुताबिक मृतक शराब पीने का आदी था।

# राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता के पहले दिन लखनऊ छाया




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। यूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा 36वीं यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। चैंपियनशिप का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजी यूपी पुलिस श्री प्रकाश डी. आईपीएस ने ग्रैंड मास्टर डॉ जिम्मी आर. जगतियानी 'भारत में ताइक्वांडो के जनक और संस्थापक' की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित करके किया। चैंपियनशिप के दौरान तकनीकी अध्यक्ष - ग्रैंडमास्टर पीटर जगतियानी, राष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज वर्मा (राष्ट्रपति पदक से सम्मानित) और अध्यक्ष प्रचार विंग- ग्रैंड मास्टर गौरव सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

श्री प्रकाश डी आईपीएस ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें संबोधित किया और उन्हें एक मार्शल आर्ट के रूप में और आत्मरक्षा के लिए तायक्वोंडो के महत्व के बारे में बताया, यह लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए जरूरी है और सभी इसे सीखें और ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लें और इस क्षेत्र में आगे बढ़ें।




# छतौनी गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

### ग्राम प्रधान ने गणमान्यजन का अंगवस्त्र व माला पहनाकर किया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगराम, लखनऊ। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र वाक्य को साकार करने के लिये केन्द्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्रताधारी को लाभान्वित करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को ग्राम पंचायत छतौनी पहुंची।

मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं इसमें लाभों से वंचित रह गये व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है। विधायक अमरेश रावत ने उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि हमें तकनीकी के इस युग में जानकारी के साथ जीवन जीना होगा। विकास के लिए विरासत को भी अपना हिस्सा बनाना होगा, बताया कि जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है।

गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी, ज़रूरतमंद एवं ग़रीब को भोजन का संकट न आए, इसलिए यह संकल्प प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लिया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली बालिकाओं को खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने उपहार देकर सम्मानित किया।

### विधायक व ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने दिया प्रशस्ति पत्र

विधायक अमरेश रावत ने ग्राम पंचायत छतौनी माडल गांव घोषित होने पर ग्राम प्रधान भानू शंकर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने राजेश कुमार, चन्दा, राधा व मीरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना व निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, स्वच्छ भारत मिशन का प्रमाण पत्र दिया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान दिलीप रावत ने भी सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह, ग्राम विकास अधिकारी शशांक शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र जायसवाल, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह साथ में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान निगोहा अभय दीक्षित, समेसी प्रधान अशोक रावत सूर्यकुमार द्विवेदी, विकास पटेल, बृजेश वर्मा, विनीत जायसवाल, बीजक प्रकाश समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## हर जिले से निकलेंगे स्टार्टअप और इनोवेशन, एकेटीयू अपने सभी संस्थानों में स्थापित कर रहा इन्क्युबेशन सेंटर

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अब उत्तर प्रदेश के हर जिले से स्टार्टअप निकलेंगे तो इनोवेशन भी होगा। इसके लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय तेजी से कदम बढ़ा रहा है। विश्वविद्यालय अपने संबद्ध सभी संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित कराने में लगा है। इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया जा रहा है। संबद्ध संस्थानों के निदेशकों और प्राचार्यों के साथ अब तक कई चक्रों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बैठकें हो चुकी हैं। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में इनोवेशन हब को सभी संस्थानों में सेंटर स्थापित कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके लिए जोनवार इनोवशन हब की टीम संस्थानों के प्रतिनिधियों से संवाद कर रही है। सभी सम्बद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर मार्च तक स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए लगातार बैठकों का दौर जारी है। सेंटर स्थापना के लिए स्टार्टअप पॉलिसी 2020 के साथ ही सरकार की ओर से चलायी जा रही योजानओं की जानकारी भी दी जा रही है। वहीं, सेंटर की स्थापना के बाद क्या फायदे होंगे इसको भी बैठकों में बताया जा रहा है।

# रोवर रेंजर के पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का प्राचार्या ने किया उद्घाटन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बीकेटी। महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ में रोवर रेंजर के पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घघाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.शहला नुसरत किदवई ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर् माल्यार्पण कर किया।रोवर प्रभारी डॉ अमित कुमार यादव तथा रेंजर प्रभारी डॉ शोभना दीक्षित ने उदघाटन समारोह का संचालन किया।शिविर में प्रशिक्षक विजय प्रसाद शर्मा व विपिन कुमार पाठक प्रशिक्षण देंगे।पंच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रवेश एवम निपुण का प्रशिक्षण दिया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर शहला नुसरत किदवई ने कहा कि रोवर रेंजर के पांच दिवसीय कार्यक्रम में रोवर और रेंजर अनेक जीवनोपयोगी स्किल सीखेंगे। आपदा प्रबंधन के गुण सीखेंगे,विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाकर कार्य करना,लोगो से सामंजस्य बनाना आदि सीखेंगे।प्रशिक्षण प्राप्त रोवर और रेंजर अनुशासन से कार्य करते है।कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर बिनय कुमार सिंह,प्रोफ़ेसर अखण्ड प्रताप सिंह,डॉ. ममता मधुर,डॉ.अनुपम,डॉ.जितेद्र ने उपस्थित होकर रोवर रेंजर का उत्साह बढ़ाया।

# भरवारा वार्ड में हुआ कंबल वितरण का आयोजन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


लखनऊ। शुक्रवार भरवारा मल्हौर वार्ड नंबर 14 में समाजवादी पार्टी से साफ छवि कि पार्षद ममता रावत के द्वारा शीत लहरी/ठंड से बचाव हेतु समाज के गरीब, असहाय, महिलाओं व वृद्धों को निःशुल्क 500 कम्बल वितरण गरीबों में गैस सिलेंडर चूल्हा का आयोजन किया गया साथ ही साथ तहरी भोज का भी कार्यक्रम हुआ इस मौके पर बीकेटी से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत यादव, गौतम रावत वार्ड के सम्मानित प्रधान, बीडीसी, सपा नेता गोविंद यादव, जयदीप यादव, गोविंद यादव, नरोत्तम सिंह यादव, सुधीर यादव, विकाश यादव, सुमित यादव और कई क्षेत्र के छात्र नेता व सम्मानित लोग मौजूद रहे पूरे वार्ड में गरीबों, असहाय लोगो में काफी खुशी कि लहर देखने को मिली और सपा पार्षद ममता रावत को अपना आशीर्वाद दिया।

# शिव मंदिर के पास लगा गंदगी का अंबार, आसपास भरा नलियों का गंदा पानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सरोजनीनगर। इलाके के राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड संख्या 5 के शांतिनगर स्थित क्रिएटिव कॉन्वेंट विद्यालय के समीप शिव मंदिर पर आसपास निकलने के रास्ते तथा खाली जगह पर घरों की नालियों का गंदा पानी बहकर एकत्रित हो रहा है।

खुले में बह रहे नालियों के गंदे पानी के कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं व आम राहगीरों को उस एकत्रित पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने मंदिर के मार्ग पर भर रहे गंदे पानी व खराब पड़ी सड़क की कई बार विधायक कार्यालय पर तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की बावजूद मंदिर के सामने की खराब सड़क दुरुस्त न हो पाई और ना ही मंदिर के सामने भर रहे गंदे पानी की निकासी हेतु कोई उचित व्यवस्था हो पाई है। गौरतलब है कि यह प्राचीन



मंदिर इस इलाके का बहुत ही प्रसिद्ध मंदिर है जिसके कारण स्थानीय लोग सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर आते हैं। लेकिन उन्हें कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।

### प्राचीन शिव मंदिर की मरम्मत तथा सौंदर्यीकरण की मांग

प्रतिदिन पूजा पाठ करने के लिए आने वाले शिव भक्तों संदीप जयसवाल, विवेक द्विवेदी,सरोज रावत, दिलीप यादव समेत अन्य का कहना है कि मंदिर की हालत बेहद खराब है मंदिर के अंदर प्लास्टर तथा बालू काफी मात्रा में झड़ रही है। मन्दिर परिसर में बैठकर पूजा पाठ करने के लिए कोई छायादार स्थान नहीं है। यदि भक्तों को शिव मंदिर पर भजन कीर्तन करना हो तो बैठने की जगह नहीं है। दशकों पुराने शिव मंदिर से आसपास के सभी लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। दूर दूर से शिव भक्त सुबह शाम पूजा अर्चना करने मंदिर आते हैं।वहीं पर स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि लवकुश रावत से जब इस बाबत बात की गई तो उन्होंने बताया की प्रकरण की जानकारी मुझको नहीं है कल मामले को देख कर त्वरित हल निकालने की कोशिश करता हूं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

लखनऊ। कॉर्पोरेट एवं सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत बैंक ऑफ़ बड़ौदा लखनऊ मेट्रो क्षेत्र द्वारा मेधावी छात्र/ छात्राओं के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड कार्यक्रम का शुक्रवार को सुशान्त गोल्फ सिटी आईआईआईटी लखनऊ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के बीटेक स्टूडेंट आशीष सिंह, अनिकेत कॉल, श्रद्धा गुलाटी एवं श्रेष्ठा अग्रवाल को शिक्षा क्षेत्र में प्रथम स्थान पाने पर बैंक आफ बड़ौदा अर्जुनगंज शाखा द्वारा स्कॉलर शिप धनराशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा लखनऊ के उप क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश गुप्ता, बैंक ऑफ़ बड़ौदा अर्जुनगंज शाखा से शाखा प्रमुख सुधीर ठाकुर एवं आई आई आई टी संस्था के प्रबंधक विवेकानंद सिन्हा मौजूद रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा महानगर के अध्यक्ष ने जताया पीएम और सीएम का आभार

लखनऊ। भाजपा किसान मोर्चा महानगर के अध्यक्ष ने जताया पीएम और सीएम का आभार। आपको बता दें कि गन्ना मूल्य में 20 रुपए प्रति कुंटल की वृद्धि के फैसले को भाजपा किसान मोर्चा लखनऊ महानगर के अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने ऐतिहासिक निर्णय बताया। और कहा कि इस फैसले से किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों की ओर से जिला अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापन दिया इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा लखनऊ महानगर के महामंत्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी नगर उपाध्यक्ष शिवबरन शुक्ला नगर मंत्री आकाश बाजपेई कार्यसमित सदस्य सुधीर अवस्थी एवं मण्डल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा उपस्थित रहे।

## सआदतगंज क्षेत्र में पीस कमेटी की मीटिंग हुई सम्पन्न

लखनऊ। आगामी 22 और 26 जनवरी के मद्देनजर समराही चौकी के क्षेत्र ऐ आर बैंक्वेट लॉन में रखी गयी पीस कमेटी की मीटिंग। इस मीटिंग में गंगा यमुना तहजीब भी देखने को मिली।इंस्पेक्टर सआदतगंज प्रवीण कुमार सिंह ने रखी पीस कमेटी की मीटिंग।भारी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित लोग मीटिंग में रहे उपस्थित।इस मीटिंग में डीआईजी / डीसीपी पश्चिम राहुल राज, एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, एसीपी चौक राज कुमार सिंह और भारी संख्या में सआदतगंज पुलिस बल रहा मौजूद।आगामी 22, 26 और रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए रखी गयी पीस कमेटी की मीटिंग।क्षेत्र में शांति अमन कायम रखने के लिए मीटिंग में की गई चर्चा। डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने सभी समस्त क्षेत्र वासियों से कहा कि सभी त्यौहार हिंदू हो या मुस्लिम शांतिपूर्वक ढंग से और भाईचारे की तरह से मनाएं किसी भी प्रकार की कोई भी दिक्कत होने पर लखनऊ पुलिस आपकी सेवा के लिए तैयार है।

## दुबग्गा पुलिस चोरों पर नकेल कसने में नाकाम

दुबग्गा। पिछले लंबे समय से क्षेत्र में चोर सक्रिय है आसपास के कई घरों को निशाना बना चुके हैं दुबग्गा पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है जिससे चोरों के हौसले सातवे आसमान पर है। गुरुवार रात 2 बजे ड्यूटी पर गए एक व्यक्ति के घर में हजारों रुपए व जेवरों पर चोरों ने हाथ साफ किया। दुबग्गा थाना क्षेत्र के शाहपुर भमरौली के विवेक नामक व्यक्ति ने सूचना देते हुए बताया है के थोड़ी ही दूर लालबाग में उसकी ससुराल है बीवी मायके गई थी। और वह नाइट ड्यूटी पर था जब सुबह आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। और अंदर अलमारी तोड़कर चोरों ने समान बेड पर फेंक रखा था।पीड़ित ने जब छानबीन की तो पता चला दो सोने की अंगूठी चांदी कि पायल चांदी के सिक्के व पत्नी के महंगी साड़ियां चोरी हो गई है। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पर लिखित तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई इससे पहले भी क्षेत्र में कई बड़ी चोरी हो चुकी है जिसका खुलासा अभी तक दुबग्गा पुलिस ने नहीं कर पाई है।

## हर गांव अयोध्या, हर मंदिर अयोध्या धाम के अंतर्गत उद्यान मंत्री ने की मंदिर में साफ सफाई, जरूरतमंदो में बांटे कंबल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने भारत सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम हर गांव अयोध्या, हर मंदिर अयोध्या धाम के अंतर्गत रायबरेली जनपद के लालगंज विकास खंड डलमऊ के बालेश्वर महादेव मंदिर में साफ सफाई किया। इसके पश्चात भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं भगवान भोलेनाथ से रायबरेलीवासियों के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उद्यान मंत्री ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से हर गांव को अपने समृद्धि की दिशा में प्रेरित करने का प्रयास किया है। अयोध्या धाम को एक सांस्कृतिक और धार्मिक नगर के रूप में प्रमोट करने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। सरकार अपने नागरिकों को समृद्धि और सांस्कृतिक एकता की दिशा में अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं इसके बाद उद्यान मंत्री ने विकासखंड सरेनी वा लालगंज में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करने के पश्चात अमर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया।

# मंहत रविंद्र पुरी की अगुवाई में निकली गंगा जल कलश यात्रा का बीकेटी में हुआ जोरदार स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटीअखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष मंहत रविंद्रपुरी अगुवाई में निकली गंगा जल कलश यात्रा का शुक्रवार को बख्शी का तालाब सीतापुर रोड़ चंद्रिका देवी गेट के पास बीकेटी विधायक योगेश कुमार शुक्ला,विधान परिषद सदस्य सीतापुर पवन सिंह चौहान,जिलाध्यक्ष लखनऊ विनय प्रताप सिंह ने स्वागत किया।अयोध्या धाम में श्री राम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के लिए उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार से गंगाजल कलश यात्रा लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष मंहत रवींद्र पुरी बृहस्पतिवार देर शाम को बख्शी का तालाब पहुंचे।बख्शी का तालाब स्थित निजी लॉन में मंहत रवींद्रपुरी व कलश यात्रा में शामिल अन्य लोगों ने रात्रि विश्राम किया,शुक्रवार सुबह यात्रा निजी लॉन से शुरू होकर शक्तिपीठ मां चंद्रिका देवी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किया उसके बाद खाटू श्याम मंदिर से होते हुए बख्शी का तालाब पहुंची जहां पर पहले से ही खड़े राम भक्तों ने कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया।कलश यात्रा वाहन पर जय श्री राम के जयकारों के साथ पुष्प वर्षा की गई।भक्तों ने संतो व कलश यात्रा में शामिल लोगों को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।इस मौक़े पर जिला आईटी सेल संयोजक लखनऊ विवेक सिंह,सदाशिव मिश्रा,पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी संतोष वर्मा,मंडलअध्यक्ष बीकेटी गौरव सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष बीकेटी आदर्श सिंह,अनुसूचित मोर्चा ज़िला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत सहित अन्य लोग शामिल रहें।

### व्यापारियों ने भी किया गंगा जल कलश यात्रा का स्वागत

अयोध्या धाम में श्री राम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के लिए हरिद्वार से गंगाजल कलश यात्रा लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष मंहत रवींद्र पुरी व यात्रा में शामिल अन्य राम भक्तो का शुक्रवार को बीकेटी बड़ी बाज़ार के पास संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह ने व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ यात्रा में शामिल महंतो को माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।इस मौक़े पर मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह,योगेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह,दिलीप सिंह,प्रहलाद सिंह,लल्लन सिंह,दिनेश वर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहें।

# दुबग्गा नवीन मछली मंडी में सुविधाओं खिड़वार,राजस्व वसूली की लग रही चपत, भ्रष्टाचार जोरों पर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राजधानी के दुबग्गा नवीन मछली मंडी में कारोबारी का लाखों रुपए का कारोबार प्रतिदिन है। सुविधाओं के अभाव में आढ़ती कठिनाइयों का सामना करने पर मजबूर है। मंडी प्रशासन पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने के आरोप है। मामला हरदोई रोड पर सीतापुर बाई पास चौराहे के निकट स्थित नवीन मछली मंडी दुबग्गा का है, यह मछली मंडी राम भरोसे एवं बिना गेट एंट्री के (लेखा-जोखा) मछलियों से लदी गाड़ियां मंडी मे आवक-जावक करती रहती हैं। नवीन मछली मंडी के मंडी प्रभारी कार्यालय पर ताला लगा रहता है और एंट्री गेट से बड़ी तादात में मछलियों की लदी गाड़ियां आवक जावक के समय एंट्री गेटों पर गाड़ी की एंट्री नहीं होती है वहीं दूसरी ओर मंडी सहायक वेद प्रकाश नायक एवं दीपक यादव अपनी सुविधानुसार मंडी आने पर आढ़ितयों से जरूरी जानकारी हासिल कर जो गाड़ियां पहले से गेट एंट्री कर चुकी है उनका लेखा-जोखा लिखकर उच्च अधिकारियों को फर्जी आंकड़े प्रस्तुत करने पर उतारू है। इस अहम मुद्दे पर आढ़ितयों से बातचीत करने पर नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी सुविधानुसार मंडी आते हैं और जरूरी जानकारी आढ़ितयों से हासिल कर अपना आंकड़ा तैयार करते है और मंडी में रोशनी न होने की दिक्कत पर मंडी प्रभारी अनुरोध करने से बिजली के केबल बदलवाने पर जोर दे रहे हैं और मंडी में बहुत दिक्कतो के कारण 60,70 आढ़ितयों में से 15,16 आढ़ती ही मछली मंडी दुबग्गा के कारोबार में सक्रिय है शेष आढ़ती निष्क्रिय है और मंडी की दिक्कत की भेंट चढ़ गए।

मंडी दिक्कत में एक ओर कारोबार के समय जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौके से नदारत रहते हैं, जिससे मंडी मे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर अधिकतर रात में मछलियों से लदीओर अधिकतर रात में मछलियों से लदी गाड़ियां गेट नंबर 2 , 3 , 4 की चेक पोस्ट से आवक-जावक करती हैं फिर भी एंट्री गेट पर नहीं रहते अधिकारी, कर्मचारी व सुरक्षा कर्मी का टोटा रहता है, मात्र एक सुरक्षा गार्ड गेट डियुटी पर रहता है जबकि मंडी में एंट्री गेट की संख्या एक से ज्यादा है। मछलियों का कारोबार सुबह 4:00 बजे से मछली मंडी में जोरदार होता है, जिम्मेदार कर्मचारी, अधिकारी मछली मंडी से नदारद रहते हैं।

उसके चलते उत्तर प्रदेश मंडी परिषद एवं सरकार के राजस्व को चपत लगाई जा रही है

# पन्द्रहवां वित्त और राज्य वित्त धनराशि खर्च न करने में फिसड्डी प्रधान व सचिवों को डीएम ने लगाई फटकार

## डीएम ने उपलब्ध धनराशि को खर्च न करने वाली खराब 20 ग्राम पंचायतों की समीक्षा, दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड में प्रदर्शित बिन्दु पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त आयोग के तहत उपलब्ध धनराशि को व्यय न करने वाली सबसे खराब 20 ग्राम पंचायतों की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक का संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया।

उक्त ग्रामों की समीक्षा के दौरान पाया कि नरेन्द्र यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत सर्वा, तेन्दुआ ब्लॉक फूलबेहड व ग्राम प्रधान बडागॉव ब्लॉक पलिया, ग्राम प्रधान लुधौरी ब्लॉक निघासन एवं ग्राम प्रधान सिंगाही खुर्द ब्लॉक निघासन अनुपस्थित पाए गए, जिस पर डीएम ने सम्बन्धित से स्पष्टीकरण लिए जाने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य वित्त में उपलब्ध धनराशि को ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास में उपयोग न करने वाली पंचायतो का आगामी बैठक में उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। ऐसे ग्राम प्रधानों के विरुद्ध उप्र पंचायती राज अधिनियम की धारा 95-1-छ के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। वही संबंधित सचिवों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

डीएम ने उपस्थित सचिवों से ग्रामवार समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए कि पन्द्रहवॉ वित्त/ पंचम वित्त आयोग की उपलब्ध धनराशि को शीघ्र ही युद्ध स्तर पर कार्ययोजना में सम्मिलित कार्य यथा मिशन कायाकल्प एवं अन्य विकास कार्य को कराकर समस्त वित्तीय नियमों का पालन करते हुए नियमानुसार उपलब्ध धनराशि को व्यय करना सुनिश्चित करें। ताकि जनपद की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार हो सके। आगामी बैठक में उक्त के सम्बन्ध में समस्त सचिवों की सचिववार समीक्षा की जायेगी।

उक्त के अतिरिक्त समीक्षा के दौरान यह भी पाया कि पन्द्रहवाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत ब्लॉक फूलबेहड़, बेहजम, ईसानगर, पलिया एवं रमियाबेहड़ तथा पंचम वित्त आयोग के अन्तर्गत ब्लॉक फूलबेहड, पलिया, नकहा, पसगवॉ एवं लखीमपुर की प्रगति जनपद में सबसे खराब पायी गई। उपस्थित एडीओ (पं0) को निर्देशित किया कि प्रतिदिन ग्राम पंचायत वार समीक्षा कर उपलब्ध धनराशि से कार्ययोजना के अनुरूप नियमानुसार विकास कार्यो को कराने, उपलब्ध धनराशि को व्यय कराना सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान डीपीआरओ, एडीपीआरओ, एडीओ (पं0), डीसी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0), जिला परियोजना प्रबन्धक तथा जिले में पन्द्रहवाँ वित्त आयोग एवं पंचम वित्त आयोग के अन्तर्गत सबसे खराब प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान तथा सचिव उपस्थित रहें।

# ब्लाक सकरन चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट अमृत वाटिका के नाम पर सिर्फ लगे गेट

## लाखों की लागत से निर्मित अमृत वाटिकाये उगल रहीं झाड़ व कंटे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### कहीं पाथे जा रहे उपले तो कहीं उगाई जा रही गन्ने की फसल

सांडा/ सीतापुर। पंचायत राज व्यवस्था पर लगातार भ्रष्टाचार हावी होता जा रहा है लगभग सभी विकास कार्यों पर घोटाले का ग्रहण लग चुका है जिसका प्रमुख कारण कमीशन बाजी व घोटाले बाजी बताया जा रहा है।

ज्ञात हो विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत तो में लाखो की लागत से बनी अमृत वाटिकाएं जो अपने नाम की विपरीत दिखाई दे रही है।तथा अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं। अमृत वाटिका के नाम पर सिर्फ गेट लगाकर लाखो रुपए की धनराशि निकाल कर बन्दरबांट कर लिया गया और इन अमृत वाटिकाओं में केवल झाड़ तथा कंटेदार पौधो की झंकार दिखाई देती है। अब यह लाखो रुपया कहां चला गया जिम्मदार बताने से मुकर रहे है सवाल यह भी है कि जब अमृत वाटिका का पैसा निकाला जा रहा था तो कार्य की प्रगति आंगड़न और स्टिमेट पर ध्यान क्यू नही दिया गया की कार्य मानक और शासन की मंशा के अनुसार हुआ है या सिर्फ कागजों पर ही दर्शा दिया गया है अगर कागज़ पर ही दर्शाया गया है तो टेकनिशयन, जेई तथा अन्य अधिकारी ने भुगतान पर प्रतिबंध लगा कर अमृत वाटिका का स्थलीय निरीक्षण क्यों नही किया ।

बानगी के तौर पर ग्राम पंचायत शाहपुर में कंडे उपले पाथे जा रहे और ब्लॉक अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है कि जांच करवाई जा रही है जबकि मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर बनी ये अमृत वाटिका धृतराष्ट्रों को नहीं दिख रही,ग्राम पंचायत सैदापुर में न गेट है न पेड़ पौधे फिर भी लाखों हो गए हजम,माढ़र म ऊ में तो वृहद वृक्षारोपण के एक भी पेड़ नहीं लगे।कौवाखेरा में अमृत वाटिका मुजस्सिमा बनकर रह गई।

ऐसे में जिम्मेदार बीडीओ साहब व उनके शागिर्द अधिकारियों का फोन ही न उठाना खुल्लमखुल्ला भ्रष्टाचार को इंगित कर रहा।

# कम्बल बंटने की फैली अफवाह ब्लाक में पहुंचीं गरीब महिलाए

मछरेहटा / सीतापुर। प्रदेश में जाड़े का कहर जारी नेता प्रशासन गरीबों से कोसों दूर , गरीब जनता सरकार या नेताओं की तरफ से कम्बल मिलने का इंतजार कर रही। ऐसा ही नजारा शुक्रवार को मछरेहटा ब्लाक परिसर में दिन के डेढ़ बजे दिखाई दिया। कस्बा की मछरेहटा ग्राम पंचायत की लगभग साठ गरीब महिलाएं ब्लाक परिसर में जल रही आग का सहारा पाकर बैठ गई उक्त महिलाओं की भीड़ से जब इतनी बड़ी संख्या में लोगों से पूछा तो वो बोली कि जानकारी मिली थी कि ब्लाक में कम्बल बाटे जा रहे हैं और यहा तो कोई बात नहीं कर रहा। पत्रकारों को देख एडीओ पंचायत संदीप कुमार उक्त भीड़ से पूछा तो फिर महिलाओं ने बताया कि जानकारी देने कोई गया था कि कम्बल वितरित होंगे ब्लाक में साहब हम लोग इसी लिए आई है।

वहीं एडीओ पंचायत संदीप कुमार ने कहा अभी कम्बल नहीं आए हैं जिसने सूचना दी वह अफवाह है आप सभी लोग अपने अपने घर जाएं जब ब्लाक में कम्बल वितरित होंगे तब सभी को सूचना दी जाएगी।

# महाप्रसाद वितरण से मिलती है शांति

## जैन मंदिर में अत्यन्त प्रसन्नता से भक्त ग्रहण कर रहे हैं प्रसाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महमूदाबाद, सीतापुर । श्री भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि दिगम्बर जैन मन्दिर रायगंज में महाप्रसाद का वितरण प्रतिदिन चल रहा है। भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के अन्तर्गत अयोध्या नगरवासियों एवं बाहर से आए अतिथियों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था भोजन के रूप में दिगम्बर जैन मन्दिर कमेटी की ओर से की जा रही हैं प्रतिदिन बढ़ती संख्या श्रद्धालुओं का लगा है हुआ तांता भोजन प्रसाद ग्रहण करने के लिए कमेटी के अध्यक्ष पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामी जी ने बताया है कि जैन तीर्थंकरों में 24 में से 5 तीर्थंकर भगवंतों का जन्म अयोध्या में हुआ है। भगवान आदिनाथजी, भगवान अजितनाथ जी, भगवान अभिनंदन जी, भगवान सुमतिनाथ जी, भगवान अनंतनाथ जी का जन्म लाखों वर्ष पूर्व इसी पुण्य धरा पर हुआ था। भगवान ऋषभदेव जैन मन्दिर के मंत्री श्री विजय कुमार जी ने बताया है कि भगवान ऋषभदेव इस पृथ्वी के प्रथम राजा थे जिन्होंने ष?क्रियाओं का उपदेश देकर प्राणी मात्र को जीवन जीने की कला सिखाई पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के मंगल आशीर्वाद से आज से भगवान ऋषभदेव समवसरण विधान का आयोजन प्रारम्भ हो गया झण्डारोहण के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ है इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा में आए भक्तों के लिए वात्सल्य भोजन महाप्रसाद की व्यवस्था दिगम्बर जैन मन्दिर के प्रागंण में की गई है। प्रतिदिन श्रद्धालु भक्त हजारों की संख्या में पधार के प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं एवं प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। समस्त कार्यक्रम में प्रज्ञाश्रमणी चंदनामती माताजी का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

# प्राण-प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस के सुरक्षा को लेकर चला सघन चेकिंग अभियान

## राम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा

### श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस को लेकर गोला पुलिस हुई अलर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस के चलते गोला पुलिस सतर्क हो गई है।

गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में रात्रि में सभी सड़कों पर पैदल गस्त कर सभी संप्रदाय के लोगों से मुलाकात कर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को संपन्न कारने के चलते सभी धर्म गुरुओं से मुलाकात कर इस महान एवं पूर्ण काम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने व उसको शकुशल संपन्न करने के लिए निवेदन किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने कस्बे में सभी होटल रेस्टोरेंट ढाबों आदि को चेक किया है। इस दौरान कोई भी होटल मालिक किसी अपरिचित व्यक्ति को किराए पर कोई कमरा आदि न दे। वही सभी होटल रेस्टोरेंट मालिकों से कहा गया है कि आगामी 22 जनवरी को किसी भी होटलों, ढाबों में किसी भी प्रकार की कोई शराब आदि परोसी नहीं जाएगी। यदि पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक घर वितरित किए सुंदरकांड पुस्तक एवं राम दरबार के चित्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैमिषारण्य (सीतापुर)। जैसे-जैसे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तारीख नजदीक आ रही है वैसे वैसे रामभक्तों के अंदर एक अनोखा उत्साह देखने को मिल रहा है।

ऐसा ही एक दृश्य देखने को मिला तीर्थ क्षेत्र नैमिषारण्य के ठाकुर नगर में, जहां के निवासी वीरू मिश्रा एवं उनके साथी कार्यकर्ता रामभक्ति में बीते कई महीनों से सराबोर दिख रहे हैं।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उनके द्वारा एक अनोखा कार्य किया गया। उन्होंने नैमिषारण्य क्षेत्र के ठाकुरनगर, हड़हा एवं अजीजपुर इत्यादि गाँवों के लगभग 250 घरों में श्री रामदरबार के चित्र के साथ-साथ सुन्दरकांड की पुस्तक भेंट की। साथ ही आने वाली 22 जनवरी को संपूर्ण जनमानस से दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाने का आग्रह भी किया।

ठाकुर नगर निवासी वीरू मिश्रा ने बताया की लगभग 50 दशकों के कठिन अन्तराल के बाद ऐसा समय आया है जब प्रभु श्रीराम अपने नए घर में विराजमान होंगे।

इस स्वर्णिम अवसर को पाने के लिए न जाने कितने कारसेवकों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, आज वह स्वर्णिम समय आ गया है जब 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम विराजमान होंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मिश्रिख नगर के नगर कार्यवाह अभिजीत मिश्र, नीरज गौतम, अखिलेश राजवंशी, नीरज सक्सेना, दुर्गेश सैनी एवं आदित्य इत्यादि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट, पगडंडियों पर रहेगी कड़ी नजर

## इंडो नेपाल सीमा पर रहेगी कड़ी चौकसी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता,**

लखीमपुर-खीरी। अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने एसएसबी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गौरीफंटा बॉर्डर चेकपोस्ट पर गहनता से निरीक्षण करते हुये, संयुक्त रूप से भारत नेपाल बॉर्डर एवं बनगवा बाजार में पैदल गस्त कर सघन चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बॉर्डर पर आने जाने वालों की गहन चेकिंग करने के निर्देश दिए गए ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति बॉर्डर पार कर भारत की सीमा में प्रवेश ना कर सके।

निरीक्षण के दौरान कार्तिकेय सिंह उप जिलाधिकारी पलिया, अजेंद्र यादव क्षेत्राधिकारी पलिया द्वारा एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट बिजेंद्र कुमार, गौरीफंटा के सहायक कमांडेंट, सतीश कुमार, प्रभारी निरीक्षक गौरीफंटा अवधेश कुमार यादव, प्रभारी सर्विलांस टीम आलोक कुमार सिंह, शिव कुमार यादव व वनविभाग, कस्टम के अधिकारियों कर्मचारियों सहित सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

# ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ के 812वें वार्षिक उर्स के अवसर पर खैराबाद में रही धूम-धाम

## इंसानियत से बढ़ कर कोई धरोहर नही और शिक्षा के बिना इंसानियत नहीं: फुरक़ान मियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

खैराबाद।सीतापुर सुल्तानुल हिन्द ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी अजमेरी सुप्रसिद्ध ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ के 812 वें वार्षिक उर्स केअवसर पर स्थानीय दरगाह हाफिज़िया अस्लमियाँ में कल रात में दरगाह के सज्जादानशीन हाजी सैय्यद फुरक़ान वहीद हाशमी की सरपरस्ती में महफिले समा प्रारम्भ हुई और इसके बाद 812 वा क़ुल शरीफ हुआ इस अवसर पर फुरक़ान मियां ने कहा कि आज हम शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं इसी वजह से परेशान हो रहे है ग़रीब नवाज़ ने सदैव एकता और अखंडता और भाई चारे का संदेश दिया आपस मे मेल मिलाप और ईमानदारी से काम करने की बात कही उन्होंने सदैव अपने अनुनाइयों को सही रास्ते पर चलने और सभी धर्मों के लोगों और उनके मानने वालों की इज़्ज़त करने की शिक्षा दी।श्री फुरक़ान हाशमी ने कहा कि हमे सबसे पहले इन्सान बनना होगा क्योंकि इन्सानियत से बढ़कर कोई धरोहर नही है और इन्सानियत शिक्षा के बिना नहीं आ सकती।इसके बाद सज्जादा नशीन ने देश मे अमनो अमान क़ायम रहने तथा भाई चारा बना रहे इसके लिए भी दुआ की तत्पश्चात उपस्थित जन समुदाय ने भण्डारे (लंगर)का आनन्द लिया।इस अवसर पर उपस्थित जनमानस में दरगाह मतवल्ली सैय्यद सलमी मियां,सैय्यद फरजान मियां,सैय्यद फरहान मियां,सैय्यद फरमान मियां चिश्ती,क़ारी इस्लाम अहमद आरफी,इमरान सिद्दीकी, सैय्यद लईक अहमद किरमानी, सैय्यद आमिर रिज़वी,सैय्यद अफजाल मियां,हाफिज अरसलान हसनी, एहतिशाम अहमद,हाफिज नईम,हाफिज आरिफ,सय्यद अबसार काज़मी,अंसार काज़मी,सलीम खान,सादी फारूकी,तशहीर सिद्दीकी,कारी वा हाफिज फय्याज,डॉ ज़फ़र, फर्रूख सिद्दीकी,सैय्यद मोहम्मद कबीर,हाजी यूसुफ खान,अकील खान,हमज़ा सिद्दीकी,मोईन अहमद सीतापुरी, दानियाल आरफी,लहरपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पत्रकार ज़ेड आर रहमानी, आदि हैं,इसी अवसर पर अंजुमन खिदमते ख़ल्क़ की तरफ से तमाम ज़रूरत मंदों को उनके दैनिक प्रयोग में आने वाली खाद्य सामग्री तथा अन्य दैनिक उपयोगी सामान का वितरण किया गया श्री फुरकान हाशमी ने कहा कि समय पड़ने पर यदि किसी ज़रुरत मन्द को सामान दे दिया जाए और उसकी समस्या हल हो जाए तो इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नही है इसके बाद कुल के समय उपस्थित सभी लगभग 700 लोगों को हाफ़िज़ी लंगर भंडारे में भोजन भी कराया गया इसी क्रम में हुसैनगंज स्थिति डॉक्टर सैय्यद इश्तियाक अली वारसी के मकान पर वारसी हाल में कुल शरीफ का आयोजन इश्तियाक अली वारसी की सरपरस्ती में किया गया और नात शरीफ और गरीब नवाज़ के सिलसिले में मनकबत आदि पढ़ी गईं इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी शिरकत की।

# महात्मा गांधी मनरेगा गारंटी योजना को लगा दीमक

बेहटा ,सीतापुर। जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थिति ब्लॉक बेहटा की लगभग ग्रामपंचायतो सहित बसंतापुर में मनरेगा सहित विभिन्न मदो से कराए गए विकास कार्यो में हुआ भ्रष्टाचार चर्चा का विषय बन चुका है खाऊ कमाऊ नीति पर सन्चालित विकास कार्यों में पंचायत से लेकर ब्लॉक तक जमकर फर्जीवाड़ा किया गया है बहुत सारे कार्य तो कागजो तक ही सीमित है जो हुए भी है वो मानक विहीन

ऐसा ही अजब गजब कारनामा मनरेगा में देखने को मिलता है जहाँ पर रामगोपाल के खेत मे व्रक्षारोपड के नाम पर मस्टर रोल संख्या 33670 पर शिवपूजन वर्मा के नाम पर 24, 11 23 से 8 12 ,23 तक फर्जी मस्टर रोल पर 15 दिन की उपस्थिति दिखाकर 3450 रुपये फर्जी तरीके से आहरित कर लिया गया जबकि शिवपूजन वर्मा नाम का कोई भी आदमी पंचायत में नही है पुष्टि के लिये जब इ,ध्,ग्मनरेगा बेहटा से सम्पर्क करना चाहा तो महोदय ने फोन रिसीव करना उचित नही समझा

# सड़क हादसे में दिव्यांग शिक्षक की दर्दनाक मौत

रेउसा सीतापुर। स्थानीय कस्बा रेउसा में गत दिवस शुक्रवार को सड़क हादसे में एक विकलांग युवक की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना थानगांव क्षेत्र के गंगापुरवा का रहने वाला मोहम्मद आसिफ (29)पुत्र इदरीश जो कि दिव्यांग भी था और जीवन यापन हेतु गांव में ट्यूशन व मदरसे में शिक्षा दिया करता था। गत दिवस अपनी बच्चों के लिए कांपी खरीदने हेतु रेउसा आया हुआ था,और घर वापस जा रहा था। महमूदाबाद मार्ग पर बस स्टैंड के पास गैस सिलेंडर लदे डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही दिव्यांग युवक की दर्दनाक मौत हो गई, स्थानीय लोगों द्वारा मृतक आसिफ को रेउसा सीएचसी लाया गया।

साथ ही परिजनों को भी सूचना दी गई। इस घटना के बाद जहा एक तरफ परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं दूसरी तरफ वाहन को थानगांव पुलिस ने अपने गिरफ्त में लेते हुए शव को पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# दबंगों की दबंगई जारी, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की तैयारी

## श्रीनगर गांव की सरकारी जमीन पर दबंग कर रहे अवैध निर्माण, जिम्मेदार बेखबर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी सहित अन्य उच्चधिकारियों को दी लिखित सूचना, प्रशासन की चुप्पी संदिग्ध



फूलबेहड़-खीरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवैध कब्जे पर किए गए निर्माण को बुलडोजर चलाकर गिरवा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ भूमाफिया सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए अवैध निर्माण करने से बाज नहीं आ रहे हैं इसी तरह एक मामला फूलबेहड क्षेत्र के श्रीनगर का सामने आया है।

जहां पर भूमाफियाओं ने सरकारी जमीन की भूमि पर अवैध कब्जा कर उस पर पक्का निर्माण कार्य करा रहा हैं महिला प्रधान मैसूरजहां पत्नी स्व0 साजिद अली निवासी श्रीनगर ने कहा कि शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य नही रूक रहा है जिसको लेकर ग्राम प्रधान ने क्षेत्रीय लेखपाल व छुटभैय्ए नेताओ पर मिली-भगत व सरंक्षण में रहकर अवैध कब्जा करवाने का आरोप लगाया है।

आपको बता दें कि पूरा मामला जनपद खीरी के थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीनगर का है जहां पर भूमाफिया मनोज यादव व विनोद यादव पुत्रगण राजाराम यादव निवासी श्रीनगर थाना फूलबेहड जनपद खीरी ने श्रीनगर की सरकारी जमीन जिसका गाटा संख्या 802 पर जबरदस्ती अवैध निर्माण करवाया जा रहा हैं जिसको लेकर ग्राम प्रधान ने 112 नम्बर कॉल कर इवेंट आई डी-घ्19012405595 भी बुलाया था लेकिन उक्त दबंगो ने निर्माण कार्य नही रोका बल्कि गाली-गलौच व फौजदारी पर आमदा हो गए। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध कब्जा कर रहे लोग शातिर किस्म के व्यक्ति है और अवैध कब्जा धारक लेखपाल की प्राइवेट मुंशी भी है शायद इसीलिए लेखपाल साहब मूकदर्शक बने हुए हैं फिलहाल क्षेत्रीय लेखपाल पर भी अवैध निर्माण कराने व मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान ने आहत होकर उपजिलाधिकारी लखीमपुर को लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवैध निर्माण को रुकवाने व उक्त दबंग भूमाफियाओं पर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है दिलचस्प बात यह है कि अब देखना है कि प्रशासन क्षेत्रीय लेखपाल श्रीनगर पर किसी प्रकार की कार्यवाही करता है या नही?

स्थानीय लेखपाल राम किशोर से इस मामले को लेकर जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है शायद शिकायतकर्ता को जानकारी नही है वह पक्का निर्माण आबादी मे हो रहा है।

वही ग्राम प्रधान श्रीनगर मैसूर जहां से इस बाबत जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि इस सरकारी जमीन गाटा संख्या 802 पर मुझसे ही मनोज यादव व विनोद यादव पुत्रगण राजाराम यादव निवासी श्रीनगर थाना फूलबेहड जनपद खीरी ने हवा भरने की दुकान रखने के लिए पूछा था अब यह धीरे-धीरे टैक्टर ट्राली सहित अन्य सामान खड़ा करते हुए आज पक्का निर्माण कार्य शुरू कर दिया शिकायत करने पर मुझे भी धमकी दी जा रही है अवैध कब्जाधारी सरकारी जमीन गाटा संख्या 820 पर आलीशान मकान बनवाकर रह भी रहा है इसके बावजूद अब वो गाटा संख्या 802 पर भी अवैध निर्माण करा सरकारी जमीन पर दुकानें बनवाना शुरू कर दिया हैं उक्त अवैध निर्णय का विरोध किया तो मुझे भी धमकाया जा रहा है! फिलहाल मैंने सम्बंधित जिम्मेदारो को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है! (ग्राम प्रधान श्रीनगर, मैसूर जहां)

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों को लेकर सजा यहियागंज बाजार

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ व्यापार मंडल के अमरनाथ मिश्र ने बताया कि प्रभु श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी की तैयारी हेतु यहियागंज बाजार को सजाया गया है, जिसमें 6000 मीटर तिरंगा पट्टी, 12 हजार मीटर भगवा झालर, 6 हजार मीटर बल्ब झालर लाइट, 3000 भगवान के झण्डा के साथ 15 गेटों बनाये गये है। उन्होने बताया कि श्रीसिद्धनाथ मन्दिर, पंचमुखी हनुमान मन्दिर, विहारी जी मन्दिर बर्तन बाजार, राम मन्दिर सुभाष मार्ग, सताक्षीधाम मन्दिर चूड़ी गली रथ वाला मन्दिर नादान महल रोड को सजाया गया है। बाजार भर में 1800 प्रभू श्रीराम के चित्र का कटाउट हर हिन्दू की दुकानों में लगाये गये है। बाजार में 22 जनवरी को विहारी जी मन्दिर बर्तन बाजार, पंचमुखी हनुमान मन्दिर नादान महल रोड, राम मन्दिर सुभाष मार्ग, रथ वाला मन्दिर नेहरूक्रास, हनुमान मन्दिर में सुन्दर काण्ड के पाठ होंगे। 21 जनवरी को प्रशान्त गर्ग के नेतृत्व में नेहरूक्रास से भगवा रैली दालमण्डी, सुभाष मार्ग होते हुए राममन्दिर सुभाष मार्ग पर समाप्त होगी। अमरनाथ मिश्र ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऑनलाइन टेलीकास्ट के लिए तीन जगह एलईडी वाल के साथ एलईडी वैन की व्यवस्था की गयी है। 22 जनवरी को बर्तन बाजार चैराहे से भगवान की पद यात्रा ठोल, नगाड़ा, तासा, डमरू के साथ विसातखाना बाजार, रेडीमेड बाजार, लोहा बाजार, किराना बाजार, राम मन्दिर सुभाष मार्ग होते हुए रकाबगंज पुल नादान महल रोड होते हुए बर्तन बाजार चैराहे पर समाप्त होगी।

# चरण पादुका का भव्य स्वागत, रामनाम के जयकारों से गूंजा आसमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। अयोध्या से सटे सुल्तानपुर को भगवान राम के पुत्र कुश ने बसाया। अब जब अयोध्या में पिता की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न है तो पुत्र के इलाके में हर्षोल्लास तो बनता ही है। गुरुवार रात ये हर्षोल्लास सड़कों पर जनसैलाब बनकर उमड़ता दिखा जब चित्रकूट से अयोध्या जा रही चरण पादुका यहां पहुंची। आतिशबाजी कर लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके। रामनाम के जयकारों से आसमान गूंज उठा। ऐसा प्रतीत हुआ कि दिलों में बसने वाले भगवान आज धरती पर प्रकट हो गए हैं।

प्रयाग अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुल्तानपुर की सीमा में चरण पादुका यात्रा के पहुंचते ही जय श्रीराम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे लगने लगे। इस बीच शहर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह मौके पर पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह और एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। जहां से सड़क के दोनों पटरी पर श्रद्धालुओं का लंबा काफिला देखा गया। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा कई किलोमीटर तक लगा हुआ पाया गया। पौराणिक सीताकुंड घाट पर यात्रा को रात्रि विश्राम दिया गया है । जहां पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। शुक्रवार को यह यात्रा सुल्तानपुर से निकलते हुए अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगी। आपको बता दें कि सुसज्जित रथ पर चरण पादुका और राम दरबार की आरती पूजन के बाद पुष्पवर्षा हुई और यात्रा आगे चल पड़ी। जैसे ही रथ की झलक मिली, जयकारे गूंज उठे। आतिशबाजी होने लगी। हजारों-हजार की संख्या में लोगों ने यात्रा के स्वागत में पलक पांवड़े बिछा दिए। भीड़ रथ के पीछे-पीछे दौड़ती रही। इसके बाद नारायनपुर, लक्ष्मणपुर, दरियापुर तिराहा, पंजाबी कॉलोनी, बाधमंडी चैराहा, शाहगंज चैराहा, डाकखाना चैराहा, कलेक्ट्रेट और मौनी मंदिर से यात्रा निकली तो हर जगह हजारों की तादाद में लोगों ने उसी अंदाज में यात्रा का स्वागत किया।

# रेहन लेकर कब्जा किया खेत, वापसी पर बलात्कार के केस में फंसाने की दी धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। हलियापुर थानाक्षेत्र के पाण्डेयपुर के रहने वाले एक युवक ने एक व्यक्ति पर बारह लाख रुपए वापस नहीं करने की शिकायत सीएम व एसपी से की है। पीड़ित युवक का आरोप है कि आरोपी वृद्ध से अपने पैसे मांगे तो वो बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहा। यही नहीं आरोपी पर रेहन लिए गए खेत वापस नहीं करने का भी आरोप है। पीड़ित शिव बरदान पाण्डेय पुत्र स्व. राममनोरथ पाण्डेय ने बताया कि बल्दीराय के मल्लाहन का पुरवा अशरफपुर निवासी अयोध्या प्रसाद ने ग्राम पकेसर व कंापा कोटवा में उसकी जमीन 80 हजार रुपए में साल 2021 में रेहन लिया। शिव बरदान का कहना है कि ये रकम हमारे एकाउंट पर विभिन्न तारीखों में आई। पीड़ित की माने तो कुछ समय बाद अयोध्या ने कहा कि आपकी जमीन कई गांवों में है इसे आप हमें बेच दें। जो पैसे मिले उससे आसपास खेत ले लें। मैं इस प्रस्ताव पर राजी नहीं हुआ। इसके बाद अयोध्या ने साल 2021 से 2023 तक अलग-अलग एकाउंट से मेरे खाते में 36,66000 रुपए भेजा और जमीन बैनामा करने के लिए कहा। मैने इनकार करते हुए अयोध्या द्वारा भेजे गए पैसे उनके एचडीएफसी बैंक पारा बाजार, पीएनबी, कोटक, इंडियन बैंक और केनरा बैंक के एकाउंट में वापस लौटाया। जिसका मेरे पास स्टेटमेंट मौजूद है। शिव बरदान ने बताया कि मेरे पास पैसे की कमी थी तो मैने पैसे पत्नी शिल्पा, भाई देवमणि व शुभम के एकाउंट से ट्रांसफर किए हैं। जब पूरे पैसे मैने लौटा दिए तब अयोध्या से खेत छोड़ने के लिए कहा तो जवाब मिला खेत आपका है ले लें लेकिन अभी मैं समस्या में दस लाख की मेरी मदद कर दें। मैं अपने गांव में खेत लेना चाहता हूं। मैने अपने मित्र व भाई से लेकर 8,72000 खाते में और 1,28000 नकद दिया। उन्होंने नवंबर 2023 में पैसे लौटाने को कहा था। लेकिन न उन्होंने पैसे लौटाए और न ही खेत छोड़ा। 24 दिसंबर को हम पैसे मांगने घर पर गए तो अयोध्या और उनके पुत्र धर्मराज, पृथ्वीराज व कर्मराज और घर की महिलाओं ने गाली-गलौज किया। कहा गया कि महिलाओं के साथ बलात्कार का फर्जी केस लिखा देंगे। हमने इसमें एसपी और सीएम से शिकायत करते हुए कोर्ट की शरण ली है। उधर बल्दीराय के पूरे मल्लाहन अशरफपुर निवासी अयोध्या प्रसाद का कहना है कि शिव बरदान और प्रधान धर्मेंद्र तिवारी ने हमसे पांच बीघे जमीन पट्टा करने की बात कहकर 12 लाख रुपए कैश और एकाउंट से लिए हैं। पैसे मांगने पर ये लोग जान से मारने की धमकी दे रहे। उसने इस मामले में पहले एसडीएम बल्दीराय और अब डीएम से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग किया है। वही एक ऑडियो सामने आया है जिसमें अयोध्या के झूठ का खुलासा हुआ है। जिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र तिवारी पर वो पैसे लेने और धोखाधड़ी का आरोप लगा रहे उन्हीं से फोन पर बात कर कह रहे कि आपने कोई पैसे नहीं लिए। जिससे ये तो तय है कि मामले में सभी आरोप सत्य नहीं हैं।

# गोमती मित्रों ने किया सीता कुंड धाम पर चरण पादुका का स्वागत, उतारी आरती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। मकर संक्रांति के पावन दिवस को चित्रकूट धाम के भरत कूप से शुरू हुई श्री राम चरण पादुका यात्रा का गुरुवार देर शाम जब श्री राम के पुत्र कुश द्वारा बसायी गयी नगरी कुशभवनपुर में प्रवेश हुआ तो हजारों की संख्या में उपस्थित रामभक्तों ने ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। रात्रि विश्राम स्थल रहा पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार जहां से प्रातः 8:00 गोमती मित्रों की अगुवाई में यात्रा को सीताकुंड धाम तक ले जाया गया। जहाँ जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष के साथ यात्रा का माँ गोमती के तट पर गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के नेतृत्व में गोमती मित्रों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के साथ पधारे साधु संत व विशिष्ट जन प्रभु श्री राम के वनगमन के वक़्त माँ जानकी व अनुज लक्ष्मण के साथ पधारे स्थल पर आगमन को लेकर व गोमती मित्रों द्वारा किये गये स्वागत से अभिभूत दिखे। गोमती मित्रों द्वारा इक्यावन बत्तियों से सज्जित बड़े आरती पात्र से चरण पादुका की आरती उतारी गयी। माँ गोमती का तट उस वक़्त त्रेता युग की अनुभूति कराता प्रतीत हो रहा था। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक, राजेन्द्र शर्मा, सभासद रमेश सिंह टिन्नू, विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, मिथिलेश पाण्डेय, अन्नपूर्णा शर्मा, मंजू सिंह, प्रतिभा सिंह, राधा मौर्या, प्रेमलता सिंह, विमला कसौधन, अंजू श्रीवास्तव, देवकी गुप्ता आदि रहे।

# राजापुर में भाजपा नेता ने पार्टी का चुनाव चिन्ह बनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को तिलोई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी ने राजापुर में दीवाल लेखन अभियान का शुभारम्भ किया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बनाया और कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ के पांच स्थानों पर पार्टी का स्लोगन और चुनाव चिन्ह बनाये जाने के लिये प्रेरित किया है। तिलोई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी धर्मेश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को राजा फतेहपुर मण्डल के बूथ संख्या एक सौ सोलह में दीवाल लेखन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया और पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाकर एक बार फिर से मोदी सरकार लिखा। भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा के राष्टीय एव प्रांतीय संगठन द्वारा सभी बूथों के अध्यक्ष,और शक्ति केंद्र संयोजकों तथा शक्ति केंद्र प्रभारी मण्डल के सभी पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी सहित विधानसभा के समस्त मोर्चे, प्रकोष्ठों के संयोजक भाइयों एवं बहनों से आग्रह है कि वह सभी मिलकर अपने-अपने बूथों पर और संपूर्ण विधानसभा अमेठी के बूथ पर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में,अपने अपने निजी बूथ पर, प्रत्येक बूथ पर पांच स्थानों पर दीवाल लेखन अभियान के तहत कमल का पुष्प बनाकर एक बार फिर से मोदी सरकार लिखें।इस मौके पर बूथ अध्यक्ष विद्याकांत मिश्रा,श्रवण चौरसिया आजाद मिश्रा लवकुश शर्मा, संजय मिश्रा, हरिश चंद्र शर्मा, गुरु चरण सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन हुआ भगवामय, प्रतीक्षालय को रेड मैट से किया गया सुसज्जित

सुल्तानपुर। रेलवे स्टेशन पहले ही पीएम मोदी के ड्रीम प्रॉजेक्ट 'अमृत भारत योजना' के तहत चमकाया जा रहा था। लेकिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर फिलवक्त रेलवे स्टेशन भगवामय हो गया है। यहां मुख्य द्वार को फूल व पूरे परिसर को भगवा कपड़े से सजाया गया है। आने वाले साधू-संतो के ठहरने के लिए वर्तमान पुरुष प्रतीक्षालय को रेड मैट लगाकर सुसज्जित किया गया है। अधिकारी विश्रामगृह की भी साज-सज्जा की गई है। स्टेशन परिसर में स्वागतकर्ता हेतु कुर्सी एवं प्लेटफार्म नंबर एक पर मैट लगाकर सुसज्जित किया गया है। दरअस्ल पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी ने उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक सचिंदर मोहन शर्मा को 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन की साज-सज्जा कराने के लिए पत्र लिखा था। सांसद के पत्र के बाद रेलवे प्रशासन ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आए रहे महान साधु-संतो को लेकर रेलवे स्टेशन को सजाने का काम पूरा कर लिया है। रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार को फूल व पूरे परिसर को भगवा कपड़े से सजाया गया है। आने वाले साधू-संतो के ठहरने के लिए वर्तमान पुरुष प्रतीक्षालय को रेड मैट लगाकर सुसज्जित किया गया है। वही अधिकारी विश्रामगृह की भी साज-सज्जा की गई है। स्टेशन परिसर में स्वागतकर्ता हेतु कुर्सी एवं एक नंबर प्लेटफार्म पर मैट लगाकर सुसज्जित किया गया है। देर शाम विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश, जिला प्रचारक आशीष, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, भाजपा नेता रूपेश सिंह, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, प्रदीप यादव आदि ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। देश के विभिन्न हिस्सों से रेलवे स्टेशन पहुंच रहे साधु संतों का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उनको यहां से चार पहिया गाड़ियों से अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा स्थल तक पहुंचाया जाएगा।

## सीएचसी में रिटायर्ड नर्स का प्रसव के नाम पर पैसा लेने का वीडियो वायरल

जायस अमेठी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज में अपनी सेवाएं देने के बाद रिटायर्ड हो चुकी स्टाफ नर्स का अस्पताल से मोह भंग नहीं छूट रहा है। रिटायर्ड स्टाफ नर्स द्वारा प्रसूता महिला के परिजनों से प्रसव के बदले में पैसे लेने का वीडियो सामने आया है।वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन में खलबली मच गई है। इस मामले पर विभागीय अधिकारी कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं और मामले पर पर्दा डालने में जुटे हुये है। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज में प्रसव कराने महिला आई थी।अस्पताल से रिटायर्ड हो चुकी एक चर्चित नर्स ने एक महिला से एक हजार रुपये मांगे।प्रसव पीड़िता के साथ आये परिजनों ने पांच सौ रुपये दिये तो स्टाफ नर्स ने कहा ये तो कहो कि सब कुछ ठीक ठाक निपट गया फिर महिला ने एक और पांच सौ रुपये की नोट थमा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि रिटायर्ड हो चुकी स्टाफ नर्स महिला से प्रसव कराने के बदले में रुपये ले रही है। अब सवाल यह उठता है कि जब उक्त स्टाप नर्स रिटायर्ड हो चुकी है तो वह अस्पताल में किसके आदेश पर बैठी है ? इसका जवाब किसी के पास नही है।नर्स द्वारा प्रसव के नाम पर पैसा लेने का वीडियो वायरल होते ही हड़कम्प मच गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. एच पी यादव ने कहा कि कार्य मुक्त नर्स प्रसव कक्ष में कब और कैसे आई इसकी जानकारी हमें नही है। बताते चलें कि जनपद के अधिकांश सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी कराने आने वाली महिलाओं से स्टाफ नर्सों द्वारा बिना सेवा शुल्क के डिलीवरी नही कराई जाती है जिसके वीडियो कई बार वायरल भी हुये लेकिन नतीजा शून्य साबित हुआ।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर ने भी इसमें महारथ हासिल किया है यहां पर रुपये नहीं देने वाली महिलाओं के लिये छुट्टी के कागज दो दिन बाद ही दिये जाने की धमकी दी जाती है। सुविधा शुल्क न देने पर प्रसव कराने आने वाली महिलाओं को तीन दिनों तक अस्पताल में रुकना पड़ता है। इस दौरान बिना पैसे के स्टाफ नर्स सुई तक नहीं लगाती हैं।

## उत्तर प्रदेश दिवस पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा

अमेठी। जिला क्रीडा अधिकारी आनंद बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि ''उत्तर प्रदेश दिवस 2024'' को समारोह पूर्वक आयोजित की जाने के दृष्टिगत उन्नीस वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक,बालिकाओं का खों-खो वालीवाल, कबड्डी,एथलेटिक्स खेलों में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया जाएगा जिसमें खो खों जूनियर बालक वर्ग, वालीवाल जूनियर बालक वर्ग चौबीस जनवरी, कबड्डी जूनियर बालक वर्ग पच्चीस जनवरी तथा एथलेटिक्स जूनियर बालक वर्ग छब्बीस जनवरी को प्रातः दस बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित होंगे। उन्होंने समस्त प्रधानाचार्य,प्रधानाचार्या से अनुरोध करते हुये कहा कि उक्त जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने-अपने विद्यालय, कालेज के बालक,बालिकाओं और खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर भेजने का कष्ट करें। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी को अपने साथ आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज की फोटो लाना अनिवार्य है।

# सीओ के साथ थानाध्यक्ष ने बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण के साथ ही थानाध्यक्ष द्वारा अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत बैंकों के अंदर एवं बाहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया जायजा और बैंक के आसपास खड़े वाहनों के चालकों से गहनता के साथ पूंछतांछ की गई।पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में आगामी बाइस जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था व संदिग्धों पर निगरानी बनाये रखने हेतु तिलोई के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा बैंक आफ बड़ौदा शाखा मोहनगंज, मुसाफिरखाना के क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह द्वारा बैंक आफ बड़ौदा व भारतीय स्टेट बैंक शाखा शुकुल बाजार,क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी द्वारा बैंक आफ बड़ौदा व भारतीय स्टेट बैंक की गौरीगंज शाखा एवं क्षेत्राधिकारी अमेठी लल्लन सिंह द्वारा बैंक आफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक व पंजाब नेशनल बैंक की अमेठी शाखा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, बैंक के अंदर तथा बाहर व एटीएम के आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो के सम्बन्ध में पूंछतांछ की गई व सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने व आने जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों व नई उम्र के लड़कों की चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी।इसके साथ ही थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बैंक आफ बड़ौदा,भारतीय स्टेट बैंक सेमरौता, कोतवाली जायस के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कस्बा जायस की बैंकों का निरीक्षण किया और थाना इन्हौना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने बैंक आफ बड़ौदा भारतीय स्टेट बैंक शाखा इन्हौना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया और बैंक सुरक्षा के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों, दो पहिया वाहनो पर तीन सवारी तथा नये उम्र के लड़को की चेकिंग की गई है।

# श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शीतलहर पर भारी पड़ रही रामलहर



मुम्बई से पैदल चलकर अयोध्या के लिये निकले रामभक्तों के जायस पहुंचने पर हुआ स्वागत

जायस अमेठी,अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में माहौल भक्तिमय बना हुआ है। क्षेत्र की मंदिरों से लेकर दुकानों और मकानों तक जय श्री राम का नारा गूंज रहा है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शीत लहर पर राम लहर भारी पड़ रही है।मुम्बई से पैदल चलकर राम भक्तों का एक जत्था हंाथो में केसरिया रंग का झण्डा लेकर जय श्रीराम का नारा लगाते हुये गुरुवार की देर शाम जायस कस्बा पहुंचा।सनातनी धर्म के लोगों को जब इसकी भनक लगी तो जत्थे को रोककर उनका स्वागत करते हुये हौसला बढ़ाया।अयोध्या धाम के लिये पैदल निकले जत्थे को रात्रि विश्राम मलिक मोहम्मद जायसी शोध संस्थान में बने रैन बसेरे में कराया गया। इस दौरान पुखराज चौधरी और किशोर बुरा के नेतृत्व में चल रहे राम भक्तों ने बताया कि मुम्बई के भिवंडी से उन्नीस दिसम्बर को पैदल यात्रा प्रारम्भ की थी।बागेश्वर धाम में पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का आशीर्वाद लेने के बाद यात्रा के एक महीने पूरे होने पर गुरुवार की शाम को जायस पहुंचा हूं। अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की घड़ी करीब आने से अब लग रहा है कि फिर से राम राज्य आ गया है।शुक्रवार की सुबह राम भक्तों का जत्था करीब ग्यारह बजे अयोध्या के लिये रवाना हुआ।सनातनी धर्मेंद्र वर्मा, उमेश साहू, अभिषेक श्रीवास्तव, आशुतोष, मोहित, नीशू, राजन, राहुल वर्मा, सिद्धांत जैन,अजीत कुमार सोनकर के साथ तमाम लोगों ने कस्बे से चार किलोमीटर दूर तक जत्थे के साथ चलकर एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम के गगन भेदी नारों के साथ उनका हौसला बढ़ाया।

# हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट समेत लाखों रुपये की सामग्री चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## बेखौफ चोरों ने पुलिस की रात्रिगश्त की हवा निकालकर दी कड़ी चुनौती

शुकुल बाजार अमेठी । अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बेखौफ चोरों ने कस्बा शुकुल बाजार स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट, दान पात्र के साथ ही अन्य सामग्री पार कर पुलिस की रात्रि गश्त को खुली चुनौती दी है। मंदिर के पुजारी ने घटना से स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुये लिखित तहरीर सौंपी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है।पुलिसिया कार्यप्रणाली से आम जनमानस में नाराजगी है।थाना शुकुल बाजार के पीछे कस्बा नहर कोठी के पास स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर क्षेत्रीय नागरिकों की आस्था का केन्द्र बिंदु बना हुआ है और यहां पर दर्शन पूजन से भक्तों की मुरादें भी पूरी होती हैं।बीती रात्रि में बेखौफ चोरों ने प्राचीनतम हनुमान मंदिर में लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया है।हनुमान मंदिर से हनुमान जी का चांदी का मुकुट, दान पात्र तोड़कर दान पात्र का पैसा व मन्दिर में लगा इनवर्टर सहित कई अन्य सामान लेकर चोर फरार हो गये है। हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी होने से हड़कम्प मच गया।शुक्रवार की सुबह मंदिर के पुजारी को जब घटना की जानकारी हुई तो पुजारी ने पूरे मामले से स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुये लिखित तहरीर सौंपी है। थाना शुकुल बाजार पुलिस की रात्रिगश्त का सहज अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि बेखौफ चोरों ने थाने के पीछे स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर रात्रिगश्त की हवा निकालकर रख दी है। पुलिस की लचर कार्यप्रणाली से क्षेत्र में चोर उचक्कों की बल्ले बल्ले है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार चौहान ने घटना की पुष्टि करते हुये बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सामाजिक सेवा संघ अन्नदान रक्तदान कम्बल दान बेमिशाल है : डॉ अबसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कड़ाके की ठंड हो या भीषण बरसात राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के वॉलिंटियर्स अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे है। दया और सेवाभाव की मुहिम को लेकर जिले की अग्रणी सामाजिक संगठन भोजन से वंचित असहाय, बेसहारा, निराश्रित लोगो के लिए निःस्वार्थ और निःशुल्क भोजन सेवा करने का भाव निश्चित रूप से अनूठी पहल है ।जो समाज के लोगो के लिए प्रेरणा देने का कार्य कर रही है।यह पुनित कार्य राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के बैनर तले फलीभूत हो रही है।स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय और जिला महिला अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजों और उनके तीमारदारों को तो उधर सुल्तानपुर रेलवे जंक्शन पर भूखे यात्रियों और भोजन से वंचित जरूरतमन्दों को सप्ताह के एक दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार को निःशुल्क भोजन वितरण कार्य अनवरत जारी है ।राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में स्वादिष्ट गुणवत्तापूर्ण ताजे भोजन के मेन्यू में अरहर की दाल सब्जी,रोटी ,चावल की थाली बृहस्पतिवार की देर शाम 490 लाभर्थियों को मुफ़्त खाना बांटा गया। स्वशाषी राज्य मेडिकल कालेज में जिला अस्पताल में कार्यरत 'डॉ अबसार अहमद' ने और उधर रेलवे स्टेशन पर आर 'पी एफ प्रभारी मनोज वर्मा' रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर भोजन की थाली देकर निःशुल्क भोजन वितरण शुभारंभ किया। 'राज्य मेडिकल कालेज में 328 लाभर्थियों को और उसके बाद रेलवे स्टेशन परिसर में 162 भूखे यात्रियों' और जरुतमन्दों को भोजन कराया गया।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडवांस्ड मेकेनाइज्ड क्लीनिंग एण्ड सरफेस ट्रीटमेंट ऑफ अंडर गियर ऑफ एल0 एच0 बी0 कोचेस यूसिंग स्पेशल पर्पस मशीन। |
| कार्य स्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| अनुमानित लागत | रु.62,75,388.60/- मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| बिड सिक्युरिटी | रु.1,25,500/- मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.01.2024 से 12.02.2024 समय 15:00 बजे तक। |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company /Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं. 2024-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ई निविदा-02
दिनांक : 18.01.2024 224/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी भीषण आग, जोरदार धमाका, उछल-उछलकर गिरे दूर -दूर तक सिलेंडर



### गैस से लदी गाड़ी में आग लगने से हुआ हादसा

जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोंडा- लखनऊ हाईवे पर भूलियापुर के पास अचानक गैस सिलेंडर लोडर वाहन में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से वाहन में भीषण आग आग लग गई है।उसके बाद गैस सिलेंडर में एक के बाद गैस सिलेंडरों में विस्फोट होना भी शुरू हो गया है।देखते ही देखते गैस सिलेंडर लदी पूरी गाड़ी को भीषण आग ने अपनी चपेट में ले लिया,और गाड़ी धुं-धुं कर जल उठी।वहीं सिलंडरों में विस्फोट होने से अफरा तफरी मच गई।

### खेतों में जाकर गिरे सिलेंडर

विस्फोट इतना भीषण था कि सिलेंडर हाइवे से उछल-उछल कर दूर के खेतों में जाकर गिरे।हादसे के बाद सड़कों पर जले हुए सिलेंडर बिखरे पड़े हुए नजर आ रहे हैं।सड़क पर जला ट्रक और सिलेंडर का मलबा फैला हुआ है।गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

### दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

हाइवे पर हो रहे विस्फोट की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कोतवाली पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी। सूटना के बाद आनन-फानन में पहुंची करनैलगंज कोतवाली पुलिस ने गोंडा लखनऊ हाईवे को बंद कर करके फायर ब्रिगेड को पूरे मामले की सूचना दी गई।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले में गैस से लदे भरे ट्रक में शार्ट सर्किट से आग लगने का मामला सामने आया है।जहां गैस लदे ट्रक में आग लगने से उसमें लदे गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से अफरा तफरी का महौल बन गया।गैस सिलंडरों में हो रहे विस्फोट के कारण गोंडा लखनऊ हाइवे को बंद कराया गया।मौके पर पहुंची दमकल विभग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।पूरी घटना गोंडा के करनैलगंज के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भूलियापुर के पास की है।जहां गोंडा लखनऊ हाईवे पर अचानक गैस से लदे ट्रक मैं शॉर्ट सर्किट हो गया और उसके बाद उसमें आग लग गई। जिसके बाद ट्रक में लदे सिलेंडर ने आग पकड़ ली।सिलंडरों में आग लगने से उनमें विस्फोट होने शुरु हो गए। देखते ही देखते हाइवे पर अफरा तफरी का माहोल हो गया।इस घटना में ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई।

## पुलिस अधीक्षक का फरमान, हर थानों पर चला सफाई अभियान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के सभी थानों पर स्वच्छता अभियान चला।जिसमें पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर में साफ-सफाई करने के साथ ही कूड़े का नियमानुसार निस्तारण भी किया।हर थानों पर अभियान चलाया गया।अभियान के बाद थाना परिसरों में सफाई देखने को मिली।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्रत्येक सुबह सभी थाना परिसरों में साफ-सफाई का निर्देश जारी किया है।इसके तहत सुबह सात बजे से नौ बजे तक सभी थानों पर तैनात पुलिस कर्मियों ने साफ-सफाई में जुट कर अपना पसीना बहाया।थाना परिसर के साथ ही कार्यालय, मेस, नाले, नालियों आदि की भी सफाई कराई गई।इसके पश्चात कचड़ा निकलवाकर उसे सुचित तरीके से यथास्थान पहुंचवा कर निस्तारित कराया गया।प्लास्टिल, सूखा व गीला कचड़े का निस्तारण अलग-अलग कराया गया। कार्यालय व बैरकों में लगे कूलरों की भी सफाई कराई गई।इसके साथ ही परिसर में खड़े निष्प्रयोज्य वाहनों, टायरों आदि पर कीटनाशक छिड़काव और मेस की साफ सफाई कर जवानों को स्वादिस्ट पौस्टिक युक्त भोजन प्रदान किया जाए।मालमुकदमाती लवारिस संपत्तियों को व्यवस्थित ढ़ग से रखा जाये।

## दयाशंकर ओझा उनके छोटे भाई समेत चार अन्य हत्या के मामले में निर्दोष क़रार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। वर्ष 2018 के अक्तूबर माह में ग्राम पंचायत माधवपुर थाना कोतवाली देहात गोण्डा में हत्या जैसी सनसनीखखेज वारदात में फर्जी नामजद किए गए आरोपियों को कोर्ट ने दिया न्याय,किया बरी।पिक्चर की मूवी के पटकथा पर आधारित वारदात में अपने ही मक्के के खेत में एक व्यक्ति मृत मिला था।जिसके हत्या की आशंका जताते हुए घटना में दयाशंकर ओझा समेत कुल छः लोगों को नामज़द किया गया था। सबसे महत्वपूर्ण व चर्चित नाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा संगठन में कार्य कर रहे दयाशंकर ओझा व उनके सगे छोटे भाई रविशंकर ओझा को आरोपी बनाया गया। तभी से इस मामले के सत्यता पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा था जिसमें पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जाँच अधिकारी गोण्डा से दिल्ली और हरियाणा के गुरुग्राम तक जाँच करने पहुँचे। जाँच में दयाशंकर ओझा व रविशंकर की लोकेशन घटना के एक सप्ताह पूर्व से ही दिल्ली व गुरुग्राम में होने की मिली जिसकी पुष्टि अन्य कई दस्तावेज से भी होना न्यायालय के समक्ष पाया गया। दिल्ली और गुरूग्राम उपस्थित होने और सक्ष्यो को प्रमाण का आधार मानते हुए पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया और दयाशंकर ओझा व रविशंकर ओझा के मामले में क्लीन चिट के साथ क्लोज़र रिपोर्ट माध न्यायालय के समक्ष दाखिल किया था। जिस पर असंतुष्टि जताते हुए वादी ने पुनः विचारण हेतु धारा 319 के अंतर्गत दयाशंकर ओझा व रविशंकर ओझा के साथ उनके परिवार के छः अन्य को विचारण हेतु तलब करने की याचना भी किया। जिसके बाद दयाशंकर ओझा समेत सात लोगों के तलबी को निरस्त कर सिर्फ़ रविशंकर ओझा विचार में तलब किया था ट्रायल में गवाही और साक्ष्यों के परीक्षण उपरांत रविशंकर ओझा सहित सभी पर वादी द्वारा लगाए गए।

## प्रभारी मंत्री संजय निषाद ने एवोक इंडिया के सीएफएल प्रोजेक्ट को सराहा

### बोले, जागरूकता से नहीं होंगे लोग ठगी के शिकार

### तेजवापुर के रामगांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले प्रभारी मंत्री संजय निषाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच। शुक्रवार को तेजवापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत रामगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री डॉ संजय निषाद रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गौड़ रहे

कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाए गए। मुख्य अतिथि ने लगाएं गये स्टालों का निरीक्षण किया।प्रभारी मंत्री संजय निषाद व विशिष्ठ अतिथि अक्षयवर लाल गौड एवं एलडीएम बहराइच जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने एवोक इंडिया संस्था की ओर से चलाया जा रहे वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम की सराहना किया।उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से किया जा रहा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम हर गरीब तबके को भ्रष्टाचार व साइबर क्राइम से बचाने में अहम भूमिका निभा रहा।उन्होंने एवोक इंडिया संस्था के ब्लाक फग्शंनरी तेजवापुर राकेश कुमार मौर्य से संस्था के कार्यों के बारे में जानकारी ली।एलडीएम बहराइच जितेंद्र श्रीवास्तव ने भी स्टाल का निरीक्षण किया।आरसेटी निदेशक रीती कुमारी ने आरसेटी में चल रहे विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी। इसके साथ ही आरसेटी भ्रमण करने का आवाहन भी किया।इस मौके पर आरसेटी निदेशक रीती कुमारी,अरविंद मिश्रा,जिला वित्तीय सलाहकार वेद प्रकाश शुक्ला, एवोक इंडिया संस्था के आरएच पवन पाठक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, मतदान के प्रति किया जागरूक



गोण्डा। देश में होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।इसके लिए के जिले के विभिन्न कालेजों में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वीप प्लान के अंतर्गत जिले के विभिन्न कालेजों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय इण्टर कॉलेज कटरा बाजार गोंडा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ''वोटिंग जैसा कुछ नहीं, मैं पक्का वोट करूंगा,''पर छात्र/छात्राओं द्वारा रंगोली बनायी गयी। शिक्षक बंधु इण्टर कॉलेज बालपुर की छात्राओं ने भी रंगोली बनाकर मतदाताओं को वोटिंग हेतु जागरूक किया। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोंडा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर विभिन्न कालेजों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता को वोट डालने में सक्रिय भागीदारी हो, इसके लिए विभिन्न प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम जिला निर्वाचन कार्यालय एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे है। जिनका मुख्य उद्देश्य मतदान में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## फाइलों में दबकर रह गए दर्जनों से अधिक ध्वस्तीकरण के आदेश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। बदलते गोण्डा जिले की खूबसूरती में बाधक बन रहे अवैध निर्माणों पर नगर पालिका परिषद नजूल के अधिकारी और जिला प्रशासन मेहरबान हैं।दर्जनों से ज्यादा अवैध निर्माणों को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी हैं और बीते डेढ़ साल में ही दर्जनों से अधिक अवैध निर्माणों को सुनियोजित विकास के नाम पर नजूल की भूमि पर फ्री होल्ड और नक्शा पास कराने का नोटिस दिया गया है।मगर नोटिस जारी करने के बाद अधिकारी आगे की कार्रवाई ही भूल गए। कुछ छोटी पहुंच वालों पर तो बुलडोजर चल गया पर बड़े अवैध निर्माणों पर हथौड़ा चलाकर खानापूर्ति जरूर की गई मगर फिर से उसे वैसे ही छोड़ दिया गया। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध निर्माण को लेकर प्रदेश स्तर पर हुई रैंकिंग में गोण्डानगर पालिका परिषद की किरकिरी के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं।आदेश ध्वस्तीकरण का कर दिया गया है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।इसका फायदा अवैध निर्माण करने वाले उठा रहे हैं।

### केस-1

अंबेडकर चौराहे के पास गोंडा लखनऊ हाईवे मंडे नाला के पास बनी 47 दुकानों को ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था,इसके कुछ दिन बाद जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद ने ध्वस्तीकरण का आदेश पर अमल करते हुए एक पटरी पर गिराना शुरू किया।तीन दिन तक कार्रवाई चलती रही और एक पटरी पर अवैध कब्ज से मुक्त कर दिया गया. लेकिन दूसरी पटरी पर उसी आदेश में कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की गई और अवैध निर्माण को जस का तस छोड़ दिया गया।और कई मंजिला अवैध निर्माण खड़ा है।

### केस-2

पुरानी हनुमानगढ़ी मंदिर के पास रामलीला मैदान के बगल नजूल की जमीन पर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्शे के अनुमति से तीन मंजिला अवैध निर्माण पूरा होने के बाद विनिमित क्षेत्र ने ध्वस्तीकरण आदेश जारी किया। इसके बाद एक दिन यहां कार्रवाई के नाम पर कुछ भी तोड़फोड़ नहीं की गई। मगर, इसके बाद अवैध निर्माण को वैसा ही छोड़ दिया गया है।और उस परिसर में आज लोग रह भी रहे हैं।

### केस-3

दुर्गा मां स्वीटस के गली में मालवीय नगर में नजूल की जमीन पर व्यावसायिक और आवासीय को मिलाकर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कर लिया गया।इसके बाद विनिमय क्षेत्र ने नोटिस जारी कर अवैध काम को रुकवाया गया। तब तक एक मंजिला मकान बन चुका था।इस अवैध निर्माण को विनिमित क्षेत्र से ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था लेकिन साल भर भी जाने के बाद भी अवैध निर्माण जस का तस खड़ा है।

### केस -4

गुड्डू मल चौराहे पर स्थित सिंध बेकर्स मानचित्र के विपरीत बने भवन में निर्माण के दौरान पार्किंग ना छोड़कर उसमे दुकान बना लिया गया था,और सड़क की पटरियों पर सीढ़ी बना लेने से जाम की समस्या बनने लगी।जिसके चलते नियत प्राधिकारी न्यायालय ने निर्माण को ध्वस्त करवाने के निर्देश दिए थे।मुख्य शहर क्षेत्र में जाम की समस्या काफी विकराल होती जा रही है।1958 की धारा 10 के अंतर्गत निर्माण गिराए जाने का आदेश पारित किया गया है।लेकिन चौराहे पर बना सिंध बेकर्स परिसर आज भी जस का तस खड़ा हुआ है।और लोग जाम की स्थिति से जस के तस जूझ रहे हैं।

## एसएसबी व पुलिस सीमा क्षेत्र में चौकसी व सतर्कता बरतने के साथ लगातार कर रही गश्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नानपारा, बहराइच। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर सीमा क्षेत्र में चौकसी व सतर्कता बरतते हुए एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट दिलीप कुमार के निर्देशन में वाहिनी के अधीन सभी सीमा चौकियों में लगातार सहयोगी संस्थाओं के साथ संयुक्त रूप से भारत नेपाल सीमा पर गश्त की जा रही है तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्षेत्र के गाँवों में जाकर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों के साथ सभाओं का आयोजन किया जा रहा हैं ᅡ जिसके माध्यम से ग्रामीणों को सीमा पार से होने वाले अपराधो एवं अबैध आवा-जाही के बारे में जागरूक करते हुए सीमावर्ती जनता से अपील की गई की सशस्त्र सीमा बल के द्वारा प्रदान की गई टोल फ्री नंबर 1903 पर ल्लभारत नेपाल सीमा पर किसी अवैध कार्यवाही अथवा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगो की सूचना राष्ट्रहित में दे कर राष्ट्र सेवा कर सकते है ᅡ सूचनाकर्ता का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा राष्ट्र सेवा में आपके द्वारा किए गए सराहनीय योगदान में सशस्त्र सीमा बल सदैव आपके साथ हैं ᅡ 42वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बहराइच -ऋके कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन के द्वारा बताया गया कि हमारे जवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा को लेकर सीमा पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं तथा भारत नेपाल सीमा पर 24 घंटे सीमा पर चौकसी बरती जा रही है तथा कार्यक्षेत्र में पड़ने वाले चौक, चौराहा, बाजार, रेलवे स्टेशन इत्यादि हर जगहो पर मुस्तैदी के साथ सघन अभियान जारी हैं।

### रामलला को भव्य मंदिर में विराजित होते हुए देखने की व्यग्रता ऐसी है कि शब्दों में बयां नहीं की जा सकती : डां कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री

बहराइच । श्री मद् भगवद् फाउंडेशन द्वारा आयोजित संत कुटी पलटूराम मंदिर के निकट चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक डां कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। उन्होने कहा जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवान नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म के कुछ भी संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है। बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। इसलिए सभी को अच्छे कर्मो के प्रति आकृष्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मार्ग दमन का है तो दूसरा उदारीकरण का। दोनों ही मार्गो में अधोगामी वृत्तियां निषेध हैं। जैसे कि गोकर्ण ने कथा कही, किन्तु उसके दुराचारी भाई धुंधकारी ने मनोयोग से उसे सुना तो मोक्ष प्राप्त हो गया। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए आत्मा तृप्ति नहीं होती है। महराज जी ने बताया कि तीन दशक तक टेंट में रहे रामलला सर्दी, गर्मी और बरसात सब कष्ट झेलते थे। कई दशक की कहानी बताई। उन्होंने कहा कि टेंट से बरसात के समय पानी टपकता रहता था।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले समाज सेवी सुशील मिश्रा ने अमेरिका में निकाली कार रैली





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा : उत्तर प्रदेश के अयोध्याधाम में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर भारत में हर तरफ जश्न का माहौल है।अयोध्या में धूमधाम से तैयारी की जा रही है।वहीं विदेशों में भी राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर भारतीय मूल के लोगों में उत्साह का माहौल है।

इस बीच संयुक्त राज्य अमेरिका में समाज सेवी सुशील मिश्रा ने कहा राम मंदिर प्रतिष्ठा का जश्न केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में रहने वाले सभी भारतीय भी मना रहे हैं।22 जनवरी को रामलला की घर वापसी को लेकर कार रैली निकाकर जश्न मना रहे हैं।भारत ही नहीं विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अयोध्या में बने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।दुनियाभर में राम मंदिर को लेकर जश्न का माहौल है।उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के रहने वाले समाज सेवी सुशील मिश्रा अमेरिका में रहने भारतीय प्रवासी अयोध्याधाम राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को मनाने की तैयारियां कर रहे हैं।इस अवसर पर जश्न मनाने के लिए अमेरिका में कार रैली का आयोजन किया.रैली में 350 से ज्यादा कारों ने हिस्सा लिया.हिंदू समुदाय के लोगों को भगवान राम की तस्वीर वाले झंडे और सड़कों पर कतार में खड़ी कई कारें दिखाई दीं।

### अमेरिका में भगवान राम के लगाए गए होर्डिंग

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले दुनिया भर में चल रहे कार्यक्रमों और समारोहों के बीच समाज सेवी सुशील मिश्रा ने अमेरिका के हिंदुओं के साथ मिलकर मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अमेरिका के कैलिफोर्निया शहर में विदेशों में हिंदू लोगों के मन में राम मंदिर को लेकर उत्साह समाज सेवी सुशील मिश्रा ने बताया कि 'प्रतिष्ठा समारोह के शुभ दिन का बेसब्री से इंतजार करते हुए उनकी भावनाएं उमड़ पड़ती हैं.कैलिफोर्निया में हिंदू समुदाय खुशी से भरा हुआ है.प्रवासी भारतीय समाज सेवी सुशील मिश्रा ने बताया,उत्साह स्पष्ट है,कैलिफोर्निया भर के मंदिरों के सदस्य पीढ़ी में एक बार होने वाले इस आयोजन का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

### कैलिफोर्निया के सभी मंदिरों में होगा रामायण जाप

अयोध्या में राम मंदिर,अमेरिका के कैलिफोर्निया में समाज सेवी सुशील मिश्रा के नेतृत्व में प्रवासी भारतीय और हिंदू अमेरिकी समुदाय ने कई कार रैली निकली गईं और अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए कई और कार्यक्रमों की योजना बनाई है.इस बीच कैलिफोर्निया के सभी मंदिरो पर 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रामायण जाप का आयोजन करेंगे और उत्सव मनाएंगे।अमेरिका में स्थानीय मंदिर और प्रवासी संगठन 22 जनवरी तक विशेष उत्सव और आयोजन की योजना बना रहे हैं।इस दिन अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।समाज सेवी सुशील मिश्रा ने कहाँ भले ही अयोध्या में ना हो,लेकिन श्री राम हमारे दिल में पिछले कई हफ्तों से श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वाशिंगटन,शिकागों और अन्य अमेरिकी शहरों में कार रैली निकली गईं।आयोजक समाज सेवी सुशील मिश्रा ने कहा कि रोहित शर्मा,मणि किरण, परम देसाई, दैपयान देब दीपक और सहित समुदाय के नेता कैलिफोर्निया में रैली की योजना बना रहे हैं।आयोजकों का कहना है कि भले ही हम अयोध्या नहीं आ पाएंगे लेकिन श्री राम हमेशा हमारे दिलों में हैं और यह उनकी घर वापसी में हमारा योगदान और भक्ति है।

# दर्जनों गांव में सांसद ने किया जनसंवाद

## सांसद ने कहा, लोग पैसों और नाम के लिए नेता बनते हैं, लेकिन मेरी राजनीति लोगों की भलाई के लिए है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। सांसद वरूण गांधी ने शुक्रबार को बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के भैंसा ग्वालपुर, मुडिया कुंडरी, जगीपुर, कोकिला, मुड़िया हुलास, कबूलपुर, कटकावरा, पुरैना, खिड़किया, कडेला, विचपुरी, ढकिया, डांडिया भगत आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

जनसंवाद कार्यक्रम में सांसद वरुणा गांधी ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा देश में बडुी संख्या में सरकारी नौकरियां खाली है, जो भरी नहीं जा रही है। हर घर में कोई न कोई बेरोजगार है। मैंने पूछा कि नौकरी क्यों नहीं दी जाती है तो बताया कि इस पैसों से लोगों को आटा, दाल और चना दिया जाता है।

यह कैसा दुर्भाग्य है। सांसद ने कहा लोग पैसों और नाम के लिए नेता बनते हैं, लेकिन मेरी राजनीति लोगों की भलाई के लिए है। सांसद ने कहा किसान आंदोलन के दौरान कोई उनकी मदद के लिए नहीं आया। देश का अकेला सांसद उनकी मदद के लिए आवाज उठाई। कहा मेरा प्रयास रहता है कि आम इंसान को पूरा सम्मान मिले, लेकिन अन्य नेता ऐसा नहीं सोचते हैं। सांसद कहा कि मेरा मानना है कि देश के सांसद, विधायक, डीएम, एसपी सहित बड़े नेता व अधिकारियों के बच्चों को सरकारी स्कूल में पढाया जाना अनिवार्य कर देना चाहिए।

सरकारी अस्पताल में इलाज कराना अनिवार्य कर देना चाहिए, ताकि उनको भी आम आदमी की परेशानी का पता चल सके। सांसद ने कहा कि पीलीभीत में उनका कोई भी घर नहीं है। पीलीभीत हमारा परिवार है। हर एक व्य?क्ति हमारा है। उनकी मदद के लिए मैं हमेशा तैयार हूं। सांसद ने कहा किसी को कोई परेशान है तो वह किसी भी समय याद कर सकता है। सांसदने कहा कि गरीबों के पसीने से लोग नेता बन जाते हैं, लेकिन गरीबों का ध्यान नहीं रखते हैं। कहा कि कोरोना के दौरान किसी भी नेता ने किसी की मदद नहीं की, लेकिन मैंने लोगों के लिए दवाइयां उपलब्ध कराई। रसोई चलाई, ताकि कोई भूखा न रहे। कहा कि बरेली, लखीमपुर, शाहजहांपुर में कोरोना के दौरान काफी लोगों की मौत हुई थी।लेकिन पीलीभीत में काफी कम लोगों की मृत्यु हुई। यहां पर समय से ऑक्सीजन, दवाएं उपलब्ध करा दी गई है। सुबह में सांसद वरुण गांधी ने शंकर सॉल्वेंट पर जनता की समस्याएं भी सुनी।कार्यक्रमों के दौरान सांसद सचिव कमलकंात, प्रभारी राकेश शहरावत, सूरज शुक्ला, प्रभारी संजय शर्मा, प्रभारी मनोज शर्मा,प्रभारी गोपाल,प्रभारी तिलक शर्मा, बंटी मिश्रा, सतीश पांडेय,राहुल पांडे,सोनू पांडेय, बबलू वर्मा, बालकराम वर्मा,राज वर्मा,सुरेंद्र वर्मा, प्रदीप वर्मा,राजीव मिश्रा,कमलेश वर्मा, सुमित मिश्रा, राजीव गंगवार,राजेश सिंह, अनमोल सिंह आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा रामोत्सव संगोष्ठी का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। मर्यादा पुरुषोत्तम राम का व्यक्तित्व इतना विराट है कि कोई कवि, लेखक या वक्ता उन्हें अपने शब्दो मे समेट नही सकता। राम तो आदर्श है उन्होंने आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई, आदर्श शासक, आदर्श शिष्य, आदर्श मित्र समेत अनेकों किरदार बखूबी निभाए। उनका माता सबरी, केवट समेत वन्य जीवों के प्रति प्रेम व सम्मान भी दर्शनीय रहा। यह बात अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ विराजित होने जा रहे राम लला के चरित्र को लेकर मोती नगर स्थित श्री रामभक्त हनुमान मंदिर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा रामोत्सव संगोष्ठी के आयोजन के अवसर पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर परिषद के संरक्षक सुरेश फक्कड़ व सदस्य डॉ. विनय तिवारी विनीत ने किया। इसके बाद शिवांश शुक्ल ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को गति दी। इस क्रम में कवि प्रशांत मृदुल ने पाप कट जाएंगे राम के नाम से, देव धरती पर आए है दूरधाम से पढ़कर राम मय किया। इसके बाद साहित्य परिषद के महामंत्री राहुल वर्मा ने राह तकते हुए पथरा गए पुरखों के नयन, खटपटाते हुए भक्तों ने देखा था सपन।इस क्रम में मोहित वर्मा ने सुपथ को ही पथ मानते है, धीर संघर्षों को रथ मानते है। पढा इसके बाद कवि दीपेंद्र सिंह ने गरज उठे गगन सारा, समंदर छोड़े अपना किनारा। कवि अविजित अमन ने पुण्य यत्नो के परिणाम मिल जाएंगे, हो तुम सही तो राम मिल जाएंगे। शिवांश शुक्ल ने पढ़ा दिग दिगत का भी अन्त राम है, सत्य धर्म कर्म पंथ राम है। मंत्र है अनेक किंतु ज्ञात हो, सर्वदा प्रधान मंत्र राम है।।

इसके बाद कवि अनुभव अज्ञानी ने प्रेम के पथ पर अनवरत न हुए, प्रीति की पृष्ठभूमि में रत ना हुए। राम जी संग जीवन के वनवास में, हम लखन ही रहे हम भरत न हुए। इसके बाद डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने कहा मर्यादा परंपरा एवं संस्कार के वायुयान है श्रीराम, सृष्टि और सामाजिक चेतना की धुरी है श्री राम। अब भारतीय अर्थव्यवस्था राम अथवा राम चरितमानस के आस-पास झूमेगी। मनीष सेंगर ने साध्वी सिया सम्मान हमारी कुटिया में, लवकुश जैसा तूफान हमारी कुटिया में पढ़ा इसके बाद कवि अशोक गुप्ता ने अपने भावों को शब्दों का जामा पहनाकर रामोत्सव को राम मय कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कवि सुरेश फक्कड़ ने पढ़ा वतन के काम जो आएगा उसका नाम बोलेगा, हमारी आस्था का विश्व मे पैगाम बोलेगा। उठाकर शास्त्र के संग शस्त्र सन्यासी गरजता है, यहां वो ही रहेगा जो जय श्री राम बोलेगा। कवियों व अभिव्यक्ति रखने वाले प्रबुद्धजनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेश फक्कड़, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. विनय तिवारी, अशोक गुप्ता,महामंत्री राहुल वर्मा, अनुभव अज्ञानी, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, आदित्य बाजपेई, शिवांश शुक्ल, अविजित अमन, प्रशांत मृदुल, मोहित वर्मा, संतोष बाथम आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने किया।

## कड़ाके की ठंड में भी सातवें दी धरना जारी



पूरनपुर।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर धरना सातवें दिन भी स्टेशन परिसर पूरनपुर में जारी रहा है। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि रेलवे विभाग की घोर लापरवाही के कारण लाखों किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।आम जनता का भी आर्थिक नुकसान हो रहा है।रेलवे विभाग द्वारा समस्त अंडरपास गलत ढंग से बनाये जाने से इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। साथ ही यह भी कहा कि रेलवे विभाग द्वारा निर्दोष किसानों पर अपनी कमियों को छिपाने के लिए फर्जी मुकदमे दर्ज कर दिये गए है।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक इसे बर्दाश्त नहीं करेगी कड़ाके की ठण्ड होने पर भी किसानों का आन्दोलन जारी है। और जारी रहेगा किसानों की समस्याओं के समाधान तक आन्दोलन जारी रहेगा।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, हादसे में युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्बजे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना अरौल जिला कानपुर नगर के गाँव हिन्दूपुर निवासी सुमित (25) पुत्र शिवसागर कटियार बीती रात आठ बजे स्थानीय थाने के गाँव टांडासातन से बाइक से वापस घर जा रहा था। उन्नाव हरदोई मार्ग पर रात साढ़े आठ बजे बाइक अनियंत्रित होकर चिलवल के पेड़ से टकरा गयी। जिससे सुमित की घटना स्थल पर मौत हो गयी। मृतक के बड़े भाई अमित ने बताया कि सुमित के घर न पहुँचने पर रात भर तलाश की गयी , गाँव लम्बुई निवासी दीपक ने आज सुबह नौ बजे बताया कि गाँव गाजीखेड़ा के सामने मार्ग पर सुमित का शव पड़ा है। अमित ने बताया कि मौके से सुमित का फोन नही मिला। मृतक टांडा सातन गाँव में करीब दस बीघा भूमि ठेके पर लेकर आलू की खेती की थी। गुरुवार को वह सामान गाँव में रखकर वापस जा रहा था। शुक्रवार को आलू की खुदाई होनी थी। मृतक अविवाहित दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था। सुमित की मौत से माँ रानी, बहन अल्पना का रो रो कर बेहाल हैं। थाना प्रभारी राजेश पाठक ने बताया कि मृतक के भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

फतेहपुर चौरासी,उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत आयोजन आज क्षेत्र के एक गांव में बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ। सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में चलचित्र के माध्यम से ग्रामीणों को दिखाया भी गया। फतेहपुर 84 विकासखंड के अंतर्गत सकूराबाद ग्राम पंचायत में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रधान शालू ,सचिव विवेक गौतम सहित ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। विकसित यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिथिलेश जायसवाल व जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा ने बताया कि सरकार की तमाम योजनाओं से पात्र लाभार्थी लाभान्वित हो रहे हैं, उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण स्वच्छ भारत अभियान, किसान सम्मान निधि, दिव्यांगजन पेंशन आदि सहित तमाम प्रकार की योजनाओं की पहुंच अंतिम लाभार्थी तक है। अनिल कुशवाहा ने कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के शक्तिकरण, युवाओं के उत्थान, किसानों के सहयोग से विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा। बालविकास विभाग की ओर से अन्नप्रासन एवं गोदभराई कार्यक्रम भी कराए गए। चैयरमैन मिथिलेश जायसवाल द्वारा सरकार की योजनाएं ग्रामीणों को बताई गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ ग्राम सचिव विवेक कुमार,अमित पटेल, प्रधान अनुज कुशवाहा ,रफीक खॉ ,प्रवीण शुक्ला ,बाबू लाल शुक्ला , मनीष ,अजीत कुमार (पप्पू)अजय ,राकेश कठेरिया आदि उपस्थिति रहे।

# रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारे के कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक

### विधायक ने किया रामा धर्म कंाटा का उद्घाटन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव।जनपद के बीघापुर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर रैथाना गांव में रामा धर्म कंाटा के उद्घाटन के अवसर पर रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें भक्तगणों ने भगवान शंकर का आशीर्वाद प्राप्त कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। विशाल भंडारे में आसपास के क्षेत्र सहित दूरदराज के क्षेत्रों से भी भक्तगण उपस्थित हुए।

रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारे के आयोजन के कार्यक्रम में जनपद के सदर क्षेत्र से विधायक पंकज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू , हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी, सहयोगी अजय त्रिवेदी,बीघापुर ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह बॉबी, सरोसी ब्लॉक के पूर्व प्रमुख राजू रावत , राजेंद्र प्रसाद , साहू , रामा देवी,अरूण बाजपेई, बालकिशन गुप्ता, अजय बाजपेई , अंकुर गुप्ता, पम्मू मिश्रा, अंबुज त्रिपाठी , बबलू बाजपेई, सुजीत साहू, अमित गुप्ता,नवनीत गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रेम सिंह चंदेल अचलगंज , राजू साहू, जितेंद्र कुमार साहू, अरविंद सिंह , मनीष कुमार साहू, सुशीला साहू, शहजाद, आनंद अवस्थी कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में योगी सरकार लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रही है। इस दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता ने रामा धर्म काटे का बटन दबाकर शुभारंभ किया। वही रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारे के कार्यक्रम में भक्तगणों ने भंडारे में भगवान शंकर का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के आयोजक अभिषेक कुमार साहू, प्रमुख व्यवसाई अतुल गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार जय सिंह और रामा धर्म कंाटे के संरक्षक दीवारी लाल कुशवाहा ने कार्यक्रम में आए हुए लोगों का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया एवम खाटू श्याम बाबा का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# चेयरमैन और विधायक ने नगर में निर्माणधीन सड़क का किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### सभासद प्रतिनिधि साजिद अली रिजवी के अथक प्रयास से शुरू हो सका दोनों सड़कों का निर्माण वार्डवासी कर रहे हैं प्रशंसा

पूरनपुर।नगर में विकास को तीर्वगति प्रदान करने के लिए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता और विधायक बाबूराम पासवान ने नगर के वार्ड -10 साहूकारा में डूडा के माध्यम से दो सड़कों का शिलान्यास किया जिसमे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पूरनपूर शैलेन्द्र गुप्ता व सभासद प्रतिनिधि साजिद अली रजवी,सभासद प्रतिनिधि नदीम अंसारी,सभासद सूरज बाथम व पूर्व सभासद आदित्य मोहन भारद्वाज वीरू,भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,व्यापारी नेता हंसराज गुलाटी, युवा व्यापारी नेता विजयपाल विक्की,इरशाद,मोहम्मद रहीस,मोहम्मद अतीक अहमद,जेई सुशील मौर्य सहित भारी संख्या में मौजूद वार्डवासी की उपस्थिति में हुआ भविष्य में शेष बचे वार्ड के विकास के कार्यो को भी कुशलता के साथ पूर्ण किया जाता रहेगा।

# नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि ने मंदिरों में की सफाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कलीनगर नगर पंचायत में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम में आगामी 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कलीनगर में राममय माहौल बना हुआ है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर नगर के सुप्रसिद्ध श्री ठाकुर द्वारा मंदिर में चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती ने सफाई अभियान चलाया। उन्होंने खुद झाड़ू लेकर सभासदों और सफाई कर्मचारियों के साथ मन्दिर प्रांगण की साफ सफाई की। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर के सभी तीर्थ स्थलों पर अभियान चलाकर साफ सफाई की जा रही है। इस दौरान मंदिर के पुजारी महेन्द्र यादव,सभासद दीनदयाल,सभासद पति बसंत लाल,अरविन्द यादव, सफाई नायक तीर्थराज, सभी सफाईकर्मी मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिछिया, उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम विखं की ग्राम सभा लालपुर व इछौली में आयोजित हुआ लालपुर मे पुरवा विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरवा विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह व जिला मंत्री रजनीश वर्मा ने फीता काटकर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया द्य आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। पुरवा विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है अब लाभार्थियों को सिधे मिल रही है राजनीश वर्मा जिला मंत्री ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वही इछौली मे ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता की अध्यक्षता मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने फीता काटकर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया संकल्प यात्रा में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग पशुपालन विभाग बाल पुष्टाहार आयुष्मान उज्जवला योजना जल जीवन मिशन व स्वयं सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाए गए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई वहीं प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को चाबी वितरित की गई शौचालय के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए इछौली मे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने कहा यह देश मोदी जी की गारंटी वाला विकसित भारत बने इसके लिए सरकार की तरफ से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ अब सरकार आपके गांव में आकर देने का कार्य कर रही है पात्र लाभार्थी इन आयोजन में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं अब समय मे किसी भी बिचौलियों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं अतिथियों द्वारा अन्नप्राशन व गोद भराई का भी कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, रूपेश श्रीवास्तव,रणन्जय सिंह,कृषि विभाग अधिकारी से सत्येंद्र सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विवेक त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# केयर हॉस्पिटल मामले में शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र देकर वापस ली शिकायत

## स्वास्थ्य विभाग अब हॉस्पिटल के दस्तावेजों सहित अन्य बिंदुओं पर करेगा जांच लाखों की रकम का लालच देकर हॉस्पिटल का ताला खुलवाने में समझौते की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर।मरीज की जान से खिलवाड़ करने के मामले में की गई शिकायत के बाद नगर के एक हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया था। लेकिन विभाग ने महिला डॉक्टर के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही की। हॉस्पिटल सील होने के बाद हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर दलालों के माध्यम से लाखों की रकम देकर हॉस्पिटल का ताला खुलवाने के लिए भरपूर प्रयास करती रही।चर्चा है कि महिला डॉक्टर ने किसी दलाल को लाखों रुपये दिए थे। लेकिन हॉस्पिटल का ताला नही खुल पाया। वही अब चर्चा है। कि महिला डॉक्टर ने दलालों के माध्यम से पीड़ित को लाखों रुपये का लालच देकर समझौते की जुगत में लगीं हुई है। ऐसे में सवाल उठता है। कि मरीज की जान के साथ खिलवाड़ करने वाली महिला डॉक्टर का हॉस्पिटल क्या नोटों की चमक के आगे ताला खुलकर फिर से संचालित हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने शिकायत पर हॉस्पिटल को सील कर खानापूर्ति कर दी। लेकिन महिला डॉक्टर के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही की। जिससे महिला डॉक्टर के हौसले बुलंद हैं। वही महिला डॉक्टर पर कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य विभाग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या साठगांठ के चलते महिला डॉक्टर पर कार्रवाई नही की जा रही है।

वही इस मामले में सीएमओ का कहना है कि केयर अस्पताल के मामले में शिकायत कर्ता ने शपथ पत्र देकर शिकायत वापस ले ली है। मानक की अनदेखी कर निजी अस्पताल चल रहे हैं। इनके खिलाफ स्वास्थ्य महकमा कार्रवाई के नाम खानापूर्ति कर रहा है।शिकायत मिलने और निरीक्षण के दौरान सील करने की कार्रवाई की जाती है। सील करने के बाद आगे की कोई ठोस कार्यवाही न होने के चलते इनका मनोबल बढ़ता जा रहा है। नगर के हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर द्वारा मरीज का गलत उपचार करने से महिला की हालत बिगड़ गई थी। जिसके बाद महिला ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी।

शिकायत के बाद आनन फानन में हॉस्पिटल को सील कर दिया गया था। नगर के केयर अस्पताल द्वारा गर्भपात के मामले में तहसीलदार ने सील कर दिया था। पीडित का आरोप था कि गर्भस्थ शिशु खराब होने की जानकारी देकर महिला का गर्भपात कर दिया गया था। गर्भपात के बाद भी रक्तस्राव की समस्या बनी रही।महिला ने कई दिन उपचार कराया,लेकिन उसे लाभ नहीं मिला।आर्थिक व शारीरिक रूप से क्षति की शिकार हुई महिला ने इसको लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। उसके बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया गया था।हॉस्पिटल सील होने के बाद भी महिला चिकित्सक बेक डोर से मरीजों का उपचार कर रही थी। जिसके बाद बैक डोर को भी सील कर दिया गया था।

वही अस्पताल के रजिस्ट्रेशन की जानकारी न होना महकमें की कार्यशैली पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन ना होना और मरीज का गलत तरीके से उपचार करना सिर्फ अस्पताल को सील करने की कार्रवाई तक ही सीमित रहा। मरीज की जान के साथ खिलवाड़ करने वाली महिला चिकित्सक पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके चलते महिला चिकित्सक के हौसले बुलंद है। चर्चा है कि महिला चिकित्सक दलालों के माध्यम से पीड़ित को लाखों की रकम देकर हॉस्पिटल का ताला खुलवाने की जुगत में लगीं हुई है।अब देखना यह है कि ऐसे मामलो में पीड़ित पक्ष से समझौता होने की बात कह कर जांच की फाइल बंद कर दी जायेगी।

## मंदिर के जीर्णोधार का लोकार्पण श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दिन होना तय हुआ

उन्नाव। विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिघनापुर के मजरा भिखारी खेड़ा में 180 वर्ष पुराने जीर्ण शीर्ण ब्रह्मदेव बाबा मंदिर के जीर्णोद्धार का लोकार्पण प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा दिवस अयोध्या धाम 22 जनवरी के दिन ग्राम भिखारी खेड़ा में क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत की उपस्थिति में तथा ग्राम प्रधान तारावती पाल की अध्यक्षता के बीच किया जाएगा उक्त जानकारी देते हुए प्रधान पुत्र पुत्तन लाल पाल ने बताया कि इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कर प्रभु श्रीराम दरबार की जहां प्राण प्रतिष्ठा होगी वहीं इसी मंदिर पर शंकर भगवान का शिवलिंग गणेश और मां सरस्वती की प्रतिमा भी स्थापित की गई है जिनका लोकार्पण 22 जनवरी को एक भव्य जन सभा के माध्यम से किया जाएगा लोकार्पण के पूर्व एक विशाल राम ध्वज लहराती भगवान राम के स्वागत में पद यात्रा निकाली जाएगी पूरे भिखारी खेड़ा गांव को जहां रोशनी और झालरों से सजाया जाएगा वही प्रत्येक व्यक्ति के घर के दरवाजों पर प्रभु श्रीराम की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी इसी के साथ मंच पर गांव के बच्चो द्वारा भगवान राम के चरित्र को बखान करते नाटक और नृत्य प्रस्तुत किए जायेंगे ।

## पड़ोसी देश में हो रहे गरम गोश्त के धंधे में शामिल होने के लिए पूरनपुर से पहुंचे चार लोग एक गिरफ्तार बाकी फरार

पीलीभीत।पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र से चार पहिया वाहन में सवार होकर पड़ोसी देश नेपाल में गरम गोश्त के धंधे का मजा लेने के लिए एक चिकित्सक व एक कारपेंटर एव एक डीजे संचालक अपने साथियों के साथ पड़ोसी देश नेपाल के जिला कंचनपुर की नगर पालिका बैलोरी के होटल में देह व्यापार में लिप्त एक भारतीय युवक और नेपाली युवती समेत चार लोगों को नेपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया जिनको थाने ले जाकर नेपाली पुलिस ने पूछताछ की भारत की सीमा से लगे कंचनपुर जिले की बैलेरी थाना इंचार्ज गौरी प्रसाद बजगाई ने बताया की मुखबिर की सूचना पर बैलोरी नगर पालिका के वार्ड नंबर 6 स्थित गूगल रेस्टोरेंट में देह व्यापार की सूचना पर छापा मारा गया जहां पर धरान उप महानगर पालिका निवासी एक 24 वर्षीय युवती छाया काल्पनिक नाम होटल संचालिका एवं भारत देश के जिला पीलीभीत के थाना पूरनपुर निवासी चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया साथ ही उसके तीन अन्य साथी जिसमे एक कारपेंटर दूसरा डीजे संचालक एक अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश नेपाल पुलिस कर रही है। मामले में पूछताछ करने नेपाली पुलिस कभी भी भारत आ सकती है।

## पूर्व सांसद बलराज पासी ने नगर पंचायत मझोला के शुगर मिल स्थित पौराणिक शिव मंदिर में स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत की साफ-सफाई

पीलीभीत।पूर्व सांसद नैनीताल बहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी ने शुक्रवार को पीलीभीत बहेड़ी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा पीलीभीत के नगर पंचायत मझोला के शुगर मिल स्थित पौराणिक शिव मंदिर में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर 14 से 22 जनवरी तक तीर्थ स्थलों व मंदिरों में स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत आज साफ-सफाई की।साथ ही पासी ने सभी से अनुरोध किया है। कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के आवाहन पर आज से ही 22 जनवरी तक अपने आसपास के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रभु श्री राम के आगमन की तैयारी करें।इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत मझोला निशांत प्रताप सिंह सहित स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संवेदनशील सीमा

पिछले दिनों सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का एक बयान मीडिया की सुर्खियां बना था कि 'भारत-चीन सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन बेहद संवेदनशील है।' तब इस वक्तव्य को लेकर कयास लगाये जा रहे थे कि इस बयान के तात्कालिक निहितार्थ क्या हैं। जाहिर है इस स्थिति के चलते हम अपने सतर्कता प्रयासों को कम नहीं कर सकते हैं। पीएलए के किसी भी दुस्साहस को रोकने के लिये चौबीसों घंटे निगरानी की जरूरत महसूस की जा रही है। यह बात तो तय है कि मौजूदा हालात में भारत अपनी सुरक्षा तैयारियों को लेकर किसी तरह की ढील नहीं दे सकता। थल सेनाध्यक्ष के बयान के निहितार्थ तब सामने आए जब द ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि सितंबर 2021 और नवंबर 2022 के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिक कम से कम दो बार भिड़े हैं। इस पंद्रह महीने की अवधि के दौरान भारत ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी यानी पीएलए की निगरानी के उद्देश्य से कई गुप्त अभियान भी चलाए। दरअसल, ये झड़पें और ऑपरेशन पहले सार्वजनिक विमर्श में नहीं आए। पिछले दिनों पश्चिमी और मध्य सेना कमांड के एक कार्यक्रम में आयोजित अलंकरण समारोह के दौरान वीरता पुरस्कारों के लिये प्रशस्ति पत्र पढ़ने के दौरान इन तथ्यों का खुलासा हुआ। दरअसल, ये स्थितियां सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे द्वारा एलएसी को संवेदनशील बताये जाने की पुष्टि करती हैं। जिसका साफ निष्कर्ष यह भी है कि हम अपनी सुरक्षा तैयारियों से किसी भी तरह का समझौता नहीं कर सकते। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि क्षेत्र में अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को अंजाम देने के लिये चीन लगातार ताकत के बल पर अपने भू-भाग को विस्तार देने की कुत्सित कोशिश में लगा रहता है। भारत ही नहीं, अपने दर्जन भर पड़ोसियों से उसका लगातार सीमा विवाद चलता रहता है। यहां तक कि विवाद के ये मामले अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय तक भी पहुंचे हैं। दरअसल, अब चाहे थल सीमा हो या समुद्री सीमा, चीन की कोशिश लगातार छोटे देशों को दबाने की होती है। इसी तरह वह भारत की सीमा पर अतिक्रमण करके सामरिक बढ़त लेने की फिराक में रहता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत किसी भी उकसावे का सावधानीपूर्वक, लेकिन दृढ़ता से चीन को जवाब दे। यहां उल्लेखनीय है कि भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से दो टूक शब्दों में कह दिया है कि जब तक सीमा पर कोई मान्य समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक दोनों देशों के बीच अन्य संबंधों को सामान्य रूप से आगे बढ़ाने की कोई गुंजाइश नहीं रहती है। यदि चीन भारत के साथ सामान्य आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने की उम्मीद करता है तो पहले सीमा पर स्थिति सामान्य होनी चाहिए। देखा जाए तो इस तरह वास्तविक नियंत्रण रेखा के विवादों के समाधान व द्विपक्षीय संबंधों को पटरी पर लाने का मार्ग प्रशस्त करने की जिम्मेदारी बीजिंग पर ही है। बहरहाल, यह उचित ही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के चलते सीमा पर होने वाले टकराव और उस बाबत चलाए गए अभियानों की गोपनीयता बनी रहे। लेकिन एक बात तो तय है कि जून 2020 के गलवान संघर्ष के बाद हाल के वर्षों में सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव में किसी तरह की कमी नहीं आई है। पिछले साल, पेंटागन की एक रिपोर्ट में भी इस बात का दावा भी किया गया था कि चीन एलएसी पर तनाव को बढ़ाने वाली हरकतों को अंजाम दे रहा है। वर्ष 2022 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर डोकलाम के निकट चीन ने भूमिगत भंडारण सुविधाएं स्थापित की हैं। वहीं दूसरी ओर चीनी सेना की आवाजाही को गतिशील बनाने के लिये पैंगोंग झील पर दूसरा पुल बनाया गया है। वहीं सीमा के पास दोहरे उद्देश्य वाला हवाई अड्डा भी बनाया गया है। इतना ही नहीं सीमावर्ती इलाके में हेलीपैड बनाने के साथ ही सुरक्षा बलों की तैनाती को विस्तार देने के मकसद से बुनियादी ढांचे में वृद्धि की गई है। ऐसे में हम सुरक्षा तैयारियों को लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं कर सकते।

## संबंध मूल्य को स्थापित करता राजा राम का लोकजीवन

**श्रीराम एक आदर्श पुत्र थे। उन्होंने अपने पिता राजा दशरथ के वचन का पालन किया। उन्होंने राजा दशरथ द्वारा अपनी पत्नी कैकेयी को दिए वचन को पूर्ण करने के लिए राजपाट त्याग कर चौदह वर्ष का वनवास सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने अपनी माता के वचन का सहृदय से पालन करके यह सिद्ध कर दिया कि उनके लिए पिता के वचन और माता की प्रसन्नता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने वैभवशाली जीवन का त्याग करके वन में जीवन व्यतीत करना उचित समझा।**



डॉ. सौरभ मालवीय

सनातन धर्म के अनुयायी श्रीराम को भगवान मानते हैं तथा उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। वह भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने लंका नरेश रावण एवं अन्य राक्षसों का संहार करके मानव जाति को उनके अत्याचारों से मुक्त करवाने के लिए अयोध्या के राजा दशरथ के यहां राम के रूप में जन्म लिया था।

इसके इतर राम ने स्वयं को एक जननायक के रूप में स्थापित किया। उनका संपूर्ण जीवन इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए। इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया, इसलिए भी उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

**आदर्श पुत्र**: श्रीराम एक आदर्श पुत्र थे। उन्होंने अपने पिता राजा दशरथ के वचन का पालन किया। उन्होंने राजा दशरथ द्वारा अपनी पत्नी कैकेयी को दिए वचन को पूर्ण करने के लिए राजपाट त्याग कर चौदह वर्ष का वनवास सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने अपनी माता के वचन का सहृदय से पालन करके यह सिद्ध कर दिया कि उनके लिए पिता के वचन और माता की प्रसन्नता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने वैभवशाली जीवन का त्याग करके वन में जीवन व्यतीत करना उचित समझा। उन्होंने अपने पिता की मनोव्यथा एवं उनकी विवशता को अनुभव किया तथा बिना किसी अंतर्द्वन्द्व के वनवास जाने का निर्णय ले लिया। यह निर्णय कोई सरल कार्य नहीं था। आज के युग में कोई अपनी एक इंच भूमि भी अपने भाई को नहीं देना चाहता। भूमि और संपत्ति को लेकर भाइयों के मध्य रक्तपात हो जाता है। ऐसे में त्रेता युग में जन्मे श्रीराम परिवार मूल्य बोध के लिए एक आदर्श स्थापित करते हैं। चित्रकूट में जब भरत व उनके अन्य परिवारजन उन्हें पुनः अयोध्या वापस लौटने को कहते हैं, वह इसे अस्वीकार कर देते हैं। उनकी माता कैकेयी भी उनसे अपने वचनों को वापस लेने की बात कहती हैं, परन्तु वह अपने निर्णय पर अटल रहते हैं तथा उनके कथन को अस्वीकार कर देते हैं। वह अपनी माता से कहते हैं कि आपका वचन पिता से संबंधित था, मुझसे नहीं। मेरा संबंध तो पिता के वचन से है आपसे नहीं, इसलिए मैं उनके वचन की अवज्ञा नहीं कर सकता। मैं अपने पिता के वचन से बंधा हुआ हूं। तभी से यह कहा जा रहा है कि ॒रघुकुलरीत सदा चली आई, प्राण जाय पर वचन न जाय। वास्तव में राजा दशरथ अपने पुत्र से अत्यधिक स्नेह करते थे। पुत्र के वियोग में उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए, परन्तु अपने वचन का पालन किया।

**आदर्श भाई**: श्रीराम एक आदर्श भाई भी थे। उनके लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के प्रति अथाह प्रेम, त्याग एवं समर्पण के कारण उन्हें आदर्श भाई माना जाता है। उन्होंने अपनी माता कैकेयी के आदेश पर अपना राज्य अपने छोटे भाई भरत को सौंप दिया और स्वयं अपनी पत्नी सीता और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ वनवास के लिए प्रस्थान कर गए।

रामचरित मानस में भक्त शिरोमणि तुलसीदास कहते हैं-

सजि बन साजु समाजु सबु बनिता बंधु समेत।
बंदि बिप्र गुर चरन प्रभु चले करि सबहि अचेत।।

अर्थात वन के लिए आवश्यक वस्तुओं को साथ लेकर श्रीराम पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित ब्राह्मण एवं गुरु के चरणों की वंदना करके सबको अचेत करके चले गए।

**सद्भाव का संदेश**: श्रीराम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया। उन्होंने प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया। निषादों के राजा निषादराज श्रीराम के अभिन्न मित्र थे। वह ऋंगवेरपुर के राजा थे। उनका नाम गुह्यराज था। वह श्रीराम के बाल सखा थे। उन्होंने एक ही गुरुकुल में रहकर शिक्षा प्राप्त की थी। आदिवासी समाज के लोग आज भी निषादराज की पूजा करते हैं। उन्होंने वनवास काल में श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मण को गंगा नदी पार करवाई थी।

**संपूर्ण प्राणियों से प्रेम**: श्रीराम मनुष्यों से ही नहीं, अपितु पशु-पक्षियों से भी हृदय से प्रेम करते थे। पशु-पक्षियों ने भी समय-समय पर उनकी सहायता की। इनकी सहायता से ही उन्हें सीता के हरण के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। श्रीराम का गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है। जिस समय श्रीराम की सेना रामसेतु के निर्माण के कार्य में व्यस्त थी, उस समय लक्ष्मण ने उन्हें गिलहरी को निहारते हुए देखा। इस बारे में पूछने पर श्रीराम ने बताया कि एक गिलहरी बार-बार समुद्र के तट पर जाती है तथा रेत पर लोटपोट करके रेत को अपने शरीर पर चिपका लेती। जब रेत उसके शरीर पर चिपक जाती, तो वह सेतु पर जाकर सारा रेत झाड़ देती है। वह बहुत समय से ऐसा कर रही है। यह सुनकर लक्ष्मण ने कहा कि वह केवल क्रीड़ा का आनंद ले रही है। इस पर श्रीराम ने कहा कि लक्ष्मण से कहा कि मुझे ऐसा प्रतीत नहीं होता। उत्तम तो यही होगा कि हम इस संबंध में गिलहरी से ही पूछ लेते हैं। उन्होंने गिलहरी से पूछा कि तुम क्या कर रही हो? गिलहरी ने उत्तर दिया कि कुछ नहीं, केवल सेतु निर्माण के पुनीत कार्य में अपना थोड़ा सा योगदान दे रही हूं। उन्हें उत्तर देकर गिलहरी पुनः अपने कार्य के लिए चल पड़ी, तो लक्ष्मण ने उसे रोकते हुए पूछा कि तुम्हारे रेत के कुछ कणों से क्या होगा? इस पर गिलहरी ने उत्तर दिया कि आप सत्य कह रहे हैं। मेरे रेत के कुछ कणों से कुछ नहीं होगा, परन्तु मैं अपने सामर्थ्य के अनुसार जो योगदान दे सकती हूं, दे रही हूं। मेरे कार्य का कोई मूल्यांकन नहीं, परन्तु इससे मेरे मन को संतुष्टि प्राप्त हो रही है कि मैं अपनी योग्यता एवं सामर्थ्य के अनुसार अपना योगदान दे रही हूं। मेरे लिए यही पर्याप्त है, क्योंकि यह राष्ट्र का कार्य है एवं धर्म का कार्य है। गिलहरी का यह प्रसंग सदैव से ही प्रासंगिक रहा है, क्योंकि इससे यह प्रेरणा मिलती है कि प्रत्येक मनुष्य को अपने सामर्थ्य के अनुसार जनहित एवं राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए।

**नेतृत्व क्षमता**: श्रीराम एक लोक नायक थे। उनमें नेतृत्व की अपार क्षमता थी। उन्होंने समुद्र में पत्थरों से सेतु का निर्माण करवाया, जिसे राम सेतु कहा जाता है। सीताहरण के पश्चात उन्होंने वानरों की सेना के माध्यम से लंका पर चढ़ाई कर दी। एक ओर लंका नरेश रावण की बलशाली राक्षसों की शक्तिशाली सेना थी, तो दूसरी ओर निर्बल वानरों की छोटी सी सेना। किन्तु श्रीराम के पास सत्य की शक्ति थी और वानर सेना का उनके प्रति अटूट प्रेम, श्रद्धा एवं विश्वास था। इस सत्य एवं श्रद्धा के बल पर उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की। वे अपने मित्रों एवं साथियों को आदर एवं सम्मान देते थे। उन्होंने अपने मित्र निषादराज, सुग्रीव, हनुमान, केवट, जामवंत एवं विभीषण आदि को समय-समय पर नेतृत्व करने के अवसर प्रदान किए तथा उनकी हृदय से सराहना भी की।

**मातृभूमि से प्रेम**: लंका पर विजय प्राप्त करने के पश्चात श्रीराम ने लंका का राज्य रावण के भाई विभीषण को सौंप दिया तथा अयोध्या लौटने का निर्णय किया। इस पर लक्ष्मण ने कहा कि लंका में स्वर्गीय सुख है। लंका स्वर्णमयी है। अयोध्या में क्या रखा है? इस पर श्रीराम ने कहा-

अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।। (वाल्मीकि रामायण)

अर्थात यद्यपि यह लंका स्वर्ण से निर्मित है, फिर भी इसमें मेरी कोई रुचि नहीं है, जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है।

श्रीराम ने स्वयं को एक लोकनायक के रूप में ही प्रस्तुत किया। इसलिए वह कभी स्वाभाविक जीवन व्यतीत नहीं कर पाए। उनका बाल्यकाल शिक्षा ग्रहण करते हुए गुरुकुल में व्यतीत हुआ। गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं रहे, अपितु उन्हें अन्य बालकों की भांति ही अपने सारे कार्य स्वयं करने पड़ते थे। इसके अतिरिक्त में वह अपने सहपाठियों के साथ कंद-मूल एवं लकड़ियां एकत्रित करने वन भी जाते थे। इस प्रकार उनका बाल्यकाल सुख-समृद्धि में व्यतीत नहीं हुआ। युवा होने पर जब उन्हें राज्य का संपूर्ण दायित्व सौंपने का निर्णय लिया गया एवं उनके राज्यभिषेक की तैयारियां होने लगीं, तो उन्हें अकस्मात चौदह वर्ष के लिए वनवास जाना पड़ा। उन्होंने वनवास की समयावधि में भी अनेक कष्टों का सामना किया। जब रावण ने उनकी पत्नी सीता का हरण कर लिया, तो उन्हें पत्नी के वियोग में एवं उनकी खोज में वन-वन भटकना पड़ा। एक साहसी शत्रु से सामना करने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं था। उन्हें वानर राज सुग्रीव की सहायता प्राप्त हुई, परन्तु इससे पूर्व उन्हें बाली का वध करके सुग्रीव को राजा बनाना पड़ा। इस समयावधि में उन्हें अनेक कष्ट एवं आरोपों का सामना करना पड़ा। एक राजा के रूप में भी श्रीराम ने स्वयं को लोकनायक ही सिद्ध किया। उन्होंने लोकनायक के रूप में शासन किया। वह राजा थे। वह चाहते तो निरंकुश होकर निर्णय ले सकते थे, परन्तु उन्होंने लोकनायक के रूप में आदर्श स्थापित किया। उनके राज्य में सबको अभिव्यक्ति का अधिकार था। जब धोबी ने माता सीता के चरित्र पर प्रश्न चिन्ह लगाया, तो श्रीराम ने सीता का त्याग कर दिया। महाकवि भवभूति उत्तररामचरित में कहते हैं-

स्नेहं दयां च सौख्यं च, यदि वा जानकीमपि।
आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो, नास्ति में व्यथा।।

अर्थात देश व समाज की सेवा के लिए स्नेह, दया, मित्रता यहां तक कि धर्मपत्नी को छोड़ने में भी मुझे कोई पीड़ा नहीं होगी। माता सीता एक बार पुनः वनवास के लिए चली गईं। इसके पश्चात श्रीराम ने भी राजसी जीवन का त्याग कर दिया। वह एक वनवासी की भांति जीवन व्यतीत करने लगे। वह भूमि पर चटाई बिछाकर सोते तथा कंद-मूल खाते। वह अपनी पत्नी से अत्यधिक प्रेम करते थे, इसलिए उन्होंने दूसरा विवाह नहीं किया। उस समय राजा अनेक विवाह करते थे, परन्तु श्रीराम पत्नीव्रता रहे। श्रीराम ने एक पुत्र के रूप में, भाई के रूप में, पति के रूप में, मित्र के रूप में तथा राजा के रूप में समाज के लिए आदर्श स्थापित किया। उन्होंने प्रेम, भाईचारे, त्याग एवं समर्पण का संदेश दिया। वर्तमान युग में जब स्वार्थ बढ़ गया है तथा संबंध स्वार्थ सिद्धि तक ही सीमित होकर रह गए हैं, ऐसे में लोकनायक राम एक आदर्श बनकर सामने आते हैं।

**लेखक – लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसीएट प्रोफ़ेसर है।**

## शिक्षा के क्षेत्र में अस्थाई नौकरी और उसके दुष्परिणाम

**डॉ. रमेश शर्मा**

**केन्द्र सहित कई राज्य सरकारें नियुक्ति की निशिचत प्रकिया का अनुसरण करती हैं जो कर्मचारी की कार्य निष्पादन शक्ति बढ़ाती हैं, कानूनी लड़ाई और असंतोष को नियंत्रित रखने के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। प्रस्तावित योजना कई मायनों में घातक है। बेरोजगार तो इसे अपनाकर अल्पकालीन संतोष की अनुभूति करेंगे और विकल्प भी क्या है, बाद में जो होगा देखा जाएगा। मूल प्रश्न है कि मूल वेतन और नियमानुसार नियुक्ति क्यों नहीं।**

हिमाचल प्रदेश में अस्सी के दशक से विद्या उपासक के रूप में शिक्षा विभाग में अस्थाई तौर पर नियुक्तियों की जो शुरुआत हुई थी, अब यह गंभीरतम शक्ल लेती जा रही है। यह क्रम रूटीन विषय बन कर रह गया है। सभी विभागों में सरकारें नये-नये स्वरूप में हालात को बद से बदतर बनाती रही हैं। इस अस्थाई व्यवस्था को स्थाई बनाने के लिए न्यायालय, सरकार और यूनियनें लंबे समय तक अपनी ऊर्जा और समय का ह्रास करती हैं। व्यक्तिगत केस अलग से बढ़ते हैं। इस तरह की नियुक्ति मापदंड को दरकिनार कर होती हैं, जिससे कार्य कुशलता तो प्रभावित होती ही है, युवावर्ग में व्यापक असंतोष भी उभरता है। अनेक केसों में आरक्षण भी उपेक्षित रह जाता है। नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न स्तर पर हजारों पद भरे जाने आवश्यक हैं, जिनके लिए लोकसेवा आयोग जैसी एजेंसियां हैं। उनको बाईपास करते हुए नौकरी देना सरकारी अपराध है। इस प्रक्रिया पर विराम या अंकुश क्या कभी नहीं लगेगा।समान कार्य के लिए समान वेतन के आधार पर ऐसी व्यवस्था गैरकानूनी है, सभी जानते हैं। उसी पद पर कॉलेज में सरकारी वेतनमान लगभग एक लाख है, जहाँ औसतन बीस हजार रुपए मासिक और वह भी अस्थाई नियुक्ति के रूप में होगी। विद्या उपासक, एडहाक, टेन्योर, कंट्रैक्ट, पैरा टीचर्स, पीटीए, एसएमसी, पीरियड पर और अब गेस्ट फैकल्टी यह सूची केवल एक विभाग की है और एक ही बीमारी के अलग-अलग नाम भर हैं। मल्टी टास्क वर्कर्स आदि अन्य व्यवस्थाएं और भी हैं। केन्द्र सहित कई राज्य सरकारें नियुक्ति की निश्चित प्रकिया का अनुसरण करती हैं जो कर्मचारी की कार्य निष्पादन शक्ति बढ़ाती हैं, कानूनी लड़ाई और असंतोष को नियंत्रित रखने के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। प्रस्तावित योजना कई मायनों में घातक है। बेरोजगार तो इसे अपनाकर अल्पकालीन संतोष की अनुभूति करेंगे और विकल्प भी क्या है, बाद में जो होगा देखा जाएगा। मूल प्रश्न है कि मूल वेतन और नियमानुसार नियुक्ति क्यों नहीं। कब और कैसे होगी, कभी होगी भी या नहीं। ये सरकारी दांवपेंच कब तक चलेंगे। बैकडोर व्यवस्था पर विराम क्या कभी नहीं लगेगा? यदि साधनों की कमी है तो नियुक्ति चाहे थोड़ी हो लेकिन मेरिट और सम्मानजनक वेतनमान के बिना न हो। यूजीसी नेट और सेट पास अभ्यर्थी को सामान्य दिहाड़ी दार के पैसे देकर विद्यार्थी वर्ग को कहां तक पहुंचाया जा सकता है, स्पष्ट झलक रहा है। पिछली गलतियों के परिणाम सामने हैं और जो अब होंगी वे भी सामने आएंगे। शिक्षा नीति अपने में कुछ नहीं है यदि इसके पीछे का अध्यापक सक्षम और आवश्यक ऊर्जा से ओतप्रोत नहीं है तो और उसे क्रियाशील रखना सरकार और समाज का सामूहिक उत्तरदायित्व है। इस प्रक्रिया पर पुनर्विचार आवश्यक है।

### सेहत मंत्र

## मीठी तुलसी से मिलते हैं कई फायदे

तुलसी के औषधीय गुणों के बारे में तो आपने यकीनन सुना ही होगा। आमतौर पर लोग घरों में तुलसी का पौधा लगाकर ना सिर्फ उसका सेवन करते हैं, बल्कि उसकी पूजा भी करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी मीठी तुलसी और उससे मिलने वाले फायदों के बारे में सुना है। स्टीविया जिसे मीठी तुलसी के नाम से भी जाना जाता है, इसका स्वाद चीनी से भी 300 गुना मीठा होता है और यह सेहत के लिए भी उतनी ही गुणकारी है। स्टीविया वास्तव में सूरजमुखी परिवार के लगभग 240 प्रजातियों में पाया जाने वाला एक जीनस है, जो मुख्य रूप से अमेरिका के अलग-अलग भागों में पाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि इसका इस्तेमाल सालों से एक स्वीटनर के रूप में किया जाता रहा है। वैसे यह मधुमेह रोगियों के लिए बेहद ही लाभकारी है। ग्लूकोज रक्त पर स्टीविया का प्रभाव नग.य होता है, यहां तक कि ग्लूकोज सहनशीलता को यह बढ़ाता है, इसलिए, यह नेचुरल स्वीटनर के रूप में मधुमेह रोगियों और कार्बोहाइड्रेट नियंत्रित आहार पर रहने वाले अन्य लोगों के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट का यह भी मानना है कि स्टीविया यानि मीठी तुलसी आपके शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाती है और ऐसा इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण होता है। गौरतलब है कि स्टीविया में फलेवोनोइड्स, टैनिन, ट्राइटरपेन्स, कैफीनोल, कैफिक एसिड और क्वेरसेटिन जैसे कई एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप अपना वजन नेचुरली कम करना चाहते हैं तो ऐसे में स्टीविया को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। दरअसल, यह एक नेचुरल स्वीटनर है, जिसके कारण इसे प्रोसेस्ड नहीं किया जाता। रिसर्च से भी यह साबित हुआ है कि स्टीविया में मिठास चीनी से कहीं ज्यादा होता है, लेकिन इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत ही कम होती है। ऐसे में अगर आप अपने स्वाद से समझौता किए बिना वजन को नियंत्रित रखना चाहते हैं तो मीठी तुलसी यकीनन इसमें आपकी मदद करेगी।

### धर्म मंत्र

## सबकुछ दिलाता है 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजन

महालक्ष्मी के पूजन का यह सोलह दिवसीय अनुष्ठान भाद्रपद शुक्ला अष्टमी से प्रारम्भ होकर आश्विन कृष्णा अष्टमी को पूर्ण होता है। धनधान्य की देवी महालक्ष्मी को प्रसन्न करने हेतु सोलह दिन तक लगातार व्रत और उनकी पूजा तो की ही जाती है सोलह धागों से बना हुआ सोलह गांठयुक्त एक धागा भी हाथ में बांधा जाता है। अंतिम दिन पूजा करते समय इस धागे को उतार कर किसी सरोवर अथवा नदी में विसर्जित कर दिया जाता है। अनुष्ठान के एक दिन पूर्व सूत के सोलह धागों का एक डोरा बनाकर उसमें सोलह गांठें लगाई जाती हैं। फिर उसे हल्दी में रंग कर सुखा लेते हैं। व्रत और पूजा करने वाली स्त्रियां प्रतिदिन प्रातः काल किसी नदी या सरोवर में स्नान करके सूर्य को अर्घ्य देती हैं। सुहागिन स्त्रियां चालीस अंजलि और विधवा सोलह अंजलि अर्घ्य देती हैं। इसके बाद घर आकर एक चौकी पर डोरा रखकर लक्ष्मीजी का आह्वान करती हैं और डोरे का पूजन करती हैं। फिर सोलह बोल की यह कहानी कहती हैं? 'आमोती?दमोती रानी, पोला?परपाटन गांव, मगरसेन राजा, बंभन बरूआ, कहे कहानी, सुनो हे महालक्ष्मी देवी रानी, हम कहते तुमसे, सुनते सोलह बोल की कहानी।' इसी प्रकार आश्विन कृष्णा अष्टमी तक सोलह दिन व्रत और पूजा की जाती है। आश्विन कृष्णा अष्टमी अर्थात क्वार के प्रथम पक्ष की आठे को एक मंडप बनाकर उसमें लक्ष्मी जी की मूर्ति, डोरा और एक मिट्टी का हाथी रखकर पूजा की जाती है और फिर सोलह बार उपरोक्त कहानी कहकर अक्षत छोड़ती हैं। पूजा के लिए सोलह प्रकार के पकवान बनाये जाते हैं और पूरे धूमधाम से पूजा की जाती है। सोलह ब्राह्मणियों को भोजन कराकर पूजा की सभी वस्तुएं उन्हें दे दी जाती हैं और डोरे को सिरा दिया जाता है।

### पर्यटन



## ओडिशा में मौजूद हैं भारत की खूबसूरत झीलें

ओडिशा टूरिस्ट के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। भव्य मंदिरों, संग्रहालयों और मठ, समुद्र तट, जंगल और हरी-भरी पहाड़ियों के अलावा यहां पर कुछ बेहतरीन झीलें है। ओडिशा की झीलें प्राकृतिक और मानव निमित दोनों हैं और स्थानीय और पर्यटकों दोनों के लिए दर्शनीय स्थल हैं। चिल्का झीलः चिल्का झील सबसे बड़ी और ओडिशा की सबसे लोकप्रिय झीलों में से एक है। भारत में सबसे बड़ी खारे पानी की झील है और दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी है। हर तरफ हरे भरे जंगलों से घिरा, चिल्का झील पर्यटकों को बर्ड वॉचिंग, पिकनिक, बोटिंग और मछली पकड़ने के लिए बेहतरीन है। चिल्का झील झील की यात्रा के लिए नवंबर से मार्च सही समय है क्योंकि साइबेरिया से बहुत से प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। अंसुपा झीलः महानदी नदी के किनारे पर स्थित है और सारनदा हिल्स और बिष्णुपुर हिल्स से घिरा हुआ है, अंसुपा झील में अपार प्राकृतिक सुंदरता और विदेशी वनस्पति और जीव हैं। यह तैरते, जलमग्न और उभरते हुए जलीय पौधों और कई जलीय जीवों का घर है। यह झील न केवल वनस्पति विज्ञानियों और प्राणीविदों को आकर्षित करती है, बल्कि इसकी समृद्ध जैव विविधता भी बेहद लोकप्रिय है। आप यहां पर एक बस झील के किनारे बैठकर, शांत वातावरण का आनंद ले सकता है। पाटा झीलः छतरपुर शहर के पास स्थित, पाटा झील ओडिशा में मीठे पानी की झीलों में से एक है, जो साल भर पर्यटकों द्वारा घूमती है। खूबसूरत परिवेश से लेकर अपनी स्फूर्तिदायक ताजगी के लिए, पाटा झील काफी सुंदर जगह है और स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। कंजिया झीलः यदि आप भुवनेश्वर में हैं, तो कांजिया झील को अपनी सूची में जरूर रखें। शहर के बाहरी इलाके में स्थित, यह झील 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है और इसे प्रमुख जल स्रोत माना जाता है। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध जैव विविधता इसे ओडिशा की एक महत्वपूर्ण झील बनाती है। नंदन कानन जूलॉजिकल पार्क से जाने या वापस आते समय लोग आम तौर पर इस झील का दौरा करते हैं। अपर जोंकः यह जोंक नदी के पास पटोरा गांव में स्थित है।

# कमजोरो के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे स्व. प्रदीप बाबू:गोप

## पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने भी स्व. प्रदीप यादव को अर्पित किये श्रद्धासुमन

### पुण्यतिथि पर गरीबो को वितरित किये गए कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। गांव गरीब गुरबत में रहने वालों की बुलंद आवाज थे स्वर्गीय प्रदीप यादव जी, वो कमजोर असहाय लोगों के हक अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक कमजोरों की आवाज उठाते थे। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने पूर्व मंत्री राकेश वर्मा के साथ स्व.प्रदीप यादव की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में समाजवादी चिन्तक पूर्व मंत्री स्व.प्रदीप कुमार यादव जी की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं प्रदीप यादव के पौत्र द्वारा पार्टी कार्यालय पर ही आयोजित कंबल वितरण मे प्रदीप बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

राष्ट्रीय सचिव ने आगे कहा कि स्व.प्रदीप यादव बहुत ही सादगी पसंद नेता थे वह गरीब जनता के लिए हमेशा संघर्ष करते रहते थे उन्होंने अपने जीवन काल में हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों को प्राथमिकता दी।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि प्रदीप बाबू इतने सरल स्वभाव के थे कि उनसे कोई भी व्यक्ति कभी भी मिल सकता था वह छोटे से छोटे कार्यकर्ता की बात को बहुत ही गंभीरता से सुनते थे और उसके जायज काम के लिए मंत्री रहते हुए भी कार्यकर्ता के साथ पैदल ही अधिकारियों के यहां पहुंच जाया करते थे और जब तक कार्यकर्ता की संतुष्टि नहीं हो जाती थी तब तक उसके कार्य के लिए वह संघर्ष करते रहते थे।

विचार गोष्ठी से पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने जरूरतमंदों को स्व.प्रदीप यादव के पौत्र के साथ कंबल वितरित किये।

विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, प्रदेश सचिव सरताज चौधरी, विकास यादव, पूर्व अध्यक्ष डा कुलदीप सिंह, तुषार यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला उपाध्यक्ष पंडित रामचंद्र मिश्रा, कामता प्रसाद यादव, मोहम्मद सबाह, मोहम्मद रिजवान संजय, अंशिका रावत, विकास पांडेय(अन्नू पंडित), ज्ञान सिंह यादव, समीम चौधरी, जितेंद्र पटेल, जिला सचिव सिराज उस्मानी, ज्ञान सिंह यादव, लल्ला यादव, पवन वर्मा, सतीश यादव, आकाश यादव, महिला सभा अध्यक्ष पूनम यादव,मिथिलेश रावत, दिनेश वैश्य, अर्पित यादव, रीता यादव, दीपक गुप्ता, बलराम यादव, संतोष कुमार, संतोष रावत, रामनिवास यादव सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## बाराबंकी के क़स्बा तीरगांव में होगा दो दिवसीय उर्स का आयोजन

बाराबंकी। सैयद शाह अब्दुल रहमान साबरी चिश्ती अब्बासी अल-अलवी का 355वां वार्षिक दो दिवसीय उर्स पवित्र महीने शाबान-उल-मुज़म की 5 और 6 तारीख यानी 16 और 17 फ़रवरी को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

उर्स की सरपरस्ती पूर्व सज्जादा नशीन अल्हाज सूफ़ी सैयद इज़हार अली करेंगे। शकील ग्यावी के मुताबिक, सैयद मज़हर अब्बास ने सूचित किया है कि उर्स की तैयारियां चल रही हैं। उनके मुताबिक़ रहमानी मसीहा फाउंडेशन के तत्वावधान में 16 फरवरी को सूफ़ियाना मुशायरा और जश्न रहमान आयोजित किया जाएगा। जबकि 17 फरवरी को चादरपोशी,रस्म गुलपोशी और महफ़िल शमां के बाद क़ुल शरीफ़ का आयोजन किया जाएगा।

# सामाजिक चेतना कार्यक्रम हुआ आयोजित

## कमर फाउंडेशन के द्वारा किया गया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। मस्जिद मंदिर किसी प्रार्थना स्थल के दरवाज़े इंसानों के लिए बन्द करना लोगों को धार्मिक मान्यताओं को समझने से रोकना है क्योंकि संसार का हर धर्म मानव मूल्यों पर लगभग एक समान है इस्लामी किताब पवित्र कुरआन में तौरात, जुबूर, इंजील के अलावा अन्य अनाम किताबों का उल्लेख विधमान है उक्त विचार आज यहां एक मीनारा मस्जिद हलीमा नगर स्थित कमर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सामाजिक चेतना कार्यक्रम मुहम्मद साहब और मानवता को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के संरक्षक मौलाना मेराज अहमद कमर ने किया उन्होंने कहा कि एक लाख चौबीस हज़ार के लगभग ईशदूत सत्य धर्म के साथ ईश्वर ने मानव जाति के मार्गदर्शन हेतु भिन्न-भिन्न क्षेत्रों समाजों के लिए पैदा कर भेजे सभी ने ईश्वरीय शिक्षा पर आधारित दीक्षा से मनुष्यों को चलने के उपदेश दिए लेकिन लोगों ने अपनी मन मर्जी उनको संशोधित कर उस में विकारों को जोड़ दिया अतः ईश्वर ने उन्हें रद्द कर नई व्यवस्थाओं के साथ पुनः नई जीवन पद्धति हेतु नए नियम जारी किए अंततः ईश्वर ने मुहम्मद साहब को अपने अंतिम दूत को पवित्र क़ुरआन देकर मानवता की भलाई के लिए भेजा और कह दिया कि अब कोई दूत किसी माँ की कोख से जन्म नहीं लेगा मुहम्मद साहब की जीवन शैली से तुमको सीख लेकर सांसारिक व्यतीत करना है जिन्हें सीखने समझने के लिए विश्व में मुहम्मद साहब के करोड़ों उपदेशक मौजूद हैं जिन का अनुशरण कर प्रकाश-पथ प्राप्त हो गया।

उन्हों ने अयोध्या के मंदिर उद्घाटन के सम्बंध में मुसलमानों से अपील की कि इस विषय पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया से दूर रहें यदि कोई अनायास या द्वेष के कारण कोई भी प्रश्न करे तो उसे कहें कि आपको बधाई मेरे लिए मेरा ईश्वर काफी है क्योंकि राजनैतिक लोग माहौल खराब करने की चेष्टा कर सकते हैं इसलिए आप शांति के वाहक बन जाएं सुलह ए हुदैबिया को ध्यान में रखें ।

# ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को दी गई विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। आपको सभी को हर सरकारी योजना का लाभ मिले आप जागरुक हो इसी उद्देश्य से आज ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है उक्त बात ग्राम पंचायत सचिव विन्दराज यादव ने विकास खण्ड हैदरगढ़ ग्राम सभा बढनापुर में आयोजित ग्राम चौपाल में मौजूद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही । उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि किसान सम्मान निधि , राशन कार्ड , आयुष्मान कार्ड , बिधवा पेंशन , बृद्धा पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त हो इस बारे में विधवत जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधान श्री नाथ ने ग्रामीणों से कहा चौपाल में शिकायतों का निस्तारण होगा । बताते चले कि

शासन के निर्देश पर आज विकास खण्ड हैदरगढ़ के ग्राम सभा बढनापुर मे चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें सचिव विन्दराज यादव ने ग्रामीणों को जागरूक किया साथ ही मूलभूत सुविधाओं के साथ गाव की स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वाहन की बात कही। चौपाल में मुख्य रूप से एडीओ समाज कल्याण , बोरिग टेक्नीशियन रवि श्रीवास्तव , सचिव विन्धराज , समस्त ग्राम पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# अज्ञात जानवर की टक्कर से एक की मौत एक की हालत नाज़ुक

बाराबंकी। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के उमरापुर तालुक मजरे कंधईपुर निवासी सगे भाई बहन कामेंद्र शुक्ला(25) पुत्र हुकुम चंद्र शुक्ला, मुस्कान शुक्ला(22) पुत्री हुकुम चंद्र शुक्ला बीए अंतिम वर्ष का पेपर देकर अमानीगंज रुदौली से घर की ओर लौट रहे थे।

रास्ते मे अयोध्या-लखनऊ हाइवे पर नारायणपुर मोड़ के पास अज्ञात जानवर आ जाने से बाइक टकरा गई। दोनों लोग हाइवे पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने मुस्कान को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों भाई बहन का एडमिशन अमानीगंज स्थित सैमसी महाविद्यालय में था। बीए फाइनल ईयर का पेपर देकर स्प्लेंडर प्लस बाइक से यूपी 41 बीबी 0325 से घर की ओर लौट रहे थे। तभी रात सात बजे किसी जानवर से टक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे जा घुसी। लड़के ने हेलमेट लगा रखा था।

# रामनगरी को रोशन करेंगे बाराबंकी से भेजे गए एक लाख मोम के दीपक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में के बने मोम के दीपक रामनगरी को रोशन करेंगे। इसको लेकर ग्रामोद्योग व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आर्डर पर तैयार किए गए एक लाख दीपक से लदे वाहन को शुक्रवार को डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया।

मधुमक्खी द्वारा जमा की जाने वाले प्राकृतिक मोम से चैनपुरवा कायाकल्प फाउण्डेशन ने आर्डर मिलने के बाद एक लाख मोम के दिए तैयार कराए। इस काम को लेकर बाराबंकी में मधुमक्खी पालन के लिए ग्रामोद्योग ओर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद उनके द्वारा आकर्षक डिजायन में मोम के दिए बनाकर उनकी पैकिंग की गई। प्राण-प्रतिष्ठा पर इन दीपकों से अयोध्या नगरी रोशन हो इसके लिए डीएम व एसपी ने मोम के दीपक से लदे वाहन को अयोध्या के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## निषाद पार्टी के मुखिया डॉ संजय कुमार निषाद का घाघरा पुल पर हुआ भव्य स्वागत



बाराबंकी। बहराइच विभिन्न कार्यक्रमों में जाते समय बाराबंकी बहराइच राजमार्ग पर घाघरा पुल के पास निषाद पार्टी के समर्थकों व पदाधिकारी द्वारा कड़ाके की ठंड में निषाद पार्टी के मुखिया डॉ संजय कुमार निषाद मत्स्य विभाग कैबिनेट मंत्री,का लोगों ने किया भव्य स्वागत पार्टी के समर्थकों के स्वागत को देखते हुए डॉक्टर संजय कुमार निषाद ने जमकर सराहना की और 22 तारीख को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को घर-घर मनाने का आवाहन किया पार्टी के वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मालती देवी के स्वागत के लिए सैकड़ो महिलाओं का उजूम उमड़ पड़ा इस अवसर पर निषाद पार्टी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद जिला महामंत्री सचिन, अशोक प्रसाद निषाद, जिला सचिव राजा राम निषाद, उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद निषाद, शिव कुमार निषाद, सह संरक्षक रामनाथ निषाद व सैकड़ो की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने रामपथ की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाएजा, मातहतों से कहा- हर ओर रखें पैनी नजर, रहें अलर्ट

बाराबंकी। अयोध्या के नव्य श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाह रहा। इसको लेकर शुक्रवार को डीएम सत्येंद्र कुमार ने एसपी दिनेश कुमार सिंह के साथ लखनऊ की सीमा से रामपथ की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया।

राजमार्ग के होटल व ढाबों के साथ अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के सुचारू रूप से संचालन के निर्देश दिए। वहीं होटल व ढाबा संचालकों को साफ-सफाई के साथ वाहनों के पार्किंग की समुचित व्यवस्था का फरमान सुनाया। डीएम-एसपी सबसे पहले लखनऊ-बाराबंकी सीमा पर स्थित मोहम्मदपुर पुलिस चौकी व नगर कोतवाली क्षेत्र के ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को पेट्रोलिंग कर महत्वपूर्ण राजमार्ग के कट, तिराहा और चौराहों पर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। सभी पुलिस कर्मी अपने ड्यूटी प्वांइट पर मौजूद रहकर हर गतिविधियों पर नजर रखें। वहीं अयोध्या आने वाले मेहमानों को कोई दिक्कत न हो इसका भी ध्यान दें।

## होटल और ढाबों पर छापा,भरे गए नमूने

बाराबंकी। अयोध्या में होने वाली भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हाईवे किनारे संचालित होटल और ढाबों की जांच और तेज हो गई है। बृहस्पतिवार को सहायक खाद्य आयुक्त के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने करीब दो दर्जन से ज्यादा होटल और ढाबों की जांच की। चार नमूने भरकर जांच को भेजे गए। इस दौरान निर्देश दिए गए कि बिना लाइसेंस होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट का संचालन किसी भी कीमत पर न किया जाए। अन्यथा की दशा में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सहायक खाद्य आयुक्त प्रियंका सिंह ने जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रिया त्रिपाठी के साथ रसौली से सफदरगंज तक संचालित होटल और ढाबों की जांच की। वहीं, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज पांडेय ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह, ओंकारनाथ यादव व अन्य के साथ सफदरगंज से लेकर रामसनेहीघाट तक हाईवे किनारे संचालित होटल, ढाबों और रेस्टोरेंटों की जांच की। इस दौरान टीम ने यहां से पनीर और मिश्रित दूध के नमूने भरे।वहीं, टीम ने रॉयल आर्चिड होटल से भी पनीर और दूध के नमूना भरकर जांच के लिए भेजा है। पप्पू के ढाबे से मिश्रित दूध, न्यू नेशनल ढाबा से मसूर की दाल और न्यू फ़ेमिली ढाबा से बेसन के कुल सात नमूने भरकर जांच को भेजे। इसके अलावा टीम ने जनता जलपान गृह, वीएन फास्ट फूड, लाला जलपान, राधे-राधे ढाबा समेत करीब दो दर्जन होटल, ढाबों और रेस्टोरेंटों की जांच की। सीएफआई ने निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस संचालन न किया जाए। इधर से गुजरने वाले राम भक्तों और अन्य लोगों को ताजा भोजन दिया जाए। साफ-सफाई के साथ ही डस्टबिन रखी जाए। दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा की जाए ।

# चौकी प्रभारी संतोष कुमार राय की नम आंखों से हुई विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जैदपुर कोतवाली की चौकी अहमदपुर के चौकी प्रभारी संतोष कुमार राय हुए लाइन हाजिर। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की भव्य तैयारी के लिए चौकी को नया रूप देने, सजाने संवारने में लगे थे संतोष राय। तभी शासन का फरमान हुआ जारी।

जनता से अच्छा लगाव मिलनसाल व खुशदिल चौकी प्रभारी संतोष कुमार राय की लाइन हाजिर की खबर क्षेत्र में तेजी से आग की तरह फैलने से क्षेत्र की जनता का चौकी पर भीड़ सी लग गई । सभी ने फुल माला पहनाकर नम आंखों से चौकी इंचार्ज को दी विदाई। इस मौके पर छंदवल प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार, अहमदपुर प्रधान कलीमुद्दीन, समाजसेवी पुष्पेंद्र तिवारी, सुभाष रावत,सोनी मिस्त्री, हेड कांस्टेबल इंद्रजीत यादव, सिपाही भूपेंद्र सिंह, राजेश कुमार, विपिन कुमार, संदीप पटेल, सहित चौकी पुलिस टीम मौजूद रही।

# तृतीय राजीव चौधरी मेमोरियल जूनियर क्रिकेट चैंपियनशिप 2024 का हुआ भव्य उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तृतीय राजीव चौधरी मेमोरियल जूनियर क्रिकेट चैम्पियनशिप 2024 का भव्य उदघाटन ज़िला क्रीड़ा अधिकारी श्री नरेश चंद्र यादव जी द्वारा किया गया। ज़िला क्रीड़ा अधिकारी ने सर्वप्रथम स्वर्गीय राजीव चौधरी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और पहली गेंद खेलकर टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसीएशन के अध्यक्ष अख़्तर अज़ीज़ खान एवं उपाध्यक्ष आफ़ाक अली ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट किया। टूर्नामेंट के आयोजक संयुक्त सचिव जतिन चौधरी ने एवं संयुक्त सचिव अंकुर माथुर ने मुख्य अथिति को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसीएशन के उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह जी एवं सैफ़ मुख़्तार सद्दू सभी सम्मानित अतिथियों को बैच लगा के उनका स्वागत किया गया। डिस्ट्रिक्ट एसोसीएशन के सेक्रेटरी डॉ.चौधरी अहमद जावेद द्वारा बताया गया कि ज़िला स्तरीय क्रिकेट चैम्पियनशिप में 8 टीम प्रतिभाग कर रही हैं जिसका फ़ाइनल मैच 28 जनवरी को खेला जाएगा।

आज के दिन का पहला मैच सेंट एंथोनी एवं के ड़ी सिंह बाबू ट्रेनीज़ ए के बीच खेला गया। टॉस जीत कर के ड़ी सिंह ट्रेनीज ए की टीम ने क्षेत्ररक्षण का फ़ैसला किया।बल्लेबाज़ी करने उतरी सेंट ऐन्थॉनी स्कूल ने निर्धारित बीस ओवर में 8 विकेट के नुक़सान पे 89 रन का लक्ष्य के ड़ी सिंह ट्रेनीज़ ए को दिया जिसमें सर्वाधिक 25 रन अखंड प्रताप सिंह एवं 23 रन मानस के बल्ले से निकले गेंदबाज़ी कि तरफ़ से सर्वाधिक 3 विकेट रत्नेश सिंह एवं 2 विकेट अशहद हुसैन ने लिए जवाब में उतरी के ड़ी सिंह ट्रेनीज़ ए की टीम ने मात्र 8 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया जिसमें रत्नेश सिंह की अर्धशतकीय 57 रन की पारी ने सबका मनमोह लिया रत्नेश सिंह को मैन आफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में दूसरा मैच लॉर्ड्ज़ बालाजी क्रिकेट अकैडमी एवं वासुदेव क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीत कर लॉर्ड्ज़ बालाजी क्रिकेट अकैडमी ने वासुदेव क्रिकेट अकैडमी को बल्लेबाज़ी के लिए आमंत्रित किया जिसमें हर्षित यादव के 21 रन एवं अहमदुल्ला के 18 रनो की बदौलत वासुदेव क्रिकेट अकादमी ने 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 95 रन बना सकी जिसमें लॉर्ड बालाजी क्रिकेट अकादमी की तरफ़ से आशुतोष चौधरी ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए और सम्राट तिवारी, तालिब ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी लॉर्ड बालाजी क्रिकेट अकडेमी की तरफ़ से सर्वाधिक कप्तान सम्राट तिवारी ने 36 रन, शिवम यादव ने 21 रन, आशुतोष चौधरी ने 19 रन बनाते हुए ।

# अवध में दिवाली जैसा उत्सव, बीबीपुर में सजाए गए मंदिर


कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। भगवान श्री राम जी के अपने नवनिर्मित भवन में प्रवेश के शुभ अवसर पर अवध क्षेत्र में मंदिर सजने लगे हैं इसी इसी कर्म में बाराबंकी के सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बीबीपुर में प्रसिद्ध दुर्गा मां मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है जिसको सजाने में महिला ग्राम प्रधान बीबीपुर श्रीमती फूलमती देवी कर रही हैं ग्राम विकास अधिकारी पुनीत वर्मा भी पूरे दिनोंजन मंदिर को सजा रहे हैं 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विकासखंड सिद्धौर के अंतर्गत बीबीपुर मां दुर्गा मंदिर को फूल मालाओं और आकर्षण झालर के साथ सजय जा रहा है वही हमारे संवाददाता ने जब ग्राम प्रधान श्रीमती फूलमती देवी से बात की उन्होंने बताया मंदिर अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर भी हम लोग भी अपनी ग्राम पंचायत में स्थित मंदिर को जाने में लगे हुए हैं मंदिर सजाने में मंदिर कमेटी व ग्राम विकास अधिकारी पुनीत वर्मा भी लगे हुए हैं व मंदिर में प्रत्येक दिन सुबह 8:00 बजे से 9:00 तक भगवान श्री राम साथ प्रभात फ़ेरी निकाली जाती है रात में श्री राम नाम से कीर्तन किया जाता है मंदिर के प्रबंधक मनोज सोनी ने बताया कि ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी पुनीत वर्मा के द्वारा मंदिर को आकर्षक झालयों से सजाया गया है जिसकी सुंदरता रात में इतनी मनमोहन होती है कि लगता है साक्षात मां दुर्गा ने मंदिर में अवतार ले लिया है



### क्या बोली ग्राम प्रधान श्रीमती फूलमती देवी



महिला प्रधान ने बताया की 22 तारीख को भगवान श्री राम का बनवास खत्म होने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है इस दिन सभी लोग अपने-अपने घरों में दीपावली की तरह त्योहार मनाएं और प्राण प्रतिष्ठा के बाद जब भी मौका मिले सब परिवार राम जी के दर्शन करने जरूर जाएं ।


# कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

संख्या- 150(1)/मु0न0सू0यो0 / ई-निविदा/न0पं0सू0/2023-24 दिनांक-18 जनवरी 2024

## ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत सुबेहा बाराबंकी के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों तथा शासनादेश संख्या-3890/ नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5. लखनऊ, दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना में प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.स. | विवरण | प्रकाशन/प्रारम्भ तिथि | अन्तिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 18 जनवरी 2024 | - |
| 02 | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड की तिथि | 18 जनवरी 2024 | 07 फरवरी 2024 |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | 08 फरवरी 2024 | |
| 04 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी। | |

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्ते, कार्य का नाम, धनराशि सहित विस्तृत विवरण वेबसाइट- www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(अशोक कुमार खरवार)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सुबेहा
बाराबंकी

(देवीदीन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सुबेहा
बाराबंकी

# लाखों घरों में बिजली पहुंचा दी गई फिर भी देश में कोई लोड-शेडिंग नहीं : आरके सिंह

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत में बिजली की कमी 2014 के लगभग 4.5 प्रतिशत से घटकर आज 1 प्रतिशत से भी कम रह गई है। सिंह ने आज नई दिल्ली में मनी-कंट्रोल के पॉलिसी नेक्स्ट समिट को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी देश तब तक विकास नहीं कर सकता जब तक उसके पास पर्याप्त ऊर्जा शक्ति न हो। हमने 19 महीनों में 2 करोड़ 90 लाख घरों में बिजली पहुंचाई और फिर भी देश में कोई लोड-शेडिंग नहीं है। आरके सिंह ने यहां पर विद्युत क्षमता वृद्धि और वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का ब्यौरा देते हुए कहा कि पिछले नौ सालों में लगभग 194 गीगावॉट बिजली क्षमता जोड़ी गई है, जिसमें से 107 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा है। 19 लाख 30 हजार सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण किया। आज बिजली आपूर्ति क्षमता को 36 गीगावॉट से बढ़ाकर 117 गीगावॉट कर दिया गया है। 3,000 सबस्टेशन जोड़े, 4000 सबस्टेशन अपग्रेड किए, 5.5 लाख सर्किट किमी एलटी लाइनों जोड़े। 2.5 लाख सर्किट किमी एचटी लाइनें जोड़ी। इसके साथ,7.5 लाख ट्रांसफार्मर और विविध अन्य उपकरण लगाए। मंत्री ने कहा कि इन सबके परिणामस्वरूप हम ग्रामीण क्षेत्र में बिजली उपलब्धता 2015 में 12.5 घंटे से बढ़ाकर 21 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 23.8 घंटे तक लाने में सक्षम हुए हैं इसके साथ ही जेनरेटर के दिन लद गए। अब हमारे पास नियम है जो कहता है कि 24 घंटे सातों दिन बिजली अब एक अधिकार है और कोई भी डिस्कॉम अनावश्यक लोड-शेडिंग नहीं कर सकता है। यदि वे ऐसा करते है तो उन्हें जुर्माना देना होगा और उपभोक्ताओं को मुआवजा मिलेगा। मंत्री ने कहा कि भारत भी एक ऐसे देश के रूप में उभरा है जो ऊर्जा परिवर्तन में सबसे आगे है और नवीनीकरणीय क्षमता वृद्धि की हमारी दर सबसे तेज़ रही है। हमारे पास 187 गीगावॉट नवीकरणीय क्षमता है। हमने संकल्प लिया था कि 2030 तक हम अपनी 40 प्रतिशत क्षमता गैर-जीवाश्म-ईंधन से प्राप्त करेंगे। चूंकि, हमारी 44 प्रतिशत क्षमता गैर-जीवाश्म-ईंधन स्रोतों से है इसलिए हमने अब अपना लक्ष्य बढ़ा दिया है और हमने 2030 तक अपनी क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म-ईंधन स्रोतों से प्राप्त करने का वादा किया है। मंत्री ने कहा कि हम 2030 तक अपनी क्षमता का 65 प्रतिशत गैर-जीवाश्म-स्रोतों से प्राप्त करेंगे। मंत्री ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में बिजली क्षेत्र में किया गया कुल निवेश 17 लाख करोड़ रुपये है और 17.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश पाइप लाइन में है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली क्षेत्र में बदलाव किया है और इसे व्यवहार्य बनाया है। एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल (एटी एंड सी) घाटे को 27 प्रतिशत से घटाकर 15.41 प्रतिशत कर दिया गया है। इसे हम और कम करके 10-11 प्रतिशत पर लाना चाहते हैं। मंत्री ने बताया कि 2014 में अधिकतम मांग 130 गीगावॉट के आसपास थी, जबकि आज यह मांग 243 गीगावॉट तक पहुंच गई है। 2030 तक बिजली की मांग 400 गीगावॉट को पार करने की संभावना है, यह अर्थव्यवस्था की तेज वृद्धि का संकेत है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष मांग 9 प्रतिशत की दर से बढ़ी और इस वर्ष 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। दैनिक आधार पर मांग पिछले वर्ष के समान दिन की तुलना में 8 गीगावॉट - 10 गीगावॉट अधिक है। हमारे जितना बड़ा और तेजी से बढ़ने वाला कोई दूसरा बाजार नहीं है।

## राष्ट्रीय जल मिशन का दो दिवसीय सम्मेलन 23-24 जनवरी को महाबलीपुरम में

नई दिल्ली। जल सुरक्षा के दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय जल मिशन ल्ववाटर विजन अ2047- आगे का रास्ता- पर अखिल भारतीय सचिव सम्मेलन'' 23-24 जनवरी को महाबलीपुरम में आयोजित किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि महाबलीपुरम, चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित होने वाले सम्मेलन का उद्देश्य जल पर प्रथम अखिल भारतीय वार्षिक राज्य सरकार मंत्री सम्मेलन के दौरान केंद्र और राज्यों द्वारा सुझाई गई 22 संस्तुतियों पर विचार करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और की गई कार्रवाई की समीक्षा करना है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरई मुरूगन इस दो दिवसीय सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श में भाग लेंगे। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्रालय की एक फिल्म - ''फॉर ए वॉटर सिक्योर फ्यूचर'' और ''जल शक्ति अभियानः कैच द रेन - ए जर्नी'' नामक पुस्तक जारी की जाएगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पानी को एक महत्वपूर्ण उपयोगी वस्तु के रूप में स्वीकार करते हुए और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता को पहचानते हुए जल पर राज्य मंत्रियों का पहला अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन 5 और 6 जनवरी को भोपाल में आयोजित किया गया था। कार्यशाला का प्राथमिक उद्देश्य राज्यों और मंत्रालयों के साथ भागीदारी की तलाश करना और उसे मजबूत करना था। इसके साथ पानी से संबंधित मुद्दों पर समग्र और इंटर डिसिप्लीनरी दृष्टिकोण के साथ एकीकृत तरीके से एक बहुमूल्य संसाधन के रूप में पानी का प्रबंधन करने के लिए एक साझा दृष्टिकोण प्राप्त करना था। इस सम्मेलन के विचार-विमर्श का परिणाम 22 संस्तुतियां थीं। इन संस्तुतियों से निकलने वाले पांच महत्वपूर्ण विषयों- जल प्रशासन और जल गुणवत्ता, जलवायु लचीलापन और नदी स्वास्थ्य, जल उपयोग दक्षता, जल भंडारण और जन भागीदारी महाबलीपुरम सम्मेलन में प्रमुखता से रहेंगे।

# गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट में दो महिला पायलट उड़ाएंगी फाइटर जेट

**झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया**

**वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को दिखाएगी**

एजेंसी




नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू, 8 परिवहन, 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि एलसीए तेजस फॉर्मेशन गणतंत्र दिवस परेड में अपनी शुरुआत करेगा, जिनमें से चार परेड में तेजस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिसमें फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। इनमें सुखोई-30 को फ्लाइंग ऑफिसर अस्मा शेख और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अनन्या शर्मा उड़ाएंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना के मुताबिक गणतंत्र दिवस परेड में 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन और 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। चार विमान भारतीय सेना के और एक भारतीय नौसेना से होगा। परेड में 6 राफ़ेल वज्रांग फॉर्मेशन इनवर्टेड वाइन ग्लास फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। फ्लाईपास्ट का दूसरा भाग परेड के बाद लगभग 11:50 बजे शुरू होगा और 12:05 बजे समाप्त होगा।

इस वर्ष गणतंत्र दिवस के लिए भारतीय वायुसेना की झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया है। झांकी को सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर कैप्शन दिया गया है। इस बार 48 अग्निवीर वायु महिलाएं परेड में हिस्सा ले रही हैं। परेड में 144 सदस्यीय भारतीय वायुसेना के मार्चिंग दल का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर, स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव, स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलूवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल करेंगी। मार्चिंग दल का नेतृत्व करने वाली स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव ने पिछले साल पेरिस में 'बैस्टिल डे' परेड में हिस्सा लिया था। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'बैस्टिल दिवस' पर मुख्य अतिथि थे और इस साल इमैनुएल मैक्रॉन भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। उस समय भारतीय राफ़ेल जेट और भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने पेरिस में चैंप्स-एलिसीस में मार्च किया था।

## 'वन नेशन वन इलेक्शन' के पक्ष में नहीं है कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस 'वन नेशन वन इलेक्शन' के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार को वन नेशन वन इलेक्शन के लिए गठित की गई समिति के सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि कांग्रेस केन्द्र सरकार के इस विचार से सहमत नहीं हैं। एक लोकतांत्रिक देश में यह विचार संविधान की मूल भावना के विपरीत है। खड़गे ने कहा कि इस समिति में विपक्ष का समुचित प्रतिनिधित्व नहीं है। यह समिति विपक्ष को दरकिनार कर गठित की गई थी, क्योंकि केन्द्र सरकार की मंशा ठीक नहीं थी। खड़गे ने वन नेशन वन इलेक्शन समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द को संबोधित करते हुए लिखा कि केन्द्र सरकार उनके व्यक्तित्व और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के पद का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में उन्हें सावधान रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति कोविन्द की अध्यक्षता में पिछले साल सितंबर महीने में 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर एक समिति का गठन किया गया था। यह समिति अब तक दो बैठकें कर चुकी है। हाल ही में इस मुद्दे पर समिति ने कुछ दलों को पत्र लिखकर सुझाव मांगे थे, जिसके बाद कांग्रेस ने इस विचार को सिरे से खारिज कर दिया है।

## गणतंत्र दिवस परेड का आकर्षण बनेगा अनंत सूत्र, विभिन्न राज्यों की साड़ियों का होगा प्रदर्शन

नई दिल्ली। कर्तव्य पथ पर होने वाले इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड का एक आकर्षण होगा 'अनंत सूत्र' जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न प्रदेशों और केंद्र शासित प्रदेशों की साड़ियों का शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार की साड़ियों को दर्शक दीर्घा के पीछे प्रदर्शित किया जाएगा। यह भारत की नारी शक्ति और भारत के लाखों बुनकरों के प्रति पूरे देश की आदरांजलि है।

शुक्रवार को संस्कृति मंत्रालय ने एक्स पर वीडियो और जानकारी साझा करते हुए बताया कि अनंत सूत्र' के रूप में प्रस्तुत भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की साड़ियों और कपड़ों का प्रदर्शन 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का अनूठा अनुपम उदाहरण है। अनंत सूत्र' के माध्यम से भारत की एकता, सद्भाव, समरसता और समावेशिकता का प्रदर्शन इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। अनंत सूत्र' भारत के सांस्कृतिक वैभव और विरासत कि प्रतीक है, जिसमें अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उन लाखों बुनकरों की कला कि प्रदर्शन है, जिन्होंने पीढ़ियों से इस विरासत को संजो कर रखा है ।

## देश में अब तक दो लाख से ज्यादा विकसित भारत स्वास्थ्य शिविर लगे, पांच करोड़ लोगों ने लिया भाग

नई दिल्ली। देश में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अब तक ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में दो लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में आने वालों लोगों की संख्या 5 करोड़ के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इन शिविरों में 2.61 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 2.62 करोड़ से अधिक लोगों की टीबी की जांच की गई। इसके साथ लगभग 10 लाख लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। इन शिविरों में सिकल सेल रोग के लिए 31.34 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 60,900 लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफर किया गया। स्वास्थ्य शिविरों में आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत आयुष्मान ऐप का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं और लाभार्थियों को भौतिक कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। अब तक 48,96,774 कार्ड वितरित किए गए हैं।

## राम मंदिर जैसा आंदोलन दुनिया में कहीं नहीं हुआः कृष्ण गोपाल

अयोध्या। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल ने यहां के तुलसी उद्यान में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रधर्म मासिक पत्रिका के श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा विशेषांक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर डा. कृष्ण गोपाल ने कहा कि राम मंदिर जैसा आंदोलन पूरे विश्व में कहीं नहीं हुआ। देश को आजादी मिलने के बाद हिन्दू समाज को आशा थी कि जो हमारे मंदिर तोड़े गये हैं वह हमें प्राप्त हो जाएंगे, लेकिन जब राम, कृष्ण व शिव के मंदिर भी हमें वापस नहीं मिले तब आंदोलन करना पड़ा। राम मंदिर के लिए नौजवानों ने कारसेवा की। एक सुंदर इतिहास खड़ा हो गया। आज सारे विश्व में राम की यशकीर्ति फैली है।

डा. कृष्ण गोपाल ने कहा कि पुरुषार्थ एवं पराक्रम के कारण आज स्वर्णिम दिवस आया है। जन्मभूमि के लिए हिन्दुओं की सेना पर सेना आती थी और लड़कर बलिदान हो जाती थी। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग राम का प्रमाण मांगते हैं। राम का नाम आज करोड़ों लोग अपने मन में स्थिर कर रखे हैं। इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है। राम के नाम पर नगरों व गांवों के नाम हैं। राम लोकजीवन में बस गये हैं। राम इस देश की अंतरात्मा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन समाज को एक दृष्टि देता है। आजादी के बाद राम मंदिर हमें वापस नहीं मिला तो हिन्दू समाज को सड़क पर आना पड़ा। एक हजार वर्ष तक संघर्ष का कालखंड था। आसुरी शक्तियां हिन्दू समाज का नामोनिशान मिटा देना चाहती थीं। हजारों मंदिरों का विध्वंस किया गया। लाखों लोगों की हत्या और करोड़ों लोगों का मतांतरण किया गया। उस समय स्थिति यह थी कि इस्लाम स्वीकार करो या फिर मरने को तैयार हो जाओ। ऐसे समय में हिन्दू समाज संतों के चरणों में चला गया। असहाय हिन्दू समाज के लिए संत समाज साथ खड़ा हो गया। राष्ट्रधर्म के संपादक डा. ओमप्रकाश पांडेय ने बताया कि यह विशेषांक पूर्णरूप से राम मंदिर आंदोलन पर समर्पित है। इस अंक में आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संतों, वरिष्ठ प्रचारकों एवं आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रधर्म के प्रबंधक डा. पवन पुत्र बादल ने किया। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या को लेकर नकारात्मक विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जाता था कि अयोध्या मुस्कुरा नहीं सकती। आज पूरे विश्व की निगाह अयोध्या पर है। सब अयोध्या आने को आतुर हैं। राष्ट्रधर्म के प्रभारी निदेशक सर्वेश चन्द्र द्विवेदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत, इतिहास संकलन समिति के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय,पांचजन्य के पूर्व संपादक तरुण विजय, श्रीराम आश्रम के महंत जयराम दास महाराज, 52 मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज व संघ के सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ अशोक दुबे, सामाजिक समरसता के प्रांत प्रमुख राज किशोर उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

### 22 जनवरी....

चल रही है। पैदल न आएं। हम जनपदों व राज्यों को व्यवस्था दे रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास से चर्चा कर कार्ययोजना बनाएंगे। सीएम ने अनुरोध किया कि हम सभी का दायित्व है कि अव्यवस्था की स्थिति न बने। मुख्यमंत्री ने अपील की कि बिना प्रोग्राम के न आएं। धैर्य बनाकर अपनी बारी का इंतजार करें और यहां के कार्यक्रम के अनुरूप ही आएं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यहां व्यवस्था की जा रही है। किसी को असुविधा नहीं होगी। प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन के साथ लोकल स्तर पर व्यवस्था कर रहे हैं। प्रदेश में बीट प्रणाली लागू करने को कहा है, जो निचले स्तर तक लोगों से संवाद बनाकर लाने व व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने में योगदान दे सके। लोकल स्तर पर राज्य से बसों की व्यवस्था की तैयारी कर रहे हैं। दर्शन कब कैसे और किस प्रकार होगा, यह प्रक्रिया न्यास तय करेगा और हम उसके अनुरूप व्यवस्था कर रहे हैं।

### अयोध्या...

पहुंचे। अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। यहां सीएम ने श्रीरामभद्राचार्य का हालचाल भी जाना। आयोजन स्थल पर सीएम को देख उपस्थित श्रद्धालुओं व आगंतुकों ने अपने मोबाइल में फोटो व वीडियो बनाया। सभी सीएम की एक झलक पाने को बेताब दिखे। मुख्यमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन किया।

योगी ने प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों का लिया जायजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दर्शन-पूजन के उपरांत राम मंदिर भी पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद शुक्रवार को पूजन में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां दिव्य-भव्य मंदिर का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। यहां विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश से व्यवस्था से जुड़ी जानकारी ली। फिर विहिप, ट्रस्ट के साथ ही स्थानीय प्रशासन-पुलिस के अफसरों को चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया।

योगी का किया गया भव्य स्वागत

अमृत महोत्सव पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी भव्य स्वागत किया गया। यहां विटेंज कार में बैठकर सीएम योगी आदित्यनाथ कथा स्थल के अंदर पहुंचे। इस दौरान श्रीरामभद्राचार्य जी के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्यप्रताप शाही, जयवीर सिंह, विधायक डॉ.अमित सिंह चौहान आदि अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सीमावर्ती ...

अंतिम होता था, लेकिन हमारी सरकार की सोच बॉर्डर एरिया चेहरा है। इसलिए हम सीमाओं पर भी विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं। आज देश में हर सीमावर्ती इलाकों में सड़कें, सुरंगों और पुलों के माध्यम से कनेक्टिविटी दी जा रही है। इसका सुरक्षा के साथ ही बॉर्डर एरिया पर रह रहे लोगों के विकास और कल्याण से संबंध जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े लोग किसी सिपाही से काम नहीं है यह हमारी सरकार की मान्यता है। उन्होंने कहा कि पहले के समय में सीमावर्ती इलाकों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। उसे समय की सरकार अलग मानसिकता से काम करती थी। उनके हिसाब से मैदानी इलाकों में रहने वाले लोग ही मुख्य धारा के लोग होते थे। अब हमारी सरकार ने पुरानी सोच को बदला है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार संकल्पित होकर सीमावर्ती और पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सीमा पर सैनिकों की तैनाती ही नहीं वहां के स्थानीय लोगों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी काम कर रही है। हम सीमावर्ती इलाकों को बफर जोन में नहीं मेन स्ट्रीम का हिस्सा मानते हैं। सीमावर्ती इलाकों में ही हम अपनी तैनात सेनाओं और वहां के लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे, जो सेना और सुरक्षा दोनों के लिए सहायक हो।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीमा के आखिरी छोर तक विकास की परियोजनाओं को ले जाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि देश के विकास सागर से लेकर सीमाओं तक पहुंचे।

राजनाथ ने कहा कि हाल ही में सीमावर्ती राज्यों में जिस प्रकार से प्राकृतिक आपदाएं घटित हुई हैं उस पर अध्ययन करने की जरूरत है। हिमालय का विस्तार अन्य राज्यों में भी है लेकिन कुछ राज्यों में घटनाएं घटी हैं जिसे अनदेखी नहीं किया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन केवल मौसम से नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ भी विषय है। रक्षा मंत्रालय इसे बहुत गंभीरता से ले रहा है। इस मामले में मित्र राष्ट्रों से भी सहयोग लेने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से बीआरओ ने जिस तत्परता से इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम किया है वह अभूतपूर्व और प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि 2023 में 125 प्रोजेक्ट को पूरा कर बीआरओ ने एक रिकॉर्ड बनाया है। प्रत्येक उद्घाटन बीआरओ की प्रतिबद्धता और उनकी मेहनत का प्रतीक बनकर उभरा है। रक्षा मंत्री ने उत्तराखंड सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा मुख्यमंत्री धामी ने बीआरओ के हर प्रोजेक्ट में तत्परता के साथ बढ़ चढ़कर साथ काम किया है। धामी के नेतृत्व में राज्य विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। रक्षा मंत्री ने सिल्कयारा सुरंग बचाव अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि इस कार्य में बीआरओ महिला कामगारों की विशेष भूमिका रही है। इस कार्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रात दिन लगकर जिस तत्परता से कार्य किया, वह प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, लेफ्टिनेंट जनरल लद्दाख ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा, पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, एडीजी बीआरओ हरेन्द्र सहित अन्य मौजूद रहे।

### ज्ञानवापी ...

ने इस मामले में छह माह में निर्णय देने का आदेश दिया है।

### गणतंत्र...

आंच न आए। गृह मंत्रालय ने राज्यों से यह भी अनुरोध किया है कि लोग गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के बाद कागज आदि के बने झंडे को जमीन पर न फेंकें, इसके लिए राज्य सरकार जागरूकता अभियान चलाएं।

### राम-सीता ..

अशांति और विघटन को हथियार बनाने वालों को जवाबदेह बनाएं। उन्होंने संविधान सभा के सदस्यों द्वारा निर्धारित मूल्यों के प्रति सचेत रहने के लिए जन प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

गुजरात को महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू.कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों का एकीकरण श्री पटेल की भागीदारी से हुआ था। संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को अस्थायी प्रावधानों ने स्थायी का रूप ले लिया था। उन्होंने कहा कि अगर श्री पटेल जम्मू.कश्मीर के एकीकरण में भी शामिल होतेए ये मुद्दे पैदा नहीं होते

### प्राथमिकता...

कहा कि बाढ़मुक्त और नशामुक्त पूर्वोत्तर बनाने पर हमें जोर देना होगा। बड़ी झीलों का निर्माण कर वर्षा के जल को उनमें समाहित कर हम पर्यटन को आकर्षित करने के साथ ही पीने का पानी और सिंचाई की व्यवस्था को भी सुदृढ़ कर सकते हैं।

### बेंगलुरु...

प्रौद्योगिकी परिसर बेंगलुरु की इस पहचान को मजबूत करेगा। मोदी ने कहा कि ये कैंपस 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के संकल्प को सशक्त करता है। ये कैंपस, भारत की योग्यता पर दुनिया के भरोसे को भी मजबूत करेगा। भारत इस सेंटर में भविष्य के विमान को भी डिजाइन करेगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा वैश्विक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार, डिजाइन और मांग को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सुविधा मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के संकल्प को मजबूत करती है।

पिछले 10 सालों में भारत के विमानन क्षेत्र में हुए बदलाव का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अपने नागरिकों की आकांक्षाओं को प्राथमिकता देता है। 2014 में, भारत में लगभग 70 परिचालन हवाई अड्डे थे। आज भारत में 150 से अधिक परिचालन हवाई अड्डे हैं। केंद्र सरकार ने न केवल हवाई अड्डे बनाए हैं बल्कि उनकी दक्षता बढ़ाने पर भी काम किया है। तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र भारत के विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देता है।

इस बीच प्रधानमंत्री ने पिछले 10 सालों में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केंद्र में स्थायी सरकार है तो इस बीच जनसमूह ने तालियां बजाकर मोदी-मोदी के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का समर्थन किया। इस पर मोदी ने मंच पर मौजूद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से कहा, ल्लसिद्धारमैया जी ऐसा होता रहता है।

मोदी ने कहा, ल्लभारत का पर्यटन क्षेत्र भी काफी तेजी से विकास कर रहा है। नई संभावनाएं बन रही हैं। भारत में इतनी संभावनाएं हैं तो भारत में हमें एयरक्राफ्ट मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम का तेजी से निर्माण करना होगा। भारत में एमएसएमई का एक सशक्त नेटवर्क है। भारत में एक बहुच बड़ा टैलेंट पूल है। भारत में एक स्टेबल सरकार है।

प्रधानमंत्री ने चंद्रयान की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत का चंद्रयान-3 वहां पहुंचा, जहां कोई देश नहीं पहुंच पाया। इस सफलता ने देश के नौजवानों में वैज्ञानिक स्वभाव को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि आज विमानन क्षेत्र से जुड़ा हर हितधारक नए उत्साह से भरा हुआ है। उत्पादन से लेकर सेवा तक हर हितधारक भारत में नई संभावनाएं तलाश रहा है। प्रधानमंत्री ने लाल किले के अपने भाषण को याद करते हुए कहा कि यही समय है, सही समय है। बोइंग और दूसरी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भी ये सही समय है। ये उनके लिए भारत की तेज ग्रोथ के साथ अपनी ग्रोथ को जोड़ने का समय है।

प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि एविएशन और एयरोस्पेस सेक्टर में भी हम महिलाओं के लिए नए अवसर बनाने में जुटे हैं। चाहे फाइटर पायलट हों या सिविल एविएशन हो, आज भारत महिला पायलट के मामले में लीड कर रहा है। आज भारत के पायलट में से 15 प्रतिशत महिला पायलट हैं। ये ग्लोबल एवरेज से तीन गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि भारत एसटीईएम शिक्षा का केंद्र है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी बहुत अधिक है।

### प्रधानमंत्री...

चुनौतीपूर्ण आपात स्थितियों में उनकी अद्वितीय बहादुरी और अथक प्रयास वीरता की सच्ची भावना को दर्शाते हैं। वे आशा और राहत लाने के लिए आपदाओं के बीच में जाने का साहस करते हैं। वे न केवल जीवन बचाते हैं बल्कि मानवता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण भी पेश करते हैं। आपदा प्रतिक्रिया और लचीलेपन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उल्लेखनीय है।ङ्क

### प्रधानमंत्री...

के जिला नेल्लोर में हुआ था।

# गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट में दो महिला पायलट उड़ाएंगी फाइटर जेट

■ झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू, 8 परिवहन, 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि एलसीए तेजस फॉर्मेशन गणतंत्र दिवस परेड में अपनी शुरुआत करेगा, जिनमें से चार परेड में तेजस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिसमें फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। इनमें सुखोई-30 को फ्लाइंग ऑफिसर अस्मा शेख और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अनन्या शर्मा उड़ाएंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना के मुताबिक गणतंत्र दिवस परेड में 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन और 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। चार विमान भारतीय सेना के और एक भारतीय नौसेना से होगा। परेड में 6 राफ़ेल वज्रांग फॉर्मेशन इनवर्टेड वाइन ग्लास फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। फ्लाईपास्ट का दूसरा भाग परेड के बाद लगभग 11:50 बजे शुरू होगा और 12:05 बजे समाप्त होगा। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के लिए भारतीय वायुसेना की झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया है। झांकी को सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर कैप्शन दिया गया है। इस बार 48 अग्निवीर वायु महिलाएं परेड में हिस्सा ले रही हैं। परेड में 144 सदस्यीय भारतीय वायुसेना के मार्चिंग दल का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर, स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव, स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलूवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल करेंगी। मार्चिंग दल का नेतृत्व करने वाली स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव ने पिछले साल पेरिस में 'बैस्टिल डे' परेड में हिस्सा लिया था। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'बैस्टिल दिवस' पर मुख्य अतिथि थे और इस साल इमैनुएल मैक्रॉन भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे।

# सऊदी अरब में फंसा उत्तरकाशी का मजदूर विदेश राज्य मंत्री से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उत्तरकाशी। सऊदी अरब में फंसे उत्तरकाशी के इन्द्रमणी नौटियाल को स्वदेश लाने के लिए गाजणा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रदीप भट्ट ने विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी से मुलाकात कर उन्हें एक पत्र सौंपा है। विदेश राज्य मंत्री को सौंपे गए पत्र में कहा कि उत्तरकाशी अंतर्गत डुंडा प्रखंड के ग्राम गोरसाड़ा के इन्द्रमणी नौटियाल वर्ष 2018 में रोजगार के लिए सऊदी अरब गये थे। पत्र में कहा कि इन्द्रमणी सऊदी अरब के रियाद शहर में एक कंपनी में ट्रक ड्राइवर की नौकरी करते थे। इसी दौरान उनके सड़क पर पार्क किए ट्रक से एक तेज गति से आ रही कार टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में इन्द्रमणी का कोई दोष नहीं था। जिसके बाद पूरा मामला सऊदी अरब कोर्ट में चला। मामले में कोर्ट ने पाया कि उक्त ट्रक का इंश्योरेंस (बीमा) नहीं हुआ था, जिसकी जिम्मेदारी ट्रक मालिक कम्पनी की थी, लेकिन इस मामले में इन्द्रमणी को दोषी बनाकर 1 साल जेल की सजा भुगतनी पड़ी। प्रदीप भट्ट ने अनुरोध पत्र में कहा कि जेल की सजा भुगतने के बाद भी इन्द्रमणी को ट्रक मालिक कम्पनी द्वारा बीते 5 साल से भारत लौटने नहीं दिया जा रहा है और बंधुआ मजदूर बनाकर कम्पनी में नौकरी करवायी जा रही है। पत्र में आगे कहा कि उनकी पत्नी द्वारा अवगत करवाया गया है कि कम्पनी द्वारा परिजनों को उसकी तनख्वाह भी नहीं भेजी जा रही है, जिस कारण इन्द्रमणी के दो बच्चे व पत्नी अपने गांव में बेसहारा व तंगहाली का जीवन जीने को विवश हैं।

# मुख्यमंत्री ने टिहरी की योजनाओं पर डीएम से मांगा प्रस्ताव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई टिहरी। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कई अहम मुद्दों पर टिहरी डीएम को परीक्षण के उपरांत यथोचित प्रस्ताव तत्काल देने के निर्देश दिए हैं। विधायक उपाध्याय ने भी डीएम से इन प्रस्ताव पर चुनावी आचार संहिता से पूर्व ठोस कार्यवाही करने को कहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री धामी के टिहरी आगमन के दौरान विधायक किशोर उपाध्याय ने विभिन्न मांगों व मुद्दों को लेकर उन्हें पत्र सौंपा था। जिसमें उन्होंने हनुमंत राव कमेटी के आलोक में बांध विस्थापित एवं प्रभावितों को पेयजल निशुल्क उपलब्ध कराने, नई टिहरी शहर में अतिरिक्त भूमि का नियमीकरण, नई टिहरी स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाने, कोटी कॉलोनी से बौराड़ी होते हुए नई टिहरी तक रोपवे का निर्माण, कैंथोली से चंद्रबदनी मंदिर तक रोपवे का निर्माण, नई टिहरी की आंतरिक सड़कों का हाटमिक्स डामरीकरण करना, नई टिहरी दुग्ध संघ को पुर्नजीवित करने सहित गांवों के लिए सड़कों के निर्माण की मांग की थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए 7 जरूरी मांगों पर डीएम से परीक्षण कर तत्काल प्रस्ताव मांगे हैं। विधायक किशोर उपाध्याय ने भी डीएम को तत्काल प्रस्ताव भेजने को कहा है।

# देश में अब तक दो लाख से ज्यादा विकसित भारत स्वास्थ्य शिविर लगे, पांच करोड़ लोगों ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। देश में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अब तक ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में दो लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में आने वालों लोगों की संख्या 5 करोड़ के पार पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इन शिविरों में 2.61 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 2.62 करोड़ से अधिक लोगों की टीबी की जांच की गई। इसके साथ लगभग 10 लाख लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। इन शिविरों में सिकल सेल रोग के लिए 31.34 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 60,900 लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफर किया गया। स्वास्थ्य शिविरों में आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत आयुष्मान ऐप का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं और लाभार्थियों को भौतिक कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। अब तक 48,96,774 कार्ड वितरित किए गए हैं।

## उत्तराखंड में 22 को सभी राजकीय कार्यालय, संस्थान एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान आधे दिन रहेंगे बंद

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रदेश के सभी राजकीय कार्यालय, संस्थान, औद्योगिक प्रतिष्ठान को आधे दिन केन्द्र सरकार की भांति बंद रखने का निर्णय लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अयोध्या में 22 जनवरी (सोमवार) को राम जन्म भूमि परिसर में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन सुनिश्चित है। इस कारण राज्य के सभी राजकीय कार्यालय, संस्थान, औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं निगोशिएबल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट, 1881 के अधीन बैंक, कोषागार, उप कोषागार 22 जनवरी को आधे दिन (अपराह्न 2.30 बजे तक) केन्द्र सरकार की भांति बन्द रखने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त समस्त शैक्षणिक संस्थान स्कूल एवं कॉलेज 22 जनवरी को बंद रहेंगे।

## दस आपत्तियां भी नहीं बचा सकीं हल्दूचौड़ दुग्ध संघ की सीट

हल्द्वानी। दुग्ध संघ हल्दूचौड़ सीट को पूर्ण रूप से समाप्त करने का अंतिम आदेश जारी हो गया है। परिसीमन की आखिरी सूची जारी होने के बाद विभाग ने धारी सीट को पक्का करते हुए चुनाव की अग्रिम प्रक्रिया की तैयारी शुरू कर दी है। आगामी पांच फरवरी को राज्यभर में दुग्ध संघ चुनाव होना तय है। नैनीताल में परिसीमन को लेकर आपत्तियों का निस्तारण करते हुए डेयरी विकास निदेशालय ने परिसीमन की अंतिम सूची जारी कर दी है। नैनीताल जिले में परिसीमन को लेकर चल रहा विवाद भी थम चुका है। अन्तिम सूची में जिले में हल्दूचौड़ दुग्ध संघ की सीट को समाप्त कर दिया गया था। इसे लेकर 10 से अधिक आपत्तियां सहायक डेयरी निदेशक कार्यालय में पहुंची थीं। आपत्तियां लगाने और विरोध के बाद भी निदेशालय का फैसला वही रहा और धारी को नई सीट घोषित करते हुए हल्दूचौड़ सीट पर विराम लगा दिया।

# मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से नगर आयुक्त शैलेन्द्र सिंह नेगी ने की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल से शुक्रवार को नगर आयुक्त शैलेन्द्र सिंह नेगी ने मुलाकात की। इस दौरान मंत्री डॉ अग्रवाल ने नगर आयुक्त से श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संबंध में नगर निगम की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही नगर निगम की छवि सुधारने के लिए भी कहा। बैराज रोड स्थित कैम्प कार्यालय में मुलाकात के दौरान मंत्री डॉ अग्रवाल को नगर आयुक्त ने बताया कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए नगर की ओर से सौंदर्यीकरण को लेकर मुख्य चौराहे पर लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि त्रिवेणी घाट और इंद्रमणि बडोनी चौक पर एलईडी लगाई गई है, जिसमें प्रतिदिन शाम भजन चलाये जा रहे हैं। इस पर मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि नगर के चौराहे, पार्क, सार्वजनिक जगहों पर साफ सफाई की जाए। डॉ अग्रवाल ने कहा कि नगर में स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे स्थानीय नागरिकों सहित अन्य प्रदेशों से पहुंचने वाले पर्यटक एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके। डॉ अग्रवाल ने कहा कि निगम बंद पथ प्रकाश को ठीक करें। साथ ही निगम अपनी छवि सुधारे।

## मान ने अग्निवीर की मौत पर अफसोस जताया

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जम्मू के राजौरी में जमीनी सुरंग विस्फोट में मारे गये अग्निवीर जवान अजय सिंह की मौत पर अफसोस जताया है। श्री मान ने 'एक्स' पर लिखा कि वह जवान के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। अजय सिंह खन्ना के रामगढ़ सरदारस गाँव के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने सरकार की तरफ से परिवार को हर संभव मदद देने का भी आश्वासन दिया।

## एसीबी ने रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम ने शुक्रवार को करनाल में 15 हजार की रिश्वत लेते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एसीबी की टीम को शिकायत मिली थी कि सेंट्रल इनकम टैक्स एंड सर्विस डिवीजन रेंज -22 ( सिटी एरिया) के कंप्यूटर ऑपरेटर दिनेश कुमार द्वारा जीएसटी नंबर को निरस्त करने से रोकने के बदले में रिश्वत की मांग की है।

# छात्रों ने कर्ण मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के कर्णप्रयाग महाविद्यालय के एनएसएस के छात्रों ने शुक्रवार को कर्ण मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिना नौटियाल के निर्देशन में स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने कर्णप्रयाग स्थित कर्ण मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। मंदिर परिसर में बिखरे फूल-पत्तियों को एकत्र कर अलकनंदा नदी में प्रवाहित किया गया। मुख्य सड़क से मंदिर परिसर के पहुंच मार्ग की भी सफाई की गई। प्राचार्य प्रो. के.एल. तलवाड़ के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

# देवाल में पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के देवाल ब्लॉक मुख्यालय पर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों का तीन दिवसीय पंचायत विकास योजना एवं थीम आधारित नियोजन विषय पर शुक्रवार से प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षण केयर इन नीड़ वेलफ़ेयर सोसायटी की ओर से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए क्षेत्र प्रमुख डॉ. दर्शन दानू ने कहा कि प्रशिक्षण से विकास कार्यों में सफलता और ज्ञान बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण विकास को भी आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर गिरीश नौटियाल ने बताया कि प्रतिभागियों के साथ स्थाई विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की जायेगी, ताकि ग्रामीण विकास के लिए पंच वर्षीय योजना ग्रामीणों के साथ मिलकर तैयार की जा सकी। उन्होंने पंचायत में कार्यों की जिम्मेदारी एवं अधिकारों का विभिन्न स्तर पर नियोजन में लोगों की भागेदारी, पारदर्शिता, योजनाओं का क्रियान्वयन महिलाओं एवं कमजोर वर्गों के प्रतिनिधीत्व के महत्व पर भी जानकारी दी।

# मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने वाल्मीकि मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने यहां त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान डॉ अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर जय श्रीराम के जयकारे लगाए। स्वच्छता अभियान चलाकर डॉ अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी देशभर में मकर संक्रांति से कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम सभी भारतवासियों के आदर्श हैं। 500 साल के लंबे संघर्षों एवं कई बलिदानों के बाद सत्य सनातन धर्म के प्रभु श्रीराम अयोध्या में बन रहे भव्य दिव्य नव्य मंदिर में 22 जनवरी को विराजमान होंगे। यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा लोगों के हितों और श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि भगवान राम के जीवन की एक-एक घटना और उनका प्रत्येक निर्णय हमें एक आदर्श व्यक्ति बनाने के लिए काफी है। श्रीराम शांति के स्वरूप भी हैं और शक्ति के भी। यह बड़े सौभाग्य की बात है कि हम सभी 22 जनवरी को उस घड़ी के साक्षी होने जा रहे हैं, जब रामलला अपने जन्मस्थान में विराजित होंगे। इस दौरान उन्होंने आमजनमानस को प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद स्वरूप पूजित अक्षत एवं श्रीराम मंदिर का चित्र भी वितरित किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता शाह, महामंत्री नितिन सक्सेना, निवर्तमान पार्षद शिव कुमार गौतम समेत अन्य उपस्थित थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063